भाद्रपद शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:12 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 10 सितंबर 2024

वर्ष 4, अंक 204, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



भारत-यूएई में चार समझौते 14

स्त्री-2 ने तोड़ा गदर-2 का रिकॉर्ड 13

## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी पर टिप्पणी: थरूर की याचिका पर विचार करेगा कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ कांग्रेस सांसद शशि थरूर की याचिका को मंगलवार को सूचीबद्ध करने पर विचार किए जाने पर सहमति व्यक्त की है। दिल्ली हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाकर की गई 'शिवलिंग पर बिच्छू" संबंधी थरूर की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद करने से इनकार कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली शीर्ष अदालत की पीठ ने सोमवार को शाम 6 बजे तक सुनवाई की, जबकि सामान्यत: शाम 4 बजे तक ही सुनवाई की जाती है।

### दिल्ली में पटाखों के उत्पादन-बिक्री पर प्रतिबंध


**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने आगामी सर्दी के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में पटाखों के उत्पादन, बिक्री तथा उपयोग पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिया। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने एक बयान में कहा कि वायु प्रदूषण में मौसमी वृद्धि को कम करने के लिए प्रतिबंध आवश्यक है। प्रदूषण पटाखों के कारण और भी बदतर हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति को देखते हुए पिछले वर्ष की तरह हम सभी प्रकार के पटाखों के उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर 1 जनवरी 2025 तक के लिए पूर्ण प्रतिबंध लगा रहे हैं, ताकि लोगों को प्रदूषण से बचाया जा सके।

### नौशेरा में घुसपैठ नाकाम दो आतंकी मार गिराए

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा के लाम सेक्टर में सेना ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया और दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया। सेना ने कहा कि घुसपैठ की संभावित कोशिश के संबंध में खुफिया एजेंसियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर रविवार-सोमवार की मध्यरात्रि को सामान्य क्षेत्र लाम, नौशेरा में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान दो आतंकवादियों को मार गिराया गया और दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई।

## दिल्ली में इंजीनियर के आवास से 2.39 करोड़ नकद बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- सीबीआई ने 91 हजार रिश्वत लेते किया था गिरफ्तार

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के पर्यावरण मामले के एक वरिष्ठ इंजीनियर के परिसर से 2.39 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की है। इंजीनियर को इसके पहले 91 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था।

अधिकारियों ने बताया कि सीनियर इंजीनियर मोहम्मद आरिफ और रिश्वत देने वाले किशलय शरण सिंह की गिरफ्तारी की औपचारिकताएं चल रही हैं। सीबीआई ने आरिफ, किशलय, उसके पिता और बिचौलिए भगवत शरण सिंह और दो व्यापारियों राम इलेक्ट्रोप्लेटर्स के मालिक राज कुमार चुघ और एमवीएम के गोपाल नाथ कपूरिया के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि आरिफ भ्रष्ट आचरण में लिप्त रहा है और निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों से उनकी कंपनियों के लिए डीपीसीसी से पुनः मंजूरी दिलाने में सहयोग करने की एवज में रिश्वत ले रहा है।

## हिमालय संरक्षण के लिए गठित होगी विशेष कमेटी: मुख्यमंत्री

**ब्यूरो, देहरादून**

- यूकॉस्ट के महानिदेशक दुर्गेश पंत होंगे कमेटी के संयोजक
- हर साल दो सितंबर को बुग्याल संरक्षण दिवस मनाने की घोषणा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि हिमालय संरक्षण के लिए विशेष कमेटी गठित की जाएगी। यूकॉस्ट के महानिदेशक दुर्गेश पंत कमेटी के संयोजक होंगे। मुख्यमंत्री हिमालय दिवस के अवसर पर सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यूकॉस्ट द्वारा आयोजित किए जाने वाले पांचवे राज्य स्तरीय देहरादून अंतरराष्ट्रीय साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन भी किया। यह महोत्सव 06 जनपदों देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ स्थित इंजीनियरिंग कॉलेजों में किया जाएगा।



देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय साइंस एंड टेक्नोलॉजी फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन किया ● अमृत विचार

हिमालय दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मुख्यमंत्री धामी ने हिमालय के संरक्षण और संवर्धन के लिए कार्य कर रहे लोगों का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने राज्य में हर वर्ष दो सितंबर को बुग्याल संरक्षण दिवस मनाए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। देहरादून में भी इस वर्ष तापमान में काफी वृद्धि हुई। अगर तापमान इसी गति से बढ़ता रहा तो आने वाले समय के लिए चिंताजनक है। हमें हिमालय, जल और जंगल के संरक्षण की दिशा में मिलकर प्रयास करने हैं, सोचना होगा कि अपनी आने वाली पीढ़ी को विरासत में क्या देकर जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग की बैठक में भी उन्होंने हिमालय के लिए अलग से योजना बनाए जाने की बात उठाई है। हमने सस्टेनेबल टूरिज्म की बात की है, जिसे लेकर योजनाएं बनाई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमालय के महत्व को हमें नई तरह से समझने की जरूरत है। जल स्रोतों और नदियों के पुनर्जीवीकरण की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए स्प्रिंग एण्ड रिवर रिज्यूवनेशन अथॉरिटी का गठन किया गया है। हेस्को के संस्थापक और पद्मभूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पूरी गंभीरता से हिमालय एवं इसके संरक्षण के लिए कई नई पहल की हैं। नीति आयोग की बैठक में भी मुख्यमंत्री ने संपूर्ण हिमालय की समस्या को गंभीरता से उठाया। हिमालय से जुड़े मुद्दों को राजनीतिक क्षेत्र में भी ले जाना होगा। विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि मध्य हिमालय के लिए विकास का मॉडल बनना जरूरी है। महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो दुर्गेश पंत ने कहा कि नौ सितंबर तक हिमालय सप्ताह के रूप में प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# जीएसटी परिषद की बैठक में कैंसर की दवाओं व नमकीन पर टैक्स घटा

## वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- ऑनलाइन गेमिंग से राजस्व 412 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 54वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर की दवाओं और नमकीन पर जीएसटी दर घटाने का ऐलान किया। वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद ने बैठक के दौरान कई फैसले लिए। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकारी संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट देने का भी फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैंसर की दवाओं पर भी जीएसटी घटाया गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि नमकीन पर जीएसटी दर भी संभावित रूप से कम की गई है। सीतारमण ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का उद्देश्य कैंसर के इलाज की कुल लागत को और कम करना है। जीएसटी परिषद ने चुनिंदा नमकीन पर कर को 18 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने का फैसला किया है।





माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 54वीं बैठक में मौजूद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व अन्य लोग। ● एजेंसी

### जीवन-स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम घटाने पर फैसला टला

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद ने जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर कर की दर कम करने के लिए मंत्री समूह गठित करने का निर्णय किया है। मंत्री समूह (जीओएम) की अगुवाई बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। वह फिलहाल जीएसटी दर को युक्तिसंगत बनाने के मंत्री समूह के भी प्रमुख हैं। सीतारमण ने कहा कि जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर के बारे में विचार के लिए मंत्री समूह में नए सदस्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मंत्री समूह अक्टूबर के अंत तक अपनी रिपोर्ट देगा। बीमा प्रीमियम पर कराधान का मुद्दा संसद में उठ चुका है। विपक्षी सदस्यों ने मांग की थी कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को जीएसटी से मुक्त रखा जाए। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी इस मुद्दे पर सीतारमण को पत्र लिखा था।

सीतारमण के मुताबिक, बीते छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग रेवेन्यू 412 प्रतिशत बढ़कर 6,909 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि दरों को तर्कसंगत बनाने पर जीओएम को स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी। दो स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की गईं, जिसमें एक रियल एस्टेट पर और दूसरी दरों के युक्तिकरण से जुड़ी थी। वित्त मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो की भी स्थिति भी परिषद की बैठक के दौरान पेश की गई। उन्होंने कहा कि कसीनो राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा पर मंत्री समूह अक्टूबर के अंत तक रिपोर्ट पेश करेगा।

## काम की कीमत पर प्रदर्शन नहीं किया जा सकता: कोर्ट

- सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को तत्काल लौटने को कहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु चिकित्सक से बलात्कार और उसकी हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे पश्चिम बंगाल के चिकित्सकों को काम पर तत्काल लौटने का निर्देश देते हुए कहा कि विरोध प्रदर्शन कर्तव्य की कीमत पर नहीं किया जा सकता।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों को मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटने का निर्देश दिया और उन्हें आश्वासन दिया कि अगर वे काम पर लौटते हैं, तो उनके खिलाफ कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं की जाएगी।

**हड़ताल के कारण 23 लोगों की मौत:** पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से कोर्ट में पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि आरजी कर अस्पताल की घटना के खिलाफ चिकित्सकों की हड़ताल के कारण 23 लोगों की मौत हो चुकी है।

## 69 हजार शिक्षक भर्ती की नई चयन सूची तैयार करने पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर सोमवार को रोक लगा दी, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को राज्य में 69,000 सहायक शिक्षकों की नई चयन सूची तैयार करने को कहा गया था। शीर्ष अदालत ने जून 2020 और जनवरी 2022 में जारी शिक्षकों की चयन सूचियों को रद करने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश पर भी रोक लगा दी, जिनमें 6,800 अभ्यर्थी शामिल थे।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने रवि कुमार सक्सेना और 51 अन्य द्वारा दायर याचिका पर राज्य सरकार और उप्र बेसिक शिक्षा बोर्ड के सचिव सहित अन्य को नोटिस भी जारी किए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले में अंतिम सुनवाई करेगी। साथ ही, न्यायालय ने संबंधित पक्षों के वकीलों से कहा कि वे अधिकतम सात पृष्ठों के संक्षिप्त लिखित नोट दाखिल करें। पीठ ने कहा कि वह याचिका पर सुनवाई 23 सितंबर से शुरू होने वाले सप्ताह में तय करेगी। यूपी सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी शीर्ष अदालत में पेश हुईं। हाईकोर्ट ने अगस्त में राज्य सरकार को प्रदेश में 69,000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति के लिए नयी चयन सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट की एक खंडपीठ ने महेंद्र पाल और अन्य द्वारा पिछले साल 13 मार्च को एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाली 90 विशेष अपीलों का निस्तारण करते हुए यह आदेश जारी किया था।



- अब 23 सितंबर को होगी इस मामले में अगली सुनवाई
- सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक, मांगा जवाब

## निकायों के आरक्षण बिल को लेकर विधानसभा की प्रवर समिति का गठन

- शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल समिति के सभापति नियुक्त

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड (उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959) (संशोधन) विधेयक 2024 के तहत निकायों के आरक्षण बिल को लेकर विधानसभा की प्रवर समिति का गठन किया गया है।

विधानसभा ने प्रवर समिति के सदस्यों को नामित करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी को अधिकृत किया था। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने समिति का गठन कर दिया। शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को समिति का सभापति नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विधायक विनोद चमोली, मुन्ना सिंह चौहान, शाहजाद, खजान दास, विधायक ममता राकेश और हरीश सिंह धामी को समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है।

## सूरत: गणेश पंडाल पर पथराव के बाद हिंसा, 34 गिरफ्तार

**सूरत, एजेंसी**

गणेश उत्सव के दौरान कुछ नाबालिगों द्वारा एक पंडाल पर पर पथराव किए जाने के कारण वहां स्थापित गणेश मूर्ति खंडित हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में हिंसा भड़क गई और कुछ पुलिसकर्मी सहित अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात सैयदपुरा में घटी इस घटना के सिलसिले में 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और छह नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है।

सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने कहा कि दो तरफ से पथराव हुआ, जिसमें पुलिसकर्मियों सहित कुछ लोग घायल हो गए।



- आरोपियों के अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

उन्होंने बताया कि लोगों के एक समूह ने क्षेत्र में खड़े दो वाहनों को आग के हवाले कर दिया और दो अन्य में तोड़फोड़ की। इस बीच सूरत नगर निगम ने सोमवार सुबह सैयदपुरा पुलिस स्टेशन के पास आरोपियों के अवैध निर्माणों-अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया।

## कांग्रेसियों का डीएम कार्यालय कूच, तोड़ डाली बैरिकेडिंग

- पुलिस-नेताओं के बीच धक्का मुक्की, फिर सौंपा ज्ञापन
- कई प्रांतीय नेता रहे मौजूद, जमकर निकाली भड़ास

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** प्रदेश की धामी सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों की दहाड़ रैली के बाद डीएम कार्यालय कूच के दौरान पुलिस और कांग्रेस नेताओं में जमकर नोकझोंक हुई। कांग्रेस नेताओं ने बैरिकेडिंग को तोड़ डाला और इस पर चढ़कर सरकार के खिलाफ भड़ास निकाली। उन्होंने सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राज्यपाल को संबोधित डीएम को सौंपा। उन्होंने ऐलान किया कि यदि महिला उत्पीड़न, भ्रष्टाचार बंद नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन होगा।

सोमवार को डीएम कार्यालय मार्ग पर सुबह से ही एक बड़ा पंडाल लगा हुआ था। इसमें धामी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ डीएम कार्यालय कूच व धरना प्रदर्शन का ऐलान किया गया था। सुबह 11 बजे से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, विधायक तिलकराज बेहड़, विधायक आदेश चौहान, विधायक भुवन कापड़ी, विधायक गोपाल सिंह राणा, विधायक सुमित हृदयेश सहित पूर्व विधायक एवं सांसद धरना प्रदर्शन में मौजूद रहे। दिग्गज नेताओं ने संबोधन के दौरान धामी सरकार पर जमकर भड़ास निकाली और दो घंटे के बाद डीएम कार्यालय कूच किया।



रुद्रपुर में महिला उत्पीड़न व भ्रष्टाचार को लेकर प्रदर्शन करते कांग्रेसी ● अमृत विचार

जहां पहले से ही मौजूद भारी पुलिस बल ने डीएम कार्यालय के मुख्य गेट पर बैरिकेडिंग कर दिग्गज नेताओं व कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद कांग्रेसियों का पारा चढ़ गया और प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला, यशपाल आर्य भी बैरिकेडिंग पर चढ़ने लगे। जिसे देख पुलिस और नेताओं के बीच धक्की-मुक्की हुई और कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग को तोड़ना शुरू कर दिया। मौका देख कर ज्योति रौतेला ने बैरिकेडिंग पर चढ़कर छलांग भी लगाने की कोशिश की, लेकिन महिला पुलिसकर्मी ने हाथ पकड़ लिया। पुलिस ने हार मानते हुए मुख्य गेट पर ही राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को प्रेषित करवाया, तब जाकर मामला शांत हुआ।

## देश में मंकीपॉक्स के दो मामले सामने आए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश में बहुचर्चित मंकीपॉक्स से पीड़ित दो रोगियों की पुष्टि हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां देश में मंकीपॉक्स के दो रोगियों की पुष्टि करते हुए बताया कि दो अलग-अलग व्यक्तियों में पश्चिम अफ्रीकी क्लेड-2 के विषाणु की मौजूदगी की पुष्टि है। फिलहाल उन्हें संक्रमण के लिए निर्धारित किए गए अस्पताल में आइसोलेट किया गया है।

मंकीपॉक्स के पहले संदिग्ध मामले की पुष्टि यात्रा के दौरान संबंधित संक्रमण के रूप में की गई है। प्रयोगशाला परीक्षण में रोगी में पश्चिम अफ्रीकी क्लेड-2 के मंकीपॉक्स विषाणु की मौजूदगी की पुष्टि की गई है। मंत्रालय ने कहा है कि सामने आए मामले जुलाई 2022 से भारत में रिपोर्ट किए गए पहले के 30 मामलों के समान हैं और वर्तमान सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का हिस्सा नहीं हैं, जो मंकीपॉक्स के क्लेड-1 से संबंधित है।



- स्वास्थ्य मंत्रालय ने की पुष्टि, पीड़ितों को आइसोलेट किया गया

परंपरा

मेघालय में अपनी पुरुष ससुराल में रहकर संभालते हैं घर-गृहस्थी, महिलाएं कामकाज के लिए जाती हैं बाहर

## यहां शादी के बाद दुल्हन नहीं, दूल्हे की विदाई, दहेज का सवाल नहीं

**शैलेश अवस्थी, शिलांग**

- बच्चों के नाम पर मां का सरनेम, संपत्ति पर अधिकार भी लड़कियों का, बराबरी का दर्जा

**अमत विचार:** महिलाओं का धमक, ठसक और जलवा देखना हो तो मेघालय आइए और सीखिए कैसे होता है नारी सशक्तिकरण। यहां दुल्हन नहीं, दूल्हा विदा होकर अपनी ससुराल जाता है और वहीं रहकर घर-गृहस्थी संभालता है।

मेघालय की खासी जनजाति में महिलाओं का वर्चस्व है। अब तो यहां की गारो और जयंतिया समुदाय ने भी यही रीति अपना ली है यानी महिलाओं को बराबरी का दर्जा। शादी में दहेज का सवाल ही नहीं है। यहां कोई इस शब्द को भी नहीं जानता। लड़की को अपना जीवनसाथी चुनने की पूरी आजादी है। लड़का और लड़की सगाई के पहले एक-दूसरे से मिलते हैं और सब अच्छी तरह से जानकारी कर लेते हैं। इसके बाद दोनों के परिवार मिलते हैं और फिर सहमति के बाद शादी तय हो जाती है। हां, एक ही गोत्र में तो शादी बिल्कुल नहीं हो सकती। दुल्हन के गहने और परंपरागत पोशाक लड़के वालों को ही भेंट करनी होती है। दुल्हन की पोशाक को धारा और दूल्हे की पोशाक को दिग्फिग कहते हैं।

लड़की और लड़का सगाई के दौरान एक-दूसरे को अंगूठी और सुपारी की थैली भेंट करते हैं। रस्म पूरी होने के बाद दूल्हे का परिवार उसे भारी मन से दुल्हन के घर के लिए विदा करता है। दूल्हा विदा होकर दुल्हन के घर यानी अपनी ससुराल आ जाता है। फिर आजीवन यहीं रहता है। हां, अपने सास-ससुर की अनुमति से अपने घर (मायके) आ-जा सकता है। यहां ज्यादातर महिलाएं नौकरी, खेती या व्यापार के लिए बाहर निकलती हैं। ससुराल में बसना यहां कोई शर्म की बात नहीं मानी जाती है।



### संपत्ति पर अधिकार बेटियों का ही

यहां वंश पिता नहीं, मां के नाम पर चलता है। बच्चों का सरनेम मां से जुड़ा होता है। चल-अचल संपत्ति पर सबसे छोटी बेटी का ही अधिकार ज्यादा होता है। वैसे मां सहमति से बड़ी बेटियों को भी हिस्सा दे सकती है। बहन चाहे तो भाई को भी अपनी मर्जी पर संपत्ति से हिस्सा दे सकती है। बड़ी बेटी विदा होकर पति के घर जा सकती है, लेकिन फिर उसकी पूरी जिम्मेदारी पति की होगी। इन सबके बीच वर्चस्व महिलाओं का ही होता है। कई बार देखा जाता है कि महिलाएं एक से अधिक शादी भी कर लेती हैं। तलाक में भी उनकी ही मर्जी चलती है।

### नारी सशक्तिकरण का अद्भुत उदाहरण

मेघालय के बाजारों, खेतों, सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में जाकर देखा तो वहां भी महिलाओं की संख्या ज्यादा दिखी। वे कामकाज में पारंगत और बेहद मजबूत हैं। स्कूल-कॉलेज जाती हैं और अपने पैरों पर खड़ी होती हैं। हर वो काम कर लेती हैं, जिसमें पुरुष अपना वर्चस्व समझते हैं। यहां की सरकार भी उन्हें बहुत प्राथमिकता देती है। यहां महिलाओं की हैसियत देख सवाल उभरता है कि ऐसा पूरे देश में क्यूं नहीं हो सकता?

## सार-संक्षेप

### सड़क में फैली रोड़ी को हटाने की मांग

**भीमताल :** भीमताल-भवाली मोटर मार्ग में कई स्थानों पर रोड़ी फैली हुई है। मोड़ों में फैली रोड़ी के कारण कई दोपहिया वाहन चालक इसकी चपेट में आने से चोटिल हो गये हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोड़ी के कारण खतरा बना हुआ है। भाजपा कार्यकर्ता अखिलेश सेमवाल ने लोक निर्माण विभाग और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से इस रोड़ी को हटाने की मांग की है।

### आज मनाई जाएगी गोविंद बल्लभ पंत की जयंती

**भीमताल :** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का जन्म दिवस नौकुचियाताल में धूमधाम से मनाया जाएगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष के संयुक्त प्रयासों से वरिष्ठ नागरिकों, सेवानिवृत्ति सैनिकों, मातृ शक्ति का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के दौरान आयोजित बैठक में अध्यक्ष दुर्गा दत्त पलडिया, कार्तिक कर्नाटक, विनोद कर्नाटक, भवन भट्ट, संजय मेहरा, रविंद्र कर्नाटक, मंजू पलडिया आदि उपस्थित थे।



नैनीताल में अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपती महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिला हिंसा के विरोध में राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**नैनीताल :** देश में लगातार बढ़ रहे महिला अपराधों पर लगाम लगाने और सख्त कानून बनाने की मांग को लेकर ऑल इंडिया वीमेंस कॉन्फ्रेंस ने एडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय में लगातार महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाएं बड़ी हैं। जिससे महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। महिलाओं ने नैनीताल में चलाए गये हस्ताक्षर अभियान की प्रति भी राष्ट्रपति को भेजी है। जिसमें करीब 7 हजार से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर कर महिला अपराध पर नियंत्रण लगाने की मांग की है। इस दौरान अध्यक्ष मुन्नी तिवारी, रेखा त्रिवेदी, तारा बोरा, प्रीति शर्मा, मंजू कोटलिया, गजाला कमाल आदि मौजूद रहीं।

### धारी में पोषण माह अभियान के तहत लगाए स्टॉल

**भीमताल :** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत धारी ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोषण संबंधित स्टॉल लगाए गए। बाल विकास परियोजना अधिकारी नीता दीक्षित ने बालिकाओं व महिलाओं को संतुलित आहार के फायदे बताए गए। जंक फूड से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक कर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम प्रधान सरोज ने महिलाओं को सशक्त बनने व 1098,181 हेल्पलाइन नंबर व गौरा एप की जानकारी भी दी। घरेलू हिंसा व बेटियों को स्वयं सशक्त बनने को कहा। कार्यक्रम में गोद भराई और अन्न पाषण की रश्म भी की गई। इस दौरान शिक्षिका कलावती बिष्ट, शारदा आर्या, चम्पा, सोभा, सावित्री आदि रहे।



श्री देवगुरु नागरिक पुस्तकालय पोखरी में पुरस्कारों के साथ बच्चे। ● अमृत विचार

### छात्रों को स्टेशनरी देकर किया पुरस्कृत

**भीमताल :** श्री देवगुरु नागरिक पुस्तकालय, पोखरी शिवनगरम् के पाठक छात्रों को जुलाई में सुलेख, अगस्त में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने तथा प्रतिदिन पुस्तकालय का सदुपयोग करने के लिए स्टेशनरी देकर पुरस्कृत किया गया। सड़क किनारे एवं जलस्रोतों के आस-पास पौधे लगाने वाले छात्रों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण करने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। पुस्तकालय प्रभारी डॉ. हेमन्त कुमार जोशी ने बताया कि पुरस्कार से और अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। हमें युवा पीढ़ी को नशे आदि व्यसनों से दूर करने के लिए युवा पीढ़ी को अभिप्रेरित करते रहना है। इसी से राष्ट्र का विकास सम्भव है। पुरस्कृत छात्रों में सन्दीप, हर्षित, सुनील, श्वेता, गौरव, पंकज पोखरिया आदि रहे।



कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते विधायक कैड़ा। ● अमृत विचार

### 12 सितंबर तक पतलोट डिग्री कॉलेज में नियुक्त होंगे शिक्षक

**हल्द्वानी :** भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने सोमवार को कैंप कार्यालय में पतलोट डिग्री कॉलेज की समस्याओं को लेकर संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि पतलोट डिग्री कॉलेज के भवन निर्माण को शासन ने चार करोड़ स्वीकृत किए थे। बार-बार कहने के बाद भी ठेकेदार ने समय से काम पूरा नहीं किया है। निर्माण सामग्री भी गुणवत्तापूर्ण नहीं रही। धारी एसडीएम को भी डिग्री कॉलेज के भवन निर्माण के निरीक्षण में खामियां मिली थीं। भवन में दरारें पड़ीं थी और निर्माण सामग्री भी घटिया थी। वहीं विद्यार्थी नए भवन में डिग्री कॉलेज शिफ्ट करने की मांग कर रहे हैं। कैड़ा ने कहा कि डिग्री कॉलेज में हिन्दी व अंग्रेजी के शिक्षक नहीं होना भी दिक्कत है। उन्होंने उच्च शिक्षा के उपनिदेशक को रिक्त पदों पर नियुक्ति, ठेकादार से डिग्री कॉलेज के भवन निर्माण में गुणवत्ता बनाने के निर्देश दिए। इस पर शिक्षा विभाग ने 12 सितंबर तक शिक्षकों की नियुक्ति का लिखित आश्वासन दिया। साथ ही कार्यदायी संस्था ने भी भवन निर्माण की खामियां दूर कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान रघुवीर मटियाली, शिव सिंह, भगवान राम, केडी भट्ट, ललित भट्ट, चूड़ामणि भट्ट, गोपाल बिष्ट, मयंक कुड़ाई, त्रिलोचन पनेरु मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधान को मिली जान से मारने की धमकी



पूर्व प्रधान कमरुद्दीन।

**रामनगर :** अज्ञात व्यक्ति ने ग्राम गौजानी के पूर्व प्रधान कमरुद्दीन को पत्र भेजकर छह लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। साथ ही जान से मारने की भी धमकी दी है। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने तफ्तीश शुरू कर दी है। गांव के ही रहने वाले आफताब को बीते शनिवार की सुबह अपनी दुकान में एक पत्र टंगा मिला। पत्र के लिफाफे में कमरुद्दीन का नाम लिखा था। जिसे आफताब ने उन तक पहुंचा दिया। लिफाफा खोलने पर कमरुद्दीन के होश उड़ गये। पत्र में किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनसे छह लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। साथ ही पुलिस या किसी और को बताने पर 20 लाख रुपये देने की चेतावनी दी। लिखा कि पिछली बार तुम्हे पड़ोसियों ने बचा लिया था, इस बार कोई नहीं बचा पाएगा। पैसे नहीं मिलने पर कमरुद्दीन व उनके परिवार को गोली मारने की धमकी दी गई। जिसके बाद कमरुद्दीन क्षेत्र के लोगों के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। इधर, कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पत्र को आफताब की दुकान तक पहुंचाने वाले की तलाश शुरू कर दी गई है। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। कोतवाल से मिलने वालों में चोरपानी के ग्राम प्रधान कृपाल दास जोशी, आनंद प्रकाश, जगत पाल सिंह, मुकेश सत्यवती, अफताब हुसैन, नीरज सती, ताहिर हुसैन मौजूद रहे।

# नैनीताल पहुंचा कदली वृक्ष, जयकारों से हुआ स्वागत

## नगर भ्रमण के बाद नयना देवी मंदिर परिसर में हुआ वृक्षों का अभिषेक, आज से शुरू होगा मां नंदा-सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में मां नंदा-सुनंदा महोत्सव का आगाज हो गया है। सोमवार को मां की मूर्ति निर्माण के लिए मंगोली के रोखड़ गांव से कदली वृक्ष नैनीताल पहुंच गये। हजारों की संख्या में भक्तों ने मां के जयकारे लगाते हुए कदली वृक्ष का स्वागत किया। नगर भ्रमण के बाद मां नयना देवी मंदिर परिसर में कदली वृक्षों का अभिषेक किया गया। मंगलवार (आज) को इन वृक्षों से मां नंदा-सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण किया जायेगा। अष्टमी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में मां नंदा-सुनंदा की प्रतिमाओं को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिये खोल दिया जाएगा।

मां नंदा-सुनंदा की मूर्ति निर्माण के लिए रविवार को रामसेवक सभा से एक दल रोखड़ गांव गया था, जो सोमवार को कदली वृक्ष लेकर नैनीताल पहुंचा। रामसेवक सभा की ओर से कदली वृक्ष को सूखाताल और चीन बाबा क्षेत्र में लाया गया। जहां कदली वृक्ष की पूजा-अर्चना हुई। जिसके बाद कदली को वैष्णो देवी मंदिर तल्लीताल लाया गया। जहां से स्थानीय महिलाएं, स्कूली बच्चों समेत तमाम लोग शोभा यात्रा के रूप में मल्लीताल बाजार से मालरोड होते हुए रामसेवक सभा पहुंचे। देर सांय कदली वृक्ष को मां नैना देवी मंदिर लाया गया, जहां वृक्ष का अभिषेक किया गया। इसके बाद दोनों वृक्षों को मूर्ति निर्माण के लिए मंदिर प्रांगण में रख दिया गया है।

शोभायात्रा के दौरान सीआरएसटी इंटर कॉलेज, नगर पालिका इंटर कॉलेज, बालिका इंटर कॉलेज, सेंट जॉन्स, नैनी पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, बीएसएसवी, आरएसएसबी, ऊमा लवली, जीजीआईसी, सेंट स्टीफेंस के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न झांकियां निकाली। इस दौरान रामसेवक सभा के अध्यक्ष मनोज शाह, महासचिव जगदीश बावड़ी, मुकेश जोशी, बॉब बजेठा, गिरीश जोशी, भुवन बिष्ट, गोधन सिंह, प्रो. ललित तिवारी, मीनाक्षी कीर्ति, नवीन पांडे, अशोक साह, राजेंद्र बिष्ट, विमल साह, विमल चौधरी, कैलाश जोशी, भीम सिंह कार्की, कमलेश ढौंडियाल, ज्योति ढौंडियाल, विक्रम साह, गोधन सिंह, जीवंती भट्ट, प्रेमा अधिकारी, दया बिष्ट, मनोज जोशी, गोपाल रावत, मारुति साह, ईशा साह समेत कई मौजूद रहे।



मंगोली के रोखड़ गांव से लाये गये कदली वृक्ष को मां नयना देवी मंदिर लेकर जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### बारिश भी नहीं डिगा सकी भक्तों की आस्था

**नैनीताल :** कदली वृक्ष के स्वागत के दौरान नैनीताल में देर शाम झमाझम बारिश हुई। बारिश के बावजूद भी भक्तों का जोश काम नहीं हुआ। भक्त कदली वृक्ष को कंधों पर लेकर मालरोड, बड़ा बाजार होते हुए मंदिर परिसर तक लेकर पहुंचे।

### 30 सीसीटीवी कैमरों से रखी जाएगी नजर

**नैनीताल, अमृत विचार :** मां नंदा देवी मेला परिक्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन ने 30 सीसीटीवी कैमरे लगाये हैं। मेले में घूमने वाले अराजक तत्वों पर पुलिस मेला कंट्रोल रूम से ही नजर रहेगी। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क है। मेला परिक्षेत्र में नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों से क्षेत्र को लैस कर दिया गया है। गेट, गली, झूला क्षेत्र में हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। जिसकी स्क्रीन मेला कंट्रोल रूम में लगा दी गई है। एसपी अपराध व यातायात हरबंस सिंह ने बताया कि मेले में नजर रखने के लिए 30 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

### मंडलायुक्त ने की कदली वृक्ष की पूजा-अर्चना



कदली वृक्ष की पूजा-अर्चना करते दीपक रावत।

**नैनीताल :** मंडलायुक्त व सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने नैना देवी मंदिर पहुंचकर कदली वृक्ष की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस दौरान रावत ने कहा कि मेले की व्यवस्था साल दर साल बेहतर हो रही है। नंदा महोत्सव पर नैनीताल नगर का माहौल अद्भुत और दर्शनीय होता है। इसको मानसखंड से भी जोड़ा गया है। नगर को बेहतर बनाने के लिए कई विकास कार्य किए जाने हैं। जिसके अंतर्गत पार्किंग व्यवस्था, ड्रेनेज, कूड़ा निस्तारण पर भी बेहतर कार्य किया जाना है। जिला प्रशासन अपने स्तर से कार्य कर रहा है।

### हल्द्वानी में नंदा-सुनंदा महोत्सव का हुआ आगाज



प्रतिमा निर्माण के लिए कदली वृक्ष लाते भक्त।

**हल्द्वानी :** शहर में कदली वृक्ष यात्रा के साथ नंदा-सुनंदा महोत्सव का आगाज हो गया। काठगोदाम से आवास विकास तक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मां नंदा-सुनंदा दिव्य ज्योति महोत्सव का श्रीगणेश करते हुए सोमवार को प्रतिमाओं के निर्माण के लिए दमुवाढूंगा के बच्ची सिंह बोरा के यहां से कदली वृक्ष लाया गया। कदली यात्रा का शुभारंभ देवी स्थल आवास विकास कॉलोनी से सैकड़ों वाहनों के साथ हुआ। यात्रा देवी स्थल से काठगोदाम, लालडांठ, ऊंचापुल, चौपुला होते हुए दमुवाढूंगा, पनचक्की चौराहा, दो नहरिया, पानी की टंकी, दुर्गा सिटी, डिग्री कॉलेज, सुभाष नगर होते हुए देवी स्थल आवास विकास कॉलोनी पहुंची। यहां से कदली वृक्षों को विधि-विधान से कुशल मूर्तिकारों को सौंपा गया। इस दौरान राजेन्द्र बिष्ट, महेंद्र अधिकारी, सचिन शाह, गोपाल भट्ट, ललित मेहरा सहित कई भक्त मौजूद रहे।

# 'पार्क' नाटक का शानदार मंचन किया

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल के ऑल सेंट्स कॉलेज में मंगगलवार को गाजियाबाद की थिएटर कंपनी प्रथम पथ द्वारा मानव कॉल द्वारा लिखित और सुधीर राणा द्वारा निर्देशित नाटक पार्क का मंचन किया गया।

यह हास्य व्यंग नाटक दर्शकों को हंसाने के साथ सटीकता से विस्थापन, हानि और मानवीय संबंधों की नाजुकता के साथ साथ आज के युग में परिजनों द्वारा बच्चों पर डाले जाने वाले दबाव जैसे जटिल मुद्दों की पड़ताल करता है और सभी दर्शकों के मन में कई मार्मिक प्रश्नों को जागृत करता है। नाटक में एक व्यस्त शहर के पार्क में, तीन पुरुष अचानक एक-दूसरे से मिलते हैं और जल्द ही खुद को साधारण-सी बेंचो के लिए एक मजेदार लेकिन गंभीर बहस में उलझ जाते हैं। हर व्यक्ति मानता है कि उसे 'परफेक्ट' बैच की सबसे ज्यादा जरूरत है-एक को शांति चाहिए, दूसरे को अकेलापन और तीसरा अपने अतीत से बचने की कोशिश कर रहा है। शुरू में हल्की फुल्की बातचीत होती है, वह जल्द ही एक गहरी और भावनात्मक बहस में बदल जाती है। बेचों पर उनकी ये छोटी लड़ाई हमारे जीवन की जटिलताओं का एक गहरा प्रतीक बन जाती है और यह दिखाती है कि हम सभी के अंदर कितनी भावनात्मक लड़ाइयां चलती रहती हैं। नाटक में अर्जुन नंदा, आदित्य श्रीवास्तव, निधि, योगेश पाल और मनीष चौहान रहे। प्रकाश व्यवस्था में मनवत्स, सेट डिजाइन में योगेश पाल, संगीत में मध्या जैन, परिधान डिजाइन में नव्या जैन ने कार्य किया। इस दौरान प्रधानाचार्या किरन जरमाया, सेंट जोसेफ के प्रधानाचार्य ब्रदर जेरोम, विनय साह, भुवन त्रिपाठी, अजय टॉगर, राखी साह, जहूर आलम, आशा शर्मा एवं अन्य कला प्रेमी मौजूद रहे। संचालन हेड गर्ल जिजीविषा शर्मा ने किया।



नैनीताल के ऑल सेंट्स कॉलेज में मंचित नाटक पार्क का एक दृश्य।

# पर्यटकों और स्थानीय लोगों में हुई मारपीट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मल्लीताल क्षेत्र में देर रात दो गुट आपस में भीड़ गए। पुलिस ने दोनों गुटों के 9 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

प्रयागराज से चार पर्यटक नैनीताल घूमने पहुंचे थे। वह रात करीब 10 बजे मल्लीताल गाड़ी पड़ाव क्षेत्र में टहल रहे थे। तभी उनके ऊपर किसी युवक ने शराब की बोतल फेंक दी। जिस पर उनका आपस में विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दोनों गुटों में मारपीट हो गई। पुलिस युवकों को पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि सार्वजनिक स्थान में मारपीट करने पर सात नंबर नैनीताल निवासी गौरव जोशी, योगेश त्रिपाठी, संजय बिष्ट, सुंदर सिंह राठौर व प्रयागराज निवासी सत्यम, आदित्य कुमार, सूरज, नीरज त्रिपाठी व नयन के खिलाफ पुलिस एक्ट में कार्रवाई की गई है।

# हाईकोर्ट ने नैनीताल दुग्ध संघ की निविदा प्रक्रिया पर लगाई रोक

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं में इस वर्ष विभिन्न मदों के लिए जारी निविदाओं में की गई घोर अनियमितताओं के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान हाईकोर्ट के पूर्व के निर्देशों के क्रम में राज्य सरकार ने वर्ष 2023 में मंडलायुक्त की जांच रिपोर्ट पेश की। साथ ही बताया कि तत्कालीन महाप्रबंधक निर्भय नारायण के खिलाफ चार्जशीट पेश कर दी गई है।

इस पर सुनवाई में कोर्ट ने कहा कि यदि पूर्व की भांति इस बार भी निविदाओं में वही प्रक्रिया अपनाई है तो दूध की गुणवत्ता, मैन पावर के निविदा की प्रक्रिया को आगे न बढ़ाया जाए। कोर्ट ने इस पर रोक लगाते हुए सरकार से चार सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है। सोमवार को मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ में हुई। पूर्व मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने राज्य सरकार से यह बताने को कहा था कि वर्ष 2023 में निविदाओं को लेकर मंडलायुक्त ने जांच कर रिपोर्ट शासन को भेजी उस पर सरकार की ओर से लिए एक्शन के बारे में बताया जाए। सोमवार को सरकार ने एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश की। मामले के अनुसार निविदाकर्ता देव भूमि ट्रेडर्स ने याचिका दायर कर कहा कि नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लालकुआं ने अन्य वर्षों की भांति दही मटका, स्टेशनरी, मैन पावर, एल्युमिनियम केन समेत अन्य जरूरी समानों की सप्लाई के लिए निविदाएं आमंत्रित की, लेकिन इनमें नियमावली का पालन नहीं किया गया। इनका ई-निविदा होना जरूरी था लेकिन नहीं हुआ और चहेतों को ठेका दे दिया गया।

# किसी भी उम्मीदवार ने नहीं लिया नाम वापस

विधि संवाददाता, नैनीताल

**▸▸ नामांकन पत्रों की हुई जांच, सभी 32 मिले वैध, कई पदों पर निर्विरोध निर्वाचन भी लगभग तय**

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी 32 नामाकंन पत्र वैध पाए गए तथा किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नहीं लिया है।

अध्यक्ष पद के लिए दुर्गा सिंह मेहता एवं विजय भट्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रेम कौशल एवं रजत मित्तल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (सामान्य) पद पर आनन्द सिंह मेर, गौरव कांडपाल, कनिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला) पद पर मधु नेगी सामन्त, नीलिमा मिश्रा एवं रीता सक्सेना, सचिव पद पर शक्ति सिंह एवं वीरेन्द्र सिंह रावत, उपसचिव प्रशासन पर बिलाल अहमद एवं कुन्दन सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर मोहित कुमार एवं संजय कुमार, लाइब्रेरियन पद के लिए हिमांशु राठौर व प्रभाकर नारायण, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य के चार पदों पर तेजस अग्रवाल, आयुष गौड़, महबूब राही, ध्रुव चन्द्र, प्रेम प्रकाश भट्ट, ममता आर्या एवं कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य (महिला) के एक पद पर उन्नति पंत, सुखबानी सिंह व स्वलेहा हुसैन (सना) के बीच सीधा मुकाबला है। उपसचिव प्रेस पद के लिए राहुल अधिकारी, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य (सामान्य) के पांच पदों पर भुवनेश जोशी, मनोज शर्मा, सौरभ पांडे, शिवांगी गंगवार एवं विश्व प्रकाश बहुगुणा, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य महिला के एक पद पर सोनिका खुल्बे का निर्विरोध निर्वाचन होना लगभग तय है। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान मुख्य चुनाव अधिकारी वीरेन्द्र सिंह अधिकारी, अंजलि भार्गव, राजेश शर्मा, गंगा सिंह नेगी, राजेश जोशी, प्रमोद बेलवाल, राजकुमार सिंह, नरेन्द्र बाली, गोपाल वर्मा, विनोद तिवारी, विशाल सिंह मेहरा मौजूद रहे।

### हिमालय दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**भीमताल, अमृत विचार :** हिमालय दिवस पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडौऩ में भाषण, निबंध और कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाषण में ज्योति कक्षा 9, गिरीश कक्षा 10, सुंदर कक्षा 7 और निबंध में पंकज कक्षा 10, खीमा कक्षा 6, डंपी कक्षा 7 और कला में दीपक कक्षा 10, मोहित कक्षा 9, हिमांशु कक्षा 8 क्रमश: प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। इससे पूर्व विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र सिंह बसेड़ा ने सभी को हिमालय बचाओ शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमारा अस्तित्व हिमालय से जुड़ा है। हिमालय का हमारे जीवन में खास महत्व है। जिसकी सुरक्षा आगामी पीढ़ी के लिए जरूरी है। इस अवसर पर शिक्षिका मिथिलेश, प्रियंका, कमल कुमार, रघुबर सिंह चुलगाई आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### निकाय चुनाव को 164 मतदान केंद्र व 385 स्थल बनाए

**भीमताल :** शासन स्तर पर वर्तमान में अभी चुनाव की तिथि को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया है। लेकिन विभाग ने अपनी तैयारी प्रारंभ कर ली हैं। भीमताल पंचस्थानी कार्यालय के द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार नैनीताल जनपद में 164 मतदान केंद्र और 385 मतदान स्थल बनाए गए हैं। पंचस्थानी कार्यालय के वरिष्ठ सहायक कैलाश सिंह ने बताया कि नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम में मतदान केंद्र 90, मतदान स्थल 278, नगर पालिका नैनीताल मतदान केंद्र 20, मतदान स्थल 32, नगर पालिका रामनगर मतदान केंद्र 20, मतदान स्थल 40, नगर पालिका भवाली मतदान केंद्र 7, मतदान स्थल 7, नगर पालिका भीमताल मतदान केंद्र 8, मतदान स्थल 10, नगर पालिका कालाढूंगी मतदान केंद्र 6, मतदान स्थल 10, लालकुआं नगर पंचायत मतदान केंद्र 7 और मतदान स्थल 8 हैं।



**आज का मौसम**
आंधी-तूफान और गरज के साथ बारिश की संभावना
34.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54 | सूर्यास्त 18.23

**एक नजर**

### बारिश से पेयजल लाइनें हुई क्षतिग्रस्त

**हल्द्वानी :** बारिश के दौरान हुए भूस्खलन से रविवार को ओखलढूंगा में जल संस्थान की 402 मीटर पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। कोटाबाग के ओखलढूंगा में 32 मिमी व्यास की 300 मीटर, बोहराकोट जामनी में 25 मिमी की 60 मीटर और परेवा में 40 मिमी व्यास की 42 मीटर सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे सोमवार को ग्रामीणों को पेयजल नहीं मिल पाया। जिस कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई लोगों को अपने खर्च से टैंकर मंगवाने पड़े। इधर, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रविशंकर लोशाली ने बताया कि क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों को ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है। जल्द से जल्द ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# स्कूल में पांच साल की छात्रा का यौन शोषण

## गुस्साए युवकों ने कोतवाली में किया जमकर हंगामा, स्कूल के ही एक शिक्षक पर लगाए गंभीर आरोप

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ऐसा कोई दिन नहीं गुजर रहा, जब महिलाओं के साथ अपराध होने की खबर सामने न आ रही हो। सोमवार को ऐसा ही एक बड़ा मामला सामने आया। हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र में पांच साल की छात्रा से स्कूल में ही दुष्कर्म किया गया। दुष्कर्म करने वाला स्कूल का ही शिक्षक है। मामला खुला तो कोतवाली में जमकर हंगामा हुआ। कुछ युवक कोतवाली पहुंच गए और आरोपी को उनके सामने लाने की जिद पर अड़ गए।

जानकारी के मुताबिक छात्रा परिवार के साथ भोटिया पड़ाव चौकी क्षेत्र में रहती है। छात्रा की मां घरों में काम कर परिवार का पेट पालती है। बताया जाता है कि छात्रा की मां जब एक घर में काम करने गई तो मालकिन को बेटी के साथ हो रही हैवानियत के बारे में बताया। मालकिन के जरिये यह बात कुछ युवकों तक पहुंची। जिसके बाद सोमवार को युवक, छात्रा व उसकी मां को लेकर कोतवाली पहुंच गए। आरोप लगाया कि छात्रा के साथ उसी के स्कूल में यौन शोषण किया गया और वह भी लगातार एक हफ्ते तक। यह आरोप स्कूल में ही पढ़ाने वाले शिक्षक पर है।

बताया जाता है कि आरोपी का पिता भी इसी स्कूल में पढ़ाता है। गंभीर आरोपों के बाद हरकत में आई पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। इसकी जानकारी कोतवाली पहुंचे युवकों को मिली तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। वह मांग रहे थे कि आरोपी को उनके सामने लाया जाए, लेकिन जब पुलिस ने ऐसा करने से इंकार कर दिया तो युवक कोतवाल उमेश कुमार मलिक से उलझ गए। बाद में किसी तरह युवकों को समझा बुझा कर शांत कराया गया। सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस ने अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है। छात्रा की मेडिकल जांच कराई जाएगी, जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


यौन शोषण के आरोपी को सामने लाने की मांग को लेकर कोतवाल से उलझते युवा। ● अमृत विचार

**सामने आई ऑडियो रिकॉर्डिंग**

मामले में एक और बड़ी बात सामने आई है। आरोप है कि छात्रा की मां ने कुछ दिन पहले यह मामला क्षेत्र की प्रभावशाली महिला के सामने रखा था। पीड़िता की मां चाहती थी कि वह इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने में उनकी मदद करे। महिला ने भरोसा तो दिया, लेकिन मदद नहीं की। उल्टा मामले को कई दिन तक दबाए रखा। इस मामले में एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी सामने आई है। जिसमें घटना से संबंधित बातें हैं। पुलिस अब इसी रिकॉर्डिंग के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है।

**डर की वजह से नहीं बोल रही छात्रा**

**हल्द्वानी :** मामले की गंभीरता को देखते हुए सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मी और सीडब्ल्यूसी की महिला अधिकारियों के सामने छात्रा को लाया गया। अधिकारियों ने बच्ची से घटना के बारे में पूछताछ की, लेकिन छात्रा इतनी डरी हुई है कि वह कुछ बोल नहीं पाई। बताया जा रहा है कि पुलिस से पहले छात्रा ने किसी परिचित को बताया कि आरोपी शिक्षक उसकी क्लास में लंच टाइम में आता था। उसे सुलाता था और जब वह उठती थी तो उसके कपड़े अस्त-व्यस्त होते थे। छात्रा से एक बार नहीं कई बार अश्लील हरकत और छेड़छाड़ करने की बात सामने आई है।

# मलिक की जमानत पर सरकार से मांगा जवाब

विधि संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने बनभूलपुरा हिंसा के मुख्य साजिशकर्ता अब्दुल मलिक की जमानत अर्जी पर सुनवाई की। खंडपीठ ने इस मामले में राज्य सरकार से दो सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

सोमवार को मामले की सुनवाई वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ में हुई। सुनवाई में अब्दुल मलिक के अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने दिए जमानत प्रार्थन पत्र में कहा कि जिस दिन यह घटना हुई मलिक हल्द्वानी में नहीं थे, वह दिल्ली में थे। उन्हें बेवजह फंसाकर उन पर दंगा भड़काने और दंगाइयों का साथ देने का मुकदमा दर्ज कर दिया गया। जब अपराध किया ही नहीं तो झूठा मुकदमा किस आधार पर दर्ज किया गया इसलिए उन्हें जमानत दी जाए। बताया कि एकलपीठ ने जमानत प्रार्थन पत्र यह कहकर खारिज कर दिया था कि इससे संबंधित जमानत याचिकाओं की सुनवाई खंडपीठ कर रही है, इसलिए खंडपीठ में जाएं। मामले में राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि आरोपी पर यूएपीए जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं, एनआईए एक्ट के तहत सेशन कोर्ट को विशेष कोर्ट का अधिकार प्राप्त हैं। सेशन कोर्ट के आदेश के खिलाफ ही हाईकोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी जा सकती है। इसका विरोध करते हुए आरोपी की ओर से कहा गया कि सेशन कोर्ट स्पेशल कोर्ट नहीं है, इसलिए एकलपीठ जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई कर सकती है। कहा गया कि मामले में रेगुलर पुलिस जांच कर रही है और उन मामलों में खंडपीठ सुनवाई कर सकती है। इसमें एनआईए ने न तो जांच की और न ही उस पर स्पेशल कोर्ट ने निर्णय दिया है। मामले के अनुसार 8 फरवरी 2024 को बनभूपुरा हिंसा में अतिक्रमण हटाने गई प्रशासन व पुलिस टीम पर अतिक्रमणकारियों ने पथराव, आगजनी व गोलीबारी की थी। इस हिंसा में 100 से अधिक लोग घायल हुए। पुलिस ने जांच के बाद 100 से अधिक दंगाइयों को गिरफ्तार किया, जिसमें से एक आरोपी यह भी है।

# भवन कर में 15 के बजाय पांच प्रतिशत की वृद्धि करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम में कर वृद्धि के खिलाफ आपत्तियों पर सुनवाई हुई। इसमें अधिकांश आपत्तियां मौके पर निस्तारित की गईं। इन आपत्तियों पर अगली एवं अंतिम सुनवाई 13 सितंबर को होगी।

मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में कर वृद्धि की आपत्तियों पर सुनवाई की। इस दौरान पूर्व पार्षद सीएम पांडेय ने कहा कि नगर पालिका अधिनियम 1940 खंड ख के अनुरूप आवासीय भवनों का सकल वार्षिक किराया नगर पालिका की आय में युक्ति मुक्त होगा, इस आधार पर भवन कर बढ़ने के बजाय घटना चाहिए। होटल एसोसिएशन ने कहा कि नैनीताल की अपेक्षाकृत पर्यटक कम आते हैं। यहां कमरों का किराया भी बहुत कम है, इसलिए भवन कर में 5 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि नहीं की जाए। बताया कि होटल स्वामियों को फीस जमा होने के बाद भी ट्रेड लाइसेंस जारी नहीं हो रहा है। इस पर एमएनए मिश्रा ने कहा कि प्राथमिक तौर पर हस्त लिखित सर्टिफिकेट देंगे, जब ऑनलाइन पोर्टल सही हो जाएगा तो उन्हें ऑनलाइन सर्टिफिकेट मुहैया कराएंगे। इस बाबत जल्द ही एक हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नियमानुसार चार वर्ष में एक बार भवन कर में वृद्धि होती है, सभी नियमों का पालन करते हुए वृद्धि की गई है। भवन कर वृद्धि में दूसरी व अंतिम सुनवाई 13 सितंबर को होगी। जिस किसी को भी आपत्ति हो शिकायत दर्ज करा सकता है।


नगर निगम कार्यालय में आपत्तियों की सुनवाई करते नगर आयुक्त विशाल मिश्रा।

# 104 लैब टैक्नीशियनों को जल्द मिलेगी तैनाती

**देहरादून/हल्द्वानी :** राज्य के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों को 104 लैब टैक्नीशियन मिले हैं। उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम जारी कर दिया है। बोर्ड ने वर्ष 2021-22 में टैक्नीशियन संवर्ग के तहत 306 पदों पर टैक्नीशियनों की भर्ती निकाली थी। जिसमें से वर्ष 2023 में 202 पदों पर टैक्नीशियनों का चयन कर दिया गया था।

बोर्ड ने चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन की कार्रवाई पूरी कर 104 अभ्यर्थियों का भी अंतिम परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि सभी चयनित लैब टैक्नीशियनों को शीघ्र ही मेडिकल कॉलेजों में तैनाती दी जायेगी। बताया कि शीघ्र ही मेडिकल कॉलेजों के 1,455 नर्सिंग अधिकारियों का परीक्षा परिणाम भी जारी किया जायेगा।

# ढिकुली के पास श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, 15 घायल

**दुर्घटना**
- 35 से अधिक लोग सवार थे ट्रैक्टर ट्राली में
- कोसी नदी में गणेश प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहे थे

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कोसी नदी में गणेश प्रतिमा विसर्जित कर लौट रहे श्रद्धालुओं की ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 15 श्रद्धालु घायल हो गए, जबकि दो श्रद्धालुओं को हायर सेंटर रेफर किया गया है। ट्रैक्टर ट्रॉली में 35 से अधिक लोग सवार थे।

सोमवार की सांय सुल्तानपुर पट्टी से सटे किशनपुर मसवासी, सीतारामपुर से श्रद्धालुओं का दल ट्रैक्टर ट्रॉली से गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए रामनगर गिरिजा मंदिर पहुंचा था। लौटते समय जब 35 श्रद्धालुओं से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ढिकुली के समीप पहुंची तो अचानक एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा होते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस से सभी घायलों को रामनगर अस्पताल भेजा। गंभीर रूप से घायल दो महिलाओं को हायर सेंटर रेफर किया गया।




अस्पताल में उपचार कराते घायल। ● अमृत विचार

**ये लोग हुए घायल**

हरवेती देवी व नीतू को हायर सेंटर रेफर किया गया। जबकि अस्पताल में जमुनी देवी, मीनाक्षी, दीपक पुत्र सुरेश, अंकित, माया देवी, सायना, दीपक पुत्र तेजपाल, दीपाली, रोहित, अंकित, अमित, अभिषेक, तीन वर्षीय तान्या घायल हो गई। इनका रामनगर अस्पताल में उपचार चल रहा है। बाकी अन्य को मामूली रूप से चोटें आई हैं।

# लैब संचालक के भुगतान पर रोक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) की केन्द्रीय लैब में होने वाली जांचों पर सवाल उठ रहे हैं। शिकायत के बाद कॉलेज प्रबंधन ने लैब के भुगतान पर रोक लगा दी है।

एसटीएच में केन्द्रीय लैब के संचालन का जिम्मा निजी कंपनी को दिया गया है। लेकिन लैब में होने वाली ज्यादातर जांचों की रिपोर्ट में गड़बड़ी की शिकायतें मिल रही हैं। रिपोर्ट ठीक नहीं आने से सबसे ज्यादा गंभीर मरीजों की सेहत को खतरा है। विभिन्न विभागों के कई चिकित्सकों ने इस मामले को केंद्रीय लैब संचालक व कॉलेज प्रबंधन के सामने उठाया। जिस पर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने कार्रवाई करते हुए लैब संचालक के भुगतान पर रोक लगा दी है। प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि लैब संचालक के भुगतान को रोका गया है।

# डायवर्जन में उलझा शहर जहां-तहां फंसे रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- कदली वृक्ष यात्रा को लेकर लागू किया गया था डायवर्जन प्लान
- संकरे रास्ते पर भारी यातायात पहुंचने से छूटे पुलिस के पसीने

**अमृत विचार :** कदली वृक्ष यात्रा को लेकर लागू डायवर्जन प्लान में शहर उलझ गया। जहां-तहां वाहन सवार फंसे रहे। खासतौर पर डायवर्जन प्वाइंट पर लोगों को सबसे अधिक परेशानी हुई।

सोमवार को हल्द्वानी में शोभायात्रा का आयोजन हुआ। पुलिस ने रविवार की रात डायर्वजन प्लान जारी कर दिया था। बकायदा सुबह 11.30 बजे से डायवर्जन प्रभावी हो गया। डायवर्जन प्लाइंट पर पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया था। पुलिस अपना काम तो कर रही थी, लेकिन आगे निकलने की होड़ में लोग यातायात नियम तोड़ रहे थे। जिससे सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। रामपुर रोड पर डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय और सिंधी चौक पर बुरा हाल रहा। सिंधी चौक पर नो एंट्री में सवारियां ढोते टुक-टुक और ऑटो व बेतरतीब पार्किंग से यातायात प्रभावित हुआ। मुखानी थाने से लालडांठ तक और काठगोदाम में रेलवे स्टेशन रोड से रानीबाग पुल तक जाम रहा। पर्वतीय मार्ग पर भी वाहन रेंगते नजर आये। एसपी यातायात हरबंस सिंह ने बताया कि वाहनों को रोककर डायवर्जन वाली सड़कों को रवाना किया गया था। वाहनों का दबाव अधिक होने पर हल्का जाम रहा।

# फरार दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा के खिलाफ जारी हुआ एनबीडब्ल्यू

संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं



**अमृत विचार :** नैनीताल नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ का अध्यक्ष मुकेश बोरा फरार है। उसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। इधर, कोर्ट ने उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी कर दिया है। मुकेश बोरा पर उसी की सहकर्मी महिला से दुष्कर्म और महिला की 12 साल की बेटी से छेड़छाड़ का आरोप है। लालकुआं कोतवाली में आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 506 और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज है।

लालकुआं कोतवाली क्षेत्र निवासी विधवा महिला ने इसी माह एक सितंबर को लालकुआं पुलिस को तहरीर दी थी। आरोप लगाया था कि मुकेश बोरा ने उसकी कच्ची नौकरी को पक्का करने के नाम पर उसके साथ दुष्कर्म किया। मुकेश बोरा ने महिला को काठगोदाम स्थित एक होटल में बुलाया था। सूत्रों का कहना है कि पुलिस जब होटल में जांच करने पहुंची तो मुकेश बोरा और महिला की एंट्री रजिस्टर में दर्ज पाई गई। जिसके बाद महिला के 164 के बयान दर्ज कराए गए। बयान में महिला ने अपने साथ हुई घटना के अलावा यह भी बताया कि मुकेश बोरा की उसकी 12 साल की बेटी पर भी बुरी नजर थी। जिसके बाद नाबालिग के भी 164 के बयान दर्ज किए गए। जब नाबालिग ने मां के लगाए आरोपों को दोहराया तो मुकेश पर पॉक्सो भी लगा दी गई। इससे पहले ही मुकेश ने अग्रिम जमानत के लिए न्यायालय में अर्जी लगाई, लेकिन न्यायालय ने अर्जी यह कहते हुए खारिज कर दी कि पॉक्सो एक्ट में अग्रिम जमानत नहीं दी जा सकती। जिसके बाद मुकेश बोरा फरार हो गया।

इधर, पुलिस ने दो टीमें बनाकर मुकेश बोरा की तलाश शुरू की, लेकिन वह हाथ नहीं आया। सोमवार को इस मामले में न्यायालय ने मुकेश बोरा के खिलाफ (एनबीडब्ल्यू) यानी गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। लालकुआं सीओ का अतिरिक्त चार्ज संभाल रहे सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी ने बताया कि कोर्ट से एनबीडब्ल्यू जारी हो गया है।

# अब लालकुआं तहसील से निकलेगी नगर की खतौनी

**लालकुआं, अमृत विचार:** लालकुआं नगर के सर्वेक्षण का कार्य पूर्ण हो जाने के बाद अब नगर की भूमि की खतौनी निकालने के लिए तहसील कार्यालय में संपूर्ण कागजात आ जाएंगे, जिसकी अधिसूचना आज जारी हो गई है।

लालकुआं नगर की 52.18 हेक्टियर भूमि में सर्वे कार्य पूरा होकर बंदोबस्ती का नोटिफिकेशन जारी हो गया है। वहीं प्रमुख सचिव राजस्व आरके सुधांशु द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अब लालकुआं तहसील से ही लालकुआं नगर की खतौनी निकाली जाएगी। साथ ही जमीन के कागजातों से संबंधित समस्त पत्रावली लालकुआं तहसील में ही प्राप्त हो जाएगी उक्त अधिसूचना जारी होने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी का इजहार किया है।


बनभूलपुरा में निरीक्षण करते एसडीएम परितोष वर्मा व तहसीलदार सचिन कुमार।

**आज से गफूर व ढोलक बस्ती में होगा सर्वे**

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रेलवे का वार्ड 32 व 33 में सर्वे पूरा हो गया है। अब आज से गफूर व ढोलक बस्ती में सर्वे किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रेलवे आठ सरकारी विभागों के साथ मिलकर बनभूलपुरा में अतिक्रमित भूमि पर डोर टू डोर सर्वे कर रहा है। इसमें जमीन के मालिकाना हक के कागजात से लेकर, बिजली-पानी के बिल, मुखिया की जानकारी आदि जुटाई जा रही है। रेलवे ने अभी तक वार्ड 32 व 33 में सर्वे पूरा कर लिया था। इसमें 1229 मकान व 1911 परिवार मिले थे। अब मंगलवार से गफूर व ढोलक बस्ती में सर्वे किया जाएगा। इसको रणनीति के तहत छह सेक्टरों में बांटा गया है, इसमें छह-छह टीमें लगाई गईं हैं जो सर्वे करेगी। इधर, सोमवार को एसडीएम परितोष वर्मा व तहसीलदार सचिन कुमार ने बनभूलपुरा का निरीक्षण किया और सर्वे का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि दो वार्डों 32 व 33 में सर्वे पूरा हो चुका है, आज से गफूर व ढोलक बस्ती में सर्वे किया जाएगा।

**खतरा** सांप के डसने से तीन लोगों की हुई मौत, हर दिन दो लोगों को डस रहे सांप, अस्पताल प्रबंधन का दावा एंटी वेनम मौजूद

# एसटीएच में ढाई माह में सामने आये 140 सर्पदंश के मामले

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में सांपों की संख्या बढ़ गई है। डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल (एसटीएच) में रोजाना सर्पदंश के मामले आ रहे हैं। पिछले ढाई माह में करीब 140 सर्पदंश के मामले सामने आये हैं। इनमें से तीन लोगों की मौत हो गई है।

किंग कोबरा, करैत, रेड खुकरी, रसेल वाइपर जैसे जहरीले सांप हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में पाए जाते हैं। अगर ये सांप किसी को डस लें और समय पर उपचार न मिले तो उसका बचना मुश्किल है। एसटीएच में सर्पदंश के मामलों का उपचार किया जाता है। इसके लिए यहां विशेष व्यवस्था की गई है। गर्मी के सीजन में अस्पताल में सर्पदंश के मामले कम आ रहे थे। मई माह में 11 और जून माह में करीब 22 मामले सामने आये। बरसात शुरू होते ही सर्पदंश के मामलों में कई गुना उछाल आ गया। जुलाई से लेकर अगस्त माह तक अस्पताल में सर्पदंश के 138 मामले आये हैं। यही नहीं सितंबर के पहले सप्ताह में 12 मामले पहुंचे हैं। अस्पताल में उपचार के दौरान सर्पदंश से पीड़ित तीन लोगों की मौत भी हो गई है। सर्पदंश मामलों के नोडल अधिकारी डॉ. परमजीत सिंह ने बताया कि अस्पताल में सर्पदंश के उपचार में प्रयोग होने वाले एंटी वेनम मौजूद हैं। साथ ही मरीज को आईसीयू में भर्ती करने की भी सुविधा है।

**गौला रेंज में सबसे ज्यादा सांप**

**हल्द्वानी :** वन विभाग के अनुसार गौला रेंज में सबसे ज्यादा सांप निकलते हैं। तराई पूर्वी वन प्रभाग में 9 रेंज हैं। इसकी सीमा नेपाल तक लगी है। बीते वर्षों में गौला रेंज में सबसे ज्यादा सांप निकलने के मामले सामने आये हैं। सर्पदंश से मौतों की बात करें तो पश्चिमी वृत्त के अधीन आने वाले वन प्रभागों में बीते पांच वर्ष में हर साल औसतन 20 लोगों की मौत सांप के काटने से हुई है। वन विभाग का कहना है कि बाघ के हमले से ज्यादा लोगों की सांप काटने से मौत होती है।

**तंत्र-मंत्र के चक्कर में न पड़ें: प्राचार्य**



**हल्द्वानी :** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि सर्पदंश के मामलों में अभी भी लोगों में अंधविश्वास है। सांप से डसने के बाद कई लोग तंत्र-मंत्र के चक्कर में फंस जाते हैं और जान से हाथ धो बैठते हैं। बताया कि मरीज को तुरंत अस्पताल लेकर आएं। मेडिकल साइंस में सर्पदंश का उपचार मौजूद है। बारिश के मौसम में सर्पदंश पीड़ित करीब 149 लोगों को अस्पताल से ठीक करके घर भेज दिया गया है।

# जिले में 293 प्रतिष्ठानों पर छापा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लगातार बढ़ते अपराधों के बीच रविवार की रात पुलिस ने होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, बार और होमस्टे में छापा मारा। जिलेभर में 293 स्थानों पर हुई छापेमारी में 155 लोग पुलिस के रडार पर आये। 104 लोगों से पुलिस ने 27,250 रुपये का जुर्माना वसूल किया। जबकि 51 लोगों के खिलाफ 5,10,000 रुपये के कोर्ट के चालान किए गए।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था बनाने और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, बार और होमस्टे में व्यापक चेकिंग अभियान चलाने के लिए सभी थाना और चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। जिसके तहत रविवार की शाम से एसपी क्राइम हरबंस सिंह और एसपी सिटी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीमों ने चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान होटल, रेस्टोरेंट और कैफे के स्टाफ की व्यक्तित्व पहचान की गई। साथ ही उनकी पृष्ठभूमि की पुष्टि भी की गई। वहीं खाद्य सुरक्षा प्रमाण पत्र और खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। पार्किंग सुविधा, सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता और अग्निशमन सुरक्षा उपकरणों की जांच की गई। चेकिंग के दौरान 293 होटल, कैफे, बार, होमस्टे आदि चेक किये गए।


होटल में दस्तावेजों की जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

सार-संक्षेप


छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर की जानकारी देते क्लब के सदस्य। ● अमृत विचार

## सर्वाइकल कैंसर के प्रति छात्राओं को किया जागरूक

**रामनगर:** इनरव्हील क्लब ने सामाजिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जीजीपी बालिका विद्यालय में किया। जिसका उद्देश्य महिलाओं में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके रोकथाम के उपायों पर ध्यान केंद्रित करना था। कार्यक्रम में विशेषज्ञ डॉ. रीना सिंघल ने सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण व इसके रोकथाम के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। बताया कि ह्यूमन पैपीलोमा वायरस का संक्रमण कैंसर का मुख्य कारण है। उन्होंने एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में बताया, जो कैंसर से बचाव में प्रभावी साबित हो सकती है। ब्रेस्ट कैंसर की रोकथाम के लिए आत्मनिरीक्षण और मैमोग्राफी की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान क्लब की अध्यक्ष अनुप्रीत कौर, सचिव कविता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीमा लखोटिया, आइएसओ अंजलि जिंदल, एडिटर चारुल जिंदल, सह सचिव संगीता जिंदल, सीएलसीसी मीना मित्तल, निशी गुप्ता, अलका जिंदल, राशि अरोरा मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ के कर्मी। ● अमृत विचार

## 12 सितंबर को सचिवालय कूच करेगा श्रमिक संघ

**हल्द्वानी:** जल संस्थान संविदा श्रमिक संघ ने एक सूत्रीय मांग को लेकर सचिवालय कूच की तैयारी को लेकर बैठक की। साथ ही जल संस्थान ईई को भी इसकी जानकारी दी। ईई को ज्ञापन सौंप कर बताया कि प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर एक सूत्रीय मांग को लेकर 12 सितंबर को सचिवालय कूच किया जाएगा। इसमें शाखा हल्द्वानी से भी संविदा कर्मी जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वजह से काम प्रभावित होगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष गोविंद आर्य, सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष श्याम सिंह संभल, ओम प्रकाश मौर्या, प्रकाश चंद्र, पूरन चंद्र, टीकम सिंह कार्की मौजूद रहे।


लालकुआं के डायरिया प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करते एसडीएम तुषार सैनी।

## एसडीएम ने डायरिया प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया

**लालकुआं:** उप जिलाधिकारी तुषार सैनी ने डायरिया प्रभावित राजीव नगर बंगाली कालोनी में स्थिति का आंकलन करने व सहायता प्रदान करने के लिए सोमवार को क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को समय-समय पर चिकित्सा शिविर लगाने, पानी की जांच करने तथा साफ सफाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्र की साफ-सफाई तथा संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्थानीय निवासियों से भी क्षेत्र में गंदगी फैलने से रोकने तथा साफ सफाई में सहयोग करने का आग्रह किया। साथ ही नगर पंचायत को क्षेत्र में साफ सफाई हेतु और अधिक प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया है, जिससे डायरिया के प्रभाव को फैलने से रोका जा सके। उनके साथ राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं ईओ राहुल कुमार सिंह भी मौजूद थे।

## पुलिस ने दंपति को सौंपे ज्वैलरी और पर्स

**गरमपानी:** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे से सटे ढोकाने वाटर फॉल क्षेत्र में एक दंपति का ज्वैलरी रखा पर्स खो गया। पुलिस ने 24 घंटे में पर्स को ढूंढ निकाला और दंपति के सुपुर्द कर दिया। बरेली (उत्तर प्रदेश) निवासी शिवदेव सारस्वत व उनकी पत्नी शिवाली बीते रोज ढोकाने वाटर फॉल क्षेत्र में घुमने पहुंचे। वापसी में शिवाली का पर्स रास्ते में छूट गया। परेशान पति-पत्नी ने क्वारब पुलिस चौकी पहुंच चौकी प्रभारी गोविंदी टम्टा को घटना की जानकारी दी। बताया कि पर्स में नगदी के साथ ही सोने की चेन व एक डायमंड की अंगूठी है, जिसकी कीमत लगभग पौने दो लाख रुपये है। चौकी प्रभारी ने टीम के साथ खोजबीन शुरु की। आखिरकार टीम को पर्स रोड के नीचे झाड़ियों में गिरा मिला।

## नहीं रही महिला एकता मंच की जुझारू नेत्री गीता आर्या

**रामनगर:** महिला एकता मंच की नेत्री गीता आर्य के निधन पर महिला एकता मंच ने शोक व्यक्त किया है। मालधन निवासी 47 वर्षीय गीता आर्या पिछले एक सप्ताह से काशीपुर के अस्पताल में भर्ती थीं। इलाज के लिए हल्द्वानी ले जाने के दौरान रास्ते में उनका निधन हो गया। वह युवा अवस्था से ही महिला अधिकारों व सामाजिक आंदोलनों में सक्रिय थीं। बता दें कि मालधन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानकों के अनुरूप स्टाफ व सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर महिलाओं के आंदोलन कमेटी की सक्रिय सदस्य थीं। ललिता रावत ने कहा कि सरकार की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण हमारी एक साथी हमारे बीच नहीं रही। इसका हमें गहरा दु:ख है।

## हाईवे पर पलटा निर्माण सामग्री से लदा ट्रक

**गरमपानी:** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर कैंची क्षेत्र में निर्माण सामग्री से लदा ट्रक पलट गया। सूचना पर पहुंची कैंची पुलिस ने दुर्घटना में घायल तीन लोगों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी गरमपानी पहुंचाया। काटूयूडा, बैजनाथ (बागेश्वर) निवासी कृष्णा सिंह बिष्ट बीती शाम ट्रक संख्या यूके 04 सीबी 9414 में निर्माण सामग्री लेकर हल्द्वानी से गरुड़ की ओर रवाना हुआ। ट्रक में कांडा निवासी सचिन थपोला व दुगबाजार, बागेश्वर निवासी प्रकाश रावत सवार थे। मध्यरात्रि ढाई बजे के आसपास चालक कृष्णा कैंची क्षेत्र में तीखी मोड़ के समीप पहुंचा ही था कि एकाएक वाहन असंतुलित होकर हाईवे पर ही पलट गया। ट्रक के पलटने से वाहन में सवार लोगों की चीख पुकार मच गई। कैंची पुलिस के एएसआई हरभजन सिंह राणा मय टीम मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों लोगों को एक-एक कर दुर्घटनाग्रस्त वाहन से बाहर निकाला। साथ ही 108 एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया।


शिव कथा के महत्व पर प्रकाश डालतीं तारामती बाई जी। ● अमृत विचार

## कलश यात्रा के साथ शिव कथा का शुभारंभ

**हल्दूचौड़:** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय संगीतमय शिव कथा का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा के साथ हो गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख संध्या डालाकोटी मुख्य रूप से शामिल रहीं। कलश यात्रा कथा स्थल मां वैष्णो बैंक्वेट हॉल से प्राचीन मां काली मंदिर तक गई। जहां पूजा-अर्चना करने के बाद वापस कथा स्थल पर पहुंची। इस दौरान महात्मा प्रचारिका बाई तारामती बाई, प्रभा बाई, प्रभाकरानंद, आलोकानंद, मानसानंद, साध्वी सपना, मीना, सुमन के अलावा ग्राम प्रधान संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष रुक्मणी नेगी, प्रधान संगठन की प्रदेश सचिव सीमा पाठक, पूर्व अपर सचिव लोकायुक्त उत्तराखंड जीवन चंद्र उप्रेती, भुवन चंद्र भट्ट, भगवान दास वर्मा, दीपक जोशी, राजेंद्र भट्ट, अजय उप्रेती, भास्कर भट्ट समेत कई लोग मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने विधायक कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

### उत्तराखंड में अतिक्रमण विरोधी अभियान पर तत्काल रोक लगाने व भारतीय वन अधिनियम 1927 में संशोधन करने की मांग उठाई

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में अतिक्रमण विरोधी अभियान पर रोक लगाने, भारतीय वन अधिनियम 1927, यथा उत्तरांचल संशोधन को रद्द करने, वन ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित करने, जो व्यक्ति जहां पर निवास कर है, उसे वहीं पर नियमित कर मालिकाना हक देने आदि मांगों को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति ने विधायक दीवान सिंह बिष्ट के कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया।

विधायक देहरादून में होने से लोगों के बीच नहीं पहुंचे मगर उन्होंने वहीं से प्रदर्शनकारियों को दूरभाष से सम्बोधित किया। कार्यालय पर भारी संख्या में पुलिस बल लगाकर कार्यालय का गेट बंद किया गया। जिस कारण ग्रामीण कार्यालय के समक्ष जमीन पर बैठकर धरना देने लगे। जनता का आक्रोश देखकर रामनगर कोतवाल रवि सैनी ने समिति का ज्ञापन विधायक को व्हाट्सएप पर प्रेषित किया। जिसके बाद देहरादून से विधायक दीवान सिंह ने फोन पर जनता की मांगों शासन स्तर पर हल करने का आश्वासन दिया। विधायक कार्यालय पर सभा में वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2002 से पूर्व में वन विभाग द्वारा भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अंतर्गत दिये गये नोटिस की सुनवाई सिविल न्यायालयों में की जाती थी। परंतु 2001 में लाए गये उत्तरांचल संशोधन के बाद नोटिस देने, जांच करने, मुकदमा सुनने व मुकदमें का फैसला देने आदि के सभी अधिकार वनाधिकारी को प्रदान कर दिये गये हैं जो कि नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों का उल्लंघन है। अतः जंगल के काले क्रूर कानून को रद्द किया जाना चाहिए। समिति ने कहा कि सड़क और न्यायपालिका दोनों जगह जनता की पैरवी जारी रहेगी। आगामी रणनीति के लिए 13 सितंबर शाम 6 बजे से एकता चौक पूछड़ी में समिति की बैठक की जाएगी। सभा को समाजवादी लोकमंच के मुनीष कुमार, उपपा नेता प्रभात ध्यानी, इंकलाबी मजदूर केन्द्र के रोहित रुहेला, आइसा के सुमित, महिला एकता मंच की सरस्वती जोशी, रेनू, ललित उप्रेती ने संबोधित किया। कार्यक्रम में ठेका मजदूर कल्याण समिति के किशन शर्मा, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की तुलसी छिंबाल, गणेश लाल, सीमा तिवारी, ज्योति, दुर्गा देवी, साहिस्ता, जुबेर, नदीम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण रहे।


रामनगर में विधायक कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार


कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## रिंग रोड की जद में आ रहे लोगों ने विधायक को घेरा

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** प्रस्तावित रिंग रोड के रूट से प्रभावित हो रहे कई गांवों के ग्रामीणों ने कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत का घेराव किया। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर रिंग रोड पर पुनर्विचार की मांग की। सोमवार को रिंग रोड के प्रस्तावित रूट के दायरे में आ रहे हरिपुर लालमणि, चांदनी चौक भागीरथ, चांदनी चौक घुड़दौड़ा, चांदनी चौक तीला, चांदनी चौक सांगुडी, आनन्दपुर, कमलुवागांजा के ग्रामीण विधायक भगत के ऊंचापुल स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि गांवों से रिंग रोड गुजरने से उसकी जद में आवास, ट्यूबवेल, धार्मिक स्थल एवं शिक्षण संस्थान आ रहे हैं। बड़ी संख्या में नलकूप ध्वस्त होंगे, इससे सिंचाई व पानी की दिक्कत होगी। उन्होंने आबादी क्षेत्र से बाहर वन क्षेत्र के समानांतर रिंग रोड का निर्माण करने की मांग की। विधायक भगत ने आश्वासन दिया कि जल्द ही संबंधित अधिकारियों के साथ प्रस्तावित रिंग रोड रूट का भ्रमण कर ग्रामीणों के नुकसान का आकलन किया जाएगा। घेराव करने वालों में जगदीश कुल्याल, प्रधान कुसुम, ललित मोहन नेगी, कुंदन सिंह बोरा, विशाल बोरा, देवेंद्र बोरा, डूंगर सिंह, जसौद सिंह पटवाल, नवीन चंद्र उपाध्याय, कुंदन सिंह बिष्ट, भूपाल दत्त कापड़ी आदि रहे।

# अनुदान में मिलने वाले कृषि यंत्र बाजार मूल्य से भी महंगे

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** कृषि विभाग से अनुदान में उपलब्ध कराए जा रहे कृषि यंत्रों की कीमत बाजार से अधिक होने पर पंचायत प्रतिनिधियों ने सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप लगाया कि बाजार में अच्छी कंपनी के कृषि यंत्र कम कीमतों पर आसानी से उपलब्ध हो जा रहे हैं, जबकि कृषि विभाग से वही यंत्र अनुदान में भी महंगी कीमतों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश सचिव शेखर दानी ने निजी कंपनी को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग उठाई है। शेखर दानी के अनुसार बाजार क्षेत्र में दरांती की कीमत सौ रुपये के आसपास है, जबकि कृषि विभाग कीमत 290 रुपये दर्शा रहा है। जिसमें सौ रुपये का केंद्रीय व 132 रुपये का राज्यांश दर्शा किसान से 58 रुपये लिए जा रहे हैं। यदि बाजार से ही 100 की दरांती खरीद कर 80 फीसदी अनुदान लागू कर किसानों को दरांती उपलब्ध कराई जाती तो संभवत बेहद कम कीमत पर दरांती उपलब्ध हो जाती।

उन्होंने जल्द मामले को लेकर जनांदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। इधर, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी नैनीताल ईकाई की रितु कुकरेती ने बाजार व विभाग से उपलब्ध यंत्रों में गुणवत्ता के अंतर का हवाला दिया है। कहा कि मानकानुसार गुणवत्तायुक्त उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान कहीं से भी यंत्र खरीद को स्वतंत्र हैं।


स्थापना दिवस के मौके पर मौजूद अग्रवाल महिला मंच की सदस्य। ● अमृत विचार

# अग्रवाल महिला मंच ने स्थापना दिवस मनाया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** अग्रवाल महिला मंच ने स्थापना दिवस पर खाटू श्याम मंदिर में सुंदरकांड पाठ कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मंच की अध्यक्ष मीनू मित्तल, मंत्री रश्मि जिंदल एवं कोषाध्यक्ष नीलम अग्रवाल ने केक काटकर मंच के 24वें स्थापना दिवस पर अब तक किए गए क्रियाकलापों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्रसाद वितरण के बाद विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कार दिये गये। इस दौरान डौली अग्रवाल, रेनू, अंशु अग्रवाल, मोनाली, अनुराधा, गीता मित्तल, भावना, मीनाक्षी, नेहा, मंजू, सुमन, बबीता, अंजलि, संगीता, सरोज, भावना, अलका, रचना, लता दीपाली, लक्ष्मी, साक्षी, अर्चना मौजूद रहे। मीनू मित्तल ने कहा कि मंच निर्धन महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

# स्वरोजगार के प्रति रहें जागरूक: पंत

**रामनगर, अमृत विचार:** छात्र जीवन से ही स्वरोजगार की दिशा में सोचने की आवश्यकता है ताकि शिक्षा के बाद युवा अपना भविष्य बना सकें। यह बात राजकीय महाविद्यालय मालधनचौड़ के प्रभारी प्रचार्य प्रो. जीसी पंत ने देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय बूट कैंप का शुभारम्भ करते हुए कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. जीसी पंत, महेश पंडित, अर्जुन होंडा के स्वामी एवं संरक्षक देवभूमि व्यापार मंडल मालधनचौड़ ने किया। देवभूमि उद्यमिता योजना के नोडल अधिकारी प्रियदर्शन के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य समन्वयक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सुमित मिश्रा ने प्रशिक्षुओं को उद्यम तथा उद्यमिता के बारे में जानकारी दी। किरन जोशी ने उद्यमिता /स्टार्टअप के विभिन्न आइडियाज पर प्रकाश डाला।

# टिकैत को बताईं किसानों की समस्याएं

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** रामनगर विकास खण्ड में किसानों की समस्याओं के बारे में किसान नेता ने भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को अवगत कराया।

भारतीय किसान (टिकैत) यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष नवजोत सिंह ग्रेवाल ने बताया कि रामनगर के ग्रामीण क्षेत्रों में बीते एक माह से बहुत कम बारिश होने के कारण स्थानीय किसानों के लिए सूखे की स्थिति बनी हुई है। कहा कि बारिश की कमी के कारण धानों की फसल लगातार चौपट हो रही है। उसमें कीड़ा लग चुका है। पानी की कमी के कारण धान के खेतों में दरारें पड़ रही है। व्यवस्था की कमी के चलते नहरों का पानी भी किसानों को समुचित मात्रा में नहीं मिल पा रहा है। रामनगर विकासखंड में बैलपड़ाव, छोई, चिल्किया, कानिया, सावल्दे, उमेदपुर, बसई, आमपोखरा, पीरुमदारा, टांडा, हल्दुवा, भवानीपुर खुल्वे, पापड़ी सहित दर्जनों क्षेत्र के हजारों एकड़ में धान की पैदावार होती है। मगर वर्तमान में स्थिति चिंताजनक है।


नरेश टिकैत को समस्याओं से अवगत कराते नवजोत ग्रेवाल।

नरेश टिकैत ने किसानों की समस्याओं के निदान में सहयोग एक आश्वासन दिया है। उधर रामनगर किसान संघ अध्यक्ष दीवान कटारिया, भाकियू रामनगर विकासखंड अध्यक्ष नवजोत ग्रेवाल ने शासन से रामनगर विकासखंड क्षेत्र को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग की है।

# रॉयल्टी में समय सीमा समाप्त करने की मांग

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी क्षेत्र के वाहन स्वामियों ने एसडीएम रेखा कोहली के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में वाहनों में उपखनिज ढुलाई की समय सीमा को समाप्त करने की मांग की है।

वाहन स्वामियों का कहना है कि वे लोग भवन स्वामियों की मांग पर स्टोन क्रशर कालाढूंगी, हल्द्वानी, नैनीताल आदि शहरों से उपखनिज ( रेता बजरी) लेकर जाते हैं। स्टोन क्रशर द्वारा वाहनों को जो रॉयल्टी दी जाती है, उसमें समय सीमा निश्चित कर दी जाती है, जबकि कभी वाहन खराब हो जाने, जाम में फंस जाने पर वाहन को पहुंचने में देर हो जाती है। खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में वाहन को जाने में देर लगती है। वहीं कई चेक पोस्ट पर दस्तावेज चेक कराने में भी समय लगता है। ऐसे में चेकिंग करने वाली संस्था कैलाश रिवर बेड मिनरल्स के कर्मियों द्वारा वाहनों पर मोटी धनराशि का चालान थोपा जा रहा है। वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों से बदसुलूकी तक की जा रही है। जिससे लड़ाई झगडे.का भी अंदेशा बना हुआ है। ज्ञापन देने वालों में कमल बोहरा, प्रकाश नैनवाल, राजेंद्र सिंह गूरो, मो, यामीन, एएस बिष्ट, फारूक, मोहित सिंह, अभिषेक बनौला, सुखपाल सिंह, मनोज आदि रहे।

# अतिक्रमणकारियों को भेजे नोटिस

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** सिंचाई विभाग ने उनकी जमीन पर कब्जा करने वालों को नोटिस देना शुरू कर दिया है। कब्जा चिन्हित कर अतिक्रमण रोकने के लिए विभाग युद्धस्तर पर काम कर रहा है।

चकलुवा बाजार से निकलने वाली हरिपुरा माइनर और कालाढूंगी कैनाल में सात अतिक्रमण चिन्हित कर नोटिस जारी किया है। सिंचाई विभाग उप खंड कालाढूंगी के एसडीओ गणेश पांडे ने बताया कि यदि 15 दिन के भीतर अतिक्रमणकारी खुद अतिक्रमण नहीं हटाएंगे तो विभाग मय हर्जाने के साथ अतिक्रमण हटाएगा। निरीक्षण के दौरान जेई हरीश भट्ट, सींच प्रवेक्षक आकाश वर्मा शामिल रहे।

## झूला पुल की अनदेखी से बढ़ रहा अनहोनी का खतरा

**गरमपानी, अमृत विचार :** समीपवर्ती गांवों को जोड़ने के लिए वर्षों पुराने झूला पुल जर्जर हो गया है। सेतू के रैंप की उखड़ती टीन की चादर, जगह-जगह गड्ढे अनहोनी की ओर इशारा कर रहे हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उन्होंने समय रहते व्यवस्था में सुधार करने की मांग उठाई है। ताड़ीखेत ब्लॉक के तिपोला, डोनी, खग्यार समेत आसपास के तमाम गांवों को जोड़ने के लिए शिव मंदिर तिपोला के समीप कुंजगढ़ नदी पर वर्षों पूर्व झूला पुल का निर्माण किया गया था। पुल के अस्तित्व में आने से गांवों के बाशिंदों को लाभ भी मिला। स्कूली नौनिहाल पुल से आवाजाही कर विद्यालय पहुंचते हैं, जबकि किसान भी पुल के रास्ते ही उपज को मुख्य सड़क तक पहुंचाते हैं। लगातार बोझ उठा रहे सेतू की सुध न लिए जाने से अब हालात बिगड़ने लगे हैं। भाजपा मंडल महामंत्री सुनील मेहरा के अनुसार महत्वपूर्ण सेतु की देखरेख का जिम्मा लोनिवि के पास है पर अनदेखी भारी पड़ने लगी है। स्थानीय श्याम सिंह, अमित सिंह, मोहित गोस्वामी, आनंद सिंह जीना, बबलू सिंह, सचिन सिंह, हरीश जोशी, खुशाल सिंह, गोधन सिंह आदि ने पुल पर सुरक्षित आवाजाही को ठोस उपाय करने की मांग उठाई है।

यूनियन बैंक Union Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय, पी.बी. कॉम्प्लेक्स, प्रथम तल, कुसुमखेड़ा चौराहा कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड-263139

अचल सम्पत्तियों की ई-नीलामी के लिए विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सम्पत्ति को, जिसे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सांकेतिक कब्जा लिया गया है को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा "जो है जहाँ है, जो है जैसा है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे दी गयी तिथि में बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बकाये की वसूली के लिए नीचे दिये गये ऋणियों व जमानतकर्ताओं को सूचित किया गया। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि (ईएमडी) विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | कर्जदार/जमानती/बंधककर्ता नाम व पता | बंधक सम्पत्तियों का विवरण | कब्जे का प्रकार | मांग सूचना की तिथि / बकाया धनराशि | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | शाखा का नाम - रूद्रपुर यूएमएफ शाखा, शाखा प्रबन्धक - श्री त्रिभुवन सिंह मो0नं0 9520234031 | | | | |
| 1. | 1. श्री राजेश कुमार पुत्र गोपाल कृष्णन, वाया जय हिन्द ऑटोमोटिव प्रा0लि0 प्लॉट नं. 24सी, सेक्टर 11, सिडकुल, पंतनगर, उधमसिंह नगर-263153 2. श्री राजेश कुमार पुत्र गोपाल कृष्णन, वर्तमान पता-फ्लैट नं. ए2/33, प्लेटिनम टॉवर, जेस्था आवासीय फ्लैट, फुलसुंगा, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर-263153 3. श्रीमती सौम्या राज पत्नी राजेश कुमार,पता-फ्लैट नं. ए2/33, प्लेटिनम टॉवर, जेस्था आवासीय फ्लैट, फुलसुंगा, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर-263153 4. श्री सुनील कुमार, नि0 विला नं. ए1, प्लेटिनम टॉवर, जेस्था आवासीय फ्लैट फुलसुंगा, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर-26315 | बंधक अचल रिहायशी सम्पत्ति (रिहायशी भूमि व भवन) के सभी भाग व हिस्से जो कि फलैट नं. ए2/33 प्लेटिनम टॉवर, जेस्था आवासी फ्लैट, फुलसुंगा, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर-263153 में स्थित है। सीमाऐं - पूरब में फ्लैट नं. 36 के बाद रास्ता, पश्चिम में 9 मीटर रास्ता, उत्तर में फ्लैट नं. 32 एवं दक्षिण में फ्लैट नं. 34, कुल क्षेत्रफल 78.07 वर्ग मीटर। सम्पत्ति श्री राजेश कुमार पुत्र श्री गोपाल कृष्णन के नाम पर दर्ज है। डीड का विवरण (सेल डीडी जो कि क्रमांक 11188 दिनांक 30.09.2013 के द्वारा श्री राजेश कुमार पुत्र श्री गोपाल कृष्णन के नाम पर दर्ज है) | सांकेतिक | 11.11.2021 / रू. 12,13,432.75 दिनांक 31.07.2024 तक + उस पर ब्याज और अन्य व्यय | रू. 11,56,000/- / रू. 1,15,600/- / रू. 11,560/- |
| 2. | 1. मैसर्स फैशन हब (प्रोपराईटर श्री सौरभ नारंग पुत्र अशोक कुमार), पता-गुरूद्वारे के नीचे, मटके वाली गली, मुख्य बाजार, रूद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड - 263153 2. श्री सौरभ नारंग पुत्र श्री अशोक कुमार, नि0 एमआईजी-130 , आवास विकास, रूद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर -263153 3. श्रीमती मंजू रानी पत्नी अशोक कुमार, नि0 एमआईजी-130 , आवास विकास, रूद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर-263153 | बंधक अचल व्यवसायिक सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि शॉप नं. जी-9 एवं जी-10 (बिना छत कब्जा अधिकार के), खसरा नं. 206 मिन, ग्राम शिमला बहादुर, तहसील रूद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 26.71 वर्ग मीटर। सीमाऐं-पूरब में 3.03 मीटर चौड़ी गैलरी, पश्चिम में शॉप नं. जी-5 एवं जी-8,उत्तर में 9.09 मीटर चौड़ा रास्ता, दक्षिण में 3.03 मीटर चौड़ी गली। सम्पत्ति विक्रय पत्र संख्या 3520/2015 के अनुसार श्रीमती मंजू रानी पत्नी अशोक कुमार, नि0 आवास विकास कॉलोनी, रूद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर के नाम पर दर्ज है। | सांकेतिक | 02.01.2019 / रू. 33,09,742.97 दिनांक 31.07.2024 तक + उस पर ब्याज और अन्य व्यय | रू. 17,95,000/- / रू. 1,79,500/- / रू. 17,950/- |
| 3. | 1. श्री कृष्ण कुमार, नि0 मकान नं. 291 ए, सत्यलोक कॉलोनी, डहरिया, मानपुर पश्चिम, हल्द्वानी, जिला नैनीताल। 2. श्रीमती लीना पत्नी श्री कृष्ण कुमार, नि0 मकान नं. 291 ए, सत्यलोक कॉलोनी, डहरिया, मानपुर पश्चिम, हल्द्वानी,जिला नैनीताल। | बंधक अचल रिहायशी सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से जो कि सीएच-11 एवं खाता नं. 159, खसरा नं. 194/2 (व्यक्तिगत प्लॉट नं. सी-5), ग्राम बिगवाड़ा, परगना रूद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड में स्थित है। क्षेत्रफल 63.19 वर्ग मीटर। सीमाऐं - पूरब में प्लॉट नं. 5, पश्चिम में 20 फीट चौड़ी रोड, उत्तर में व्यक्तिगत प्लॉट नं. सी-6, दक्षिण में व्यक्तिगत प्लॉट नं. सी-4, डीड का विवरण : डीड नं. 1461 वर्ष 28 अप्रैल 2015 को श्री कृष्ण कुमार के नाम पर दर्ज है। | भौतिक | 15.11.2021 / रू. 10,79,707.72 दिनांक 31.07.2024 तक + उस पर ब्याज और अन्य व्यय | रू. 10,80,000/- / रू. 1,08,000/- / रू. 10,800/- |
| 4. | 1. मैसर्स साई इण्डस्ट्रीज (प्रोप0 श्री राजीव सक्सेना पुत्र श्री शिव नारायण सक्सेना), खेत नं. 205ए मिन, सोनेरा, लालपुर-दरौउ कनेक्टिंग रोड, ग्राम देवरिया, किच्छा, जिला उधमसिंह नगर -263148 2. श्री राजीव सक्सेना पुत्र श्री शिव नारायण सक्सेना (कर्जदार) वार्ड नं. 3, बंगाली कॉलोनी, किच्छा, खाता नं. 1365, खसरा नं. 39/2, जिला उधमसिंह नगर-263148 3. श्री मुकेश भटनागर पुत्र श्री हरि मोहन भटनागर (मैसर्स साई इण्डस्ट्रीज के खाते में जमानती), मकान नं. 28,जेसीस पब्लिक स्कूल के पास, गंगापुर रोड, रूद्रपुर, उधमसिंह नगर-263153 4. श्रीमती रश्मि सक्सेना पत्नी श्री राजीव सक्सेना (सह-कर्जदार एवं श्री राजीव सक्सेना के होम लोन के खाते में जमानती),वार्ड नं. 3 बंगाली कॉलोनी, किच्छा, खाता नं. 1365, खसरा नं. 39/2, जिला उधमसिंह नगर-263148 | बंधक सम्पत्ति रिहायशी सम्पत्ति (भूमि एवं भवन) के सभी भाग व हिस्से जो कि खाता नं. 1365, खसरा नं. 39/2 मिन वार्ड नं. 3, बंगाली कॉलोनी, किच्छा में स्थित है क्षेत्रफल 167.28 वर्ग मीटर (83.64*2) एवं खाता नं. 181, खसरा नं. 24/1 मिन, वार्ड नं. 3, बंगाली कॉलोनी,किच्छा में स्थित है क्षेत्रफल 125.46 वर्ग मी. उपरोक्त सम्पत्ति हाउजिंग लोन 16913010 0 003235 में भी बंधक है। कुल क्षेत्रफल 292.74 वर्ग मीटर। पार्ट नं. 1 : सीएच खाता नं. 1365, खसरा नं. 39/2 मिन, वार्ड नं. 3, किच्छा, बंगाली कॉलोनी, तहसील किच्छा,उधमसिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 83.64 वर्ग मीटर। सीमाऐं - पूरब में क्रेता का प्लॉट, पश्चिम में नीलू कामरा, उत्तर में 15 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिण में हरजीत बत्रा का प्लॉट। डीड का विवरण - (डीड नं. 810/2014 श्री राजीव सक्सेना पुत्र श्री शिव नारायण सक्सेना के नाम पर दर्ज है।) पार्ट नं. 2 : खाता नं. 1365, खसरा नं. 39/2 मिन, किच्छा, वार्ड नं. 3, बंगाली कॉलोनी, तहसील किच्छा, जिला उधमसिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 83.64 वर्ग मीटर। सीमाऐं - पूरब में रवि गुप्ता का प्लॉट, पश्चिम में अमित गुप्ता का प्लॉट, उत्तर में 15फीट रोड, दक्षिण में क्रेता का प्लॉट। डीड का विवरण - (डीड नं. 12537/2013 श्री राजीव सक्सेना पुत्र श्री शिव नारायण सक्सेना के नाम पर दर्ज है। पार्ट 3 : खाता नं. 181, खसरा नं. 34/1 मिन, किच्छा, वार्ड नं. 3, बंगाली कॉलोनी, तहसील किच्छा, जिला उधमसिंह नगर में स्थित है। क्षेत्रफल 125.46 वर्ग मीटर। सीमाऐं - पूरब में राकेश सक्सेना की भूमि, पश्चिम में राकेश गुप्ता का प्लॉट, उत्तर में अन्य व्यक्ति का प्लॉट, दक्षिण में रास्ता। डीड का विवरण - (डीड नं. 8233/2013 श्री राजीव सक्सेना पुत्र श्री शिव नारायण सक्सेना के नाम पर दर्ज है)। | सांकेतिक | 30.06.2022 / रू. 10090013.54 दिनांक 31.07.2024 तक + उस पर ब्याज और अन्य व्यय | रू. 57,14,000/- / रू. 5,71,400/- / रू. 57,140/- |

उपरोक्त संपत्तियों पर भार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है - ज्ञात नहीं

ई-नीलामी की तिथि और समय : 26.09.2024, दोपहर 12:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक
बोली जमा करने की अंतिम तिथि : ई-नीलामी शुरू होने पर या उससे पहले।

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया नीचे दिए गए लिंक को देखें : https://www-unionbankofindia.co.in/auction-property/view-auction-property-aspx और www.unionbankofindia.co.in पर संपर्क करें। पंजीकरण और लॉगिन और बोली नियमों के लिए https://ebkray.in पर जाएं। इसे सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के तहत उधारकर्ता/ओं और गारंटर/ओं को वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना के रूप में भी माना जा सकता है।

स्थान : हल्द्वानी, जिला नैनीताल दिनांक : 10.09.2024 प्राधिकृत अधिकारी

# मेरे बन जाएं बिगड़े काम गजानन तेरे आने से...

## नवयुवक संघ की ओर से आयोजित गणेश उत्सव में महिला कलाकार प्रीति ने बांधा समा, भजनों पर श्रद्धालु झूमे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नवयुवक संघ की ओर से आयोजित गणेश उत्सव में सोमवार को बिजनौर से आई महिला कलाकार प्रीति चौधरी और प्रिंस म्यूजिकल मुरादाबाद ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। प्रीति ने जैसे ही 'मेरे बन जाएं बिगड़े काम गजानन तेरे आने से...' गीत गाया दर्शक झूम उठे। कार्यक्रम में देर रात तक भजनों का सिलसिला चलता रहा।

बरेली रोड हिमालय फार्म स्थित पंडाल में सोमवार की शाम गणपति भजनों के नाम रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला रहे। इस दौरान अखिल भंडारी, सन्नी सेठी, राजेश पुरी, संजय राजपूत, मोना शर्मा, सोनी शर्मा, अमरजीत सेठी, विनोद आनंद, शंकर भूटानी, तारा ठाकुर मौजूद रहे।

इधर, पटेल चौक में सजे भव्य पंडाल में सुबह गणपति की आरती और पूजा-अर्चना हुई। इसके बाद दिनभर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। देर सांय भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें बरेली से आये गायक डीके राजा ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं रामलीला मैदान में वैश्य महासभा की ओर से आयोजित सात दिवसीय गणेश महोत्सव के तीसरे दिन मुख्य यजमान मुकेश लहरिया, बद्रीप्रसाद गुप्ता, रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल मुन्ना रामकिशोर अग्रवाल किशन लाल गुप्ता ने हवन-पूजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद वैश्य महासभा के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल ने बताया कि इस बार पूरन एंड संस परिवार ने अपने माता-पिता की स्मृति में पर्यावरण पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता रखी है। जिसका आयोजन बुधवार को रामलीला मैदान में होगा। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर ग्रुप में होगी।



वैश्य महासभा की ओर से आयोजित गणेश उत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार



प्राचीन शिव मंदिर समिति के पंडाल में प्रस्तुति देते कलाकार।

### चित्रकला प्रतियोगिता में 96 बच्चों ने लिया हिस्सा

**हल्द्वानी :** प्राचीन शिव सेवा समिति की ओर से आयोजित श्री गणेश महोत्सव में तीसरे दिन चित्रकला प्रतियोगिता के साथ-साथ धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में करीब 96 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत, समाजसेवी सतीश पाल, प्रतीक पाल और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री तरुण बंसल रहे। संयोजक हरिमोहन अरोड़ा और मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया कि बुधवार को सुरेंद्र नागर बॉबी की स्मृति में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। इससे पूर्व पंडित विवेक शर्मा ने सुबह विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न करवाई। मुख्य यजमान के रूप में पंजाबी समाज के पदाधिकारी रहे। इस मौके अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता, रूपेंद्र नागर, दीपांशु शर्मा, अशोक सिंधी, रामरूप गुप्ता, आनंद गुप्ता, दिनेश अग्रवाल रहे।

### राम नाम की महिमा अनंत है: वर्षा नागर



**रामनगर :** रामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास ने राम नाम का बहुत ही सुंदर वर्णन किया है। राम नाम से बड़ा कुछ भी नहीं। यह बात महामंडलेश्वर उज्जैन से पधारी वर्षा नागर ने गणपति महोत्सव में रामकथा सुनाते समय कही। उन्होंने कहा कि जो जीव मन में प्रभु राम के प्रति श्रद्धा के साथ आस्था रखता है उस पर आने वाले संकटों का निवारण भी हो जाता है। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु राम कथा सुनने के लिए पंडाल में देर शाम तक पहुंचते रहे। कार्यक्रम में सुनील अग्रवाल, देवकी अग्रवाल, देवेश सिंगल, अतुल अग्रवाल, पवन जैन, आशुतोष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, पुनीत गोयल मौजूद रहे।

### बाल कलाकारों ने मोहा दर्शकों का मन

**हल्दूचौड़ :** क्षेत्र में चल रहे गणेश महोत्सव में दूसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मुख्य अतिथि संध्या डालाकोटी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में भगवत कार्य होने चाहिए, जिससे सद्बुद्धि आती है। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बाल कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। चोपड़ा एंड पार्टी तीनों बहनों ने भजन गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। गणेश महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष इंद्र सिंह बिष्ट ने अतिथियों का स्वागत किया। यहां रमेश चंद जोशी, नारायण दत्त शर्मा, कमलेश चंदोला, किरन डालाकोटी, हेमवती नंदन दुर्गापाल, धर्मानंद खोलिया, राजेंद्र सिंह बिष्ट आदि रहे।


हल्दूचौड़ गणेश महोत्सव में सुन्दर प्रस्तुति देते नन्हे कलाकार। ● अमृत विचार


रामनगर में कविता संग्रह पुस्तक का विमोचन करते मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

### हिमालय के बिना मानव जीवन की कल्पना बेमानी

**रामनगर, अमृत विचार :** हिमालय दिवस के अवसर पर रामनगर के पीएनजी राजकीय महाविद्यालय में हिमालय की दशा और दिशा पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने एक स्वर से हिमालय को जीवन का आधार बताते हुए कहा कि हिमालय के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना बेमानी है। गोष्ठी का आयोजन हेस्को और रामनगर महाविद्यालय द्वारा किया गया। इस दौरान विपिन ध्यानी के कविता संग्रह सवाल कुदरत के का विमोचन भी हुआ। प्रो. डीएन जोशी व मितेश्वर आनंद के संचालन में संपन्न गोष्ठी में मुख्य वक्ता श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के प्रो. अधीर कुमार, मुख्य अतिथि एसडीएम राहुल शाह एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. एमसी पांडे ने की। इमरान खान ने दोष पूर्ण नीतियों को हिमालयी क्षेत्र के लिए जिम्मेदार बताया, जबकि सुमंता घोष ने अपनी प्राकृतिक संपदाओं को सहेज कर न रखने को इसका मुख्य कारण बताया। कॉर्बेट फाउंडेशन के डॉ हरेंद्र डॉ हरेंद्र बर्गली ने कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में शोध की अत्यधिल आवश्यकता है। मुख्य अतिथि एसडीएम राहुल शाह ने विकास और पर्यावरण के मध्य संतुलन पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. नितिन ढोमने, विनीत शर्मा, अनीता गौड़, तृप्ति शर्मा, संजय डोर्बी, कुबेर अधिकारी, दिनेश रावत रहे।

# महिला हिंसा के खिलाफ पूर्व सैनिक मुखर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लगातार बढ़ रहे महिला अपराधों के खिलाफ पूर्व सैनिकों ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने बैठक कर पहले अपराधों की निंदा की। उसके बाद बड़ी संख्या में वीरांगनाओं के साथ एसडीएम कोर्ट पहुंचे। यहां जमकर नारेबाजी की और फिर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन नगर निगम पहुंचकर एसडीएम को सौंपा।

पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने हल्दूचौड़ स्थित सभागार में बैठक की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नैनीताल जिले के साथ पूरे प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध अप्रत्याशित तरीके से बढ़ रहे हैं। कुछ मानसिक विकृति के लोगों की वजह से महिलाओं का सड़क पर चलना दूभर हो गया। बैठक में पूर्व सैनिकों ने ऐसे अपराध और अपराधियों की भर्तस्ना की। जिसके बाद पूर्व सैनिक, वीरांगनाओं के साथ हाथों में स्लोगन लिखीं तख्तियां लेकर एसडीएम कोर्ट पहुंच गए। एसडीएम नगर निगम में चल रही बैठक में थे जिसके बाद पूर्व सैनिकों ने वहीं पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस दौरान बीएस जग्गी, बंशीधर पांडेय, आरके सिंह बिष्ट, सीएस उप्रेती, नारायण सिंह बैरोला, हरीश चंद्र पंत, भूपाल सिंह बिष्ट, पूरन चंद्र जोशी, डीके दुम्का, रमेश चंद्र फुलारा, भैरव दत्त भट्ट, प्रेम सिंह दानू, नारायण सिंह खाटी, किशन सिंह बिष्ट, अनूप सिंह अधिकारी, पान सिंह अल्छोनी, हिम्मत सिंह मौजूद थे।



एसडीएम कोर्ट में प्रदर्शन करते पूर्व गौरव सैनिक कल्याण समिति के लोग। ● अमृत विचार

# हिमालय बचाओ रैली निकाली

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में हिमालय बचाओ दिवस जन जागरुकता रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया l कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकार ने की। एनएसएस की छात्रा इकाई को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमालय भारत का सिरमौर है, हिमालय ही विभिन्न औषधियों की जन्म स्थली है, हिमालय ही नदियों की उद्गम स्थली है, हिमालय से ही भारत का गौरव है। यदि हमें हिमालय को बचाना है तो सर्वप्रथम हमें वृक्षारोपण करना पड़ेगा। वृक्षों की अधिकता से पर्यावरण सुरक्षित रहेगा विभिन्न जीव जंतुओं को संरक्षण प्राप्त होगा। वनों में लगने वाली आग को रोकना होगा। डॉ० जयति दीक्षित ने छात्राओं को हिमालय बचाओ की प्रतिज्ञा करवाई तथा एनएसएस प्रभारी ममता पांडे ने कहा कि हिमालय को बचाने में प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर छोटे-छोटे कार्यों से अपना सहयोग दे सकता है। रैली महाविद्यालय परिसर से बेतालघाट होते हुए महाविद्यालय परिसर में पहुंची। कार्यक्रम में डॉ० ईप्सिता, डॉ० दीपक, डॉ० भुवन चंद्र मठपाल, सपना आर्या, भाष्करानंद पंत, अनिल नाथ, मुकेश, ललित मोहन, प्रेमा देवी, तथा एनएसएस की छात्रा इकाई में प्रतिभा, मनिषा, पूजा, छाया, कोमल, निधि, पूजा जोशी आदिउपस्थितरहीं।


बेतालघाट महाविद्यालय में हिमालय बचाओ शपथ लेते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# घरों व सड़कों से निकाला मलबा

फॉलोअप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम ने तपोवन से सटी कॉलोनियों में घरों व सड़कों पर जमा मलबा साफ करवाया। साथ ही डेंगू को लेकर फॉगिंग व दवा छिड़काव के निर्देश दिए। इसके अलावा आपदा से क्षतिग्रस्त हुए नाले-नालियों की मरम्मत भी करवाई जाएगी।

बीते रविवार की देर सायं अचानक हुई मूसलाधार बारिश से देवखड़ी नाला उफान पर आ गया था। तपोवन से सटी कॉलोनियों में मलबा और पानी घुस गया था। सूचना पर पहुंची प्रशासन व नगर निगम की टीम ने राहत काम शुरू कर दिए थे। इधर, सोमवार को नगर निगम के 40 कर्मचारियों की टीम ने घरों, सड़कों में घुसे मलबे की सफाई की। मोटर पंप से खींचकर मिट्टी और पानी निकाला गया। बोल्डर व पत्थरों को हटाया गया। निर्माण टीम ने आपदा में क्षतिग्रस्त नाले-नालियां देखीं, जिनकी मरम्मत के एस्टीमेट बनाए जा रहे हैं। जल्द ही निर्माण शुरू हो जाएगा। इन कॉलोनियों में जलभराव से डेंगू का मच्छर नहीं पनपे इसलिए फॉगिंग व दवा का छिड़काव कराया जाएगा। मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि तपोवन का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई के विशेष निर्देश दिए गए हैं। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारियों को फॉगिंग व दवा छिड़काव के लिए कहा है, ताकि लोगों को मच्छरों से बचाया जा सके।


सड़क पर जमा मलबे को हटाता निगम कर्मी। ● अमृत विचार

कार्यशाला | बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने कार्यशाला में बच्चों व अधिकारियों को किया संबोधित

# बाल तस्करी व बच्चों में नशे की प्रवृत्ति रोकने को सेल बनाना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने बाल अधिकारों एवं सुरक्षा पर कार्यशाला की। इसमें बाल तस्करी व बच्चों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए अलग से सेल बनाने पर जोर दिया गया।

सोमवार को नगर निगम सभागार में हुई कार्यशाला में बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने कहा कि बाल्यावस्था को प्रभावित करने वाले कारण हिंसा, घरेलू हिंसा, बाल तस्करी, बाल श्रम, प्रताड़ना तथा शोषण आदि पर अंकुश लगाना जरूरी है। कहा कि बाल तस्करी और बच्चों में मादक पदार्थों के सेवन की बढ़ती प्रवृत्ति की रोकथाम के लिए अलग से सेल बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सरकारी/निजी स्कूलों में बच्चों के शोषण को कम करने पर काम कर रही है।

डॉ. खन्ना ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में उत्तराखंड में शोषण के अत्यधिक मामले सामने आ रहे हैं, इन सब मामलों में हम सबकी एक नैतिक जिम्मेदारी है। ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति नहीं हो इसके लिए शिक्षण संस्थान, समाज कल्याण, महिला कल्याण, पुलिस, आरटीओ, श्रम विभाग आदि को समन्वय स्थापित कर समय-समय पर कार्यशालाएं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की घटनाओं पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचना दे सकते हैं, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लग सके। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाएं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों की जिज्ञासाएं भी समाप्त कीं। कार्यशाला में सीएमओ डॉ. हरीश पंत, डीईओ एचबी चंद, एआरटीओ रश्मि भट्ट, जिला प्रोबेशन अधिकारी वर्षा, आरपी पंत आदि मौजूद रहे।


बाल अधिकार संरक्षण आयोग की कार्यशाला में मौजूद पुलिस व अन्य अधिकारी।

### छात्राओं ने 14 स्थानों को बताया असुरक्षित

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सोमवार को यूनिवर्सल कॉन्वेंट स्कूल में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें छात्राओं ने शहर के 14 स्थानों को असुरक्षित बताया। साथ ही गश्त बढ़ाने तथा ऑटो रिक्शा चालकों के सत्यापन का सुझाव भी दिया। कार्यशाला में अपर निदेशक प्रशिक्षण ऋचा सिंह और बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी ने कहा कि शहर में कई ऐसे स्थान हैं, जहां नशेड़ी बैठे रहते हैं। छात्राओं ने अधिकारियों को बताया कि ऑटो रिक्शा में अक्सर दो व्यक्तियों के बीच लड़की को बिठाने का प्रयास किया जाता है। छात्राओं ने गोविंदपुर गरवाल, तीनपानी फ्लाईओवर के पास, आरटीओ रोड में सत्या विहार, सरस्वती नारायणपुरम, धनपुरी चौराहा, सुलताननगरी, प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में संडे मार्केट, शिव विहार, कठघरिया, बिठौरिया, लामाचौड़ के कुछ क्षेत्रों को असुरक्षित बताया। कहा कि इन स्थानों पर ड्रग्स और शराब के नशे में शोहदे झुंड बनाकर बैठे रहते हैं। उन्होंने स्कूलों के आसपास छुट्टी के समय पुलिस की गश्त बढ़ाने, ऑटो व ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन करने तथा ऑटो व रिक्शा स्टैंड सहित अन्य चिन्हित स्थानों पर पेट्रोलिंग के सुझाव दिए। कार्यक्रम में डॉ. आयुषी, एसआई ज्योति कोरंगा ने महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

## सार-संक्षेप



कुमाऊंनी बोली के बारे में छात्रों को जानकारी देती हेमा हर्बोला। ● अमृत विचार

### लिटिल फ्लावर स्कूल में कुमाउनी बोली कार्यशाला शुरू

**हल्द्वानी :** लालडांठ रोड स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में सेवानिवृत शिक्षिका हेमा हर्बोला ने सात दिनी कुमाउनी बोली कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कुमाउनी बोली सीखने का प्रयास किया। प्रधानाचार्य शांति जीना ने बताया कि उक्त कार्यशाला लगातार सात दिनों तक चलेगी। इसके बाद बच्चों की परीक्षा भी होगी। प्रतिभागी बच्चों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने हेमा हर्बोला को निशुल्क कार्यशाला के लिए धन्यवाद दिया।


किसान कल्याण मंत्रालय ने महिला किसानों को उपकरण वितरित किए।

### गन्ने की फसल को रोगों से बचाने के तरीके बताए

**हल्द्वानी :** कृषि किसान कल्याण मंत्रालय देहरादून से आई टीम ने सोमवार को लामाचौड़ खास में किसान खेत पाठशाला आयोजित की। 14 सप्ताह तक चली इस पाठशाला में कृषि विभाग की टीम ने किसानों को खेती से संबंधित विभिन्न जानकारियां दीं। साथ ही कृषि से संबंधित उपकरण भी वितरित किए। कृषि विभाग के डॉ. नितिन चौधरी ने किसानों को गन्ने की फसल में लगने वाले रोगों और उनसे बचाव के उपचार बताए। टीम के अन्य सदस्यों अंकित व योगेश ने भी किसानों को खेती से संबंधित कई जानकारियां दीं। इस दौरान प्रगतिशील किसान प्रताप सिंह सिद्धू, पूरन सिंह, जगदीश सत्तार सिंह, शंकर सिंह, नवीन सिंह, मंजू किरौला, कौशल, राकेश सिंह, मोहन सिंह, नरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, मंजीत कौर, सुखवीर कौर, बलदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

### अवरोधक न होने से सिंचाई नहर में गिरी कार

**हल्द्वानी :** दमुवाढूंगा क्षेत्र में सड़क और नहर के बीच पैराफिट (अवरोध) नहीं होने से एक कार सिंचाई नहर में गिर गई। गनीमत रही कि दुर्घटना के समय नहर में पानी अधिक नहीं था। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। हालांकि कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई। पनचक्की से चंबल पुल तक सड़क के किनारे सिंचाई नहर है, जो खुली हुई है। सरदार की कोठी के पास नहर में सुरक्षा दीवार भी काफी नीचे है। इस वजह से सड़क और नहर के बीच में कोई अवरोध नहीं है। लोक निर्माण विभाग ने सुरक्षा की दृष्टि से नहर और सड़क के बीच में न तो कोई अवरोध लगाया है और न ही यहां रिफ्लेक्टर लगाए गए हैं। इस वजह से आये दिन हादसे होते रहते हैं। बीते सोमवार की शाम एक कार नहर में गिर गई। कार सवार किसी तरह बाहर निकला।


दमुवाढूंगा में नहर में गिरी कार।


मेजर परिहार से मिलते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

### विधायक भगत कुपवाड़ा हमले में घायल मेजर से मिले

**हल्द्वानी :** कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कुपवाड़ा में सुरक्षा बल और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ में घायल हुए मेजर कुलदीप सिंह परिहार से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। विधायक भगत सोमवार को बिष्ट धड़ा निवासी मेजर कुलदीप सिंह के घर पहुंचे। बीती 27 जुलाई को जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा के कमकारी सेक्टर में पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम के हमले को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया था। इसमें एक घुसपैठिया भी मारा गया था। इस में एक जवान शहीद हो गया था, जबकि मेजर कुलदीप सिंह परिहार के दाएं हाथ में गोली लगी थी। इसके अलावा पांच सैन्यकर्मी भी घायल हुए थे। परिहार इन दिनों वह अवकाश पर हैं और घर पहुंचे हुए हैं। विधायक भगत ने मेजर परिहार से उनका हालचाल जाना और देश की रक्षा के लिए उनका अभिनंदन किया। साथ ही उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

### अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर हुई भाषण प्रतियोगिता

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर एमबीपीजी कॉलेज में शिक्षा शास्त्र विभाग और कॅरियर काउंसलिंग सेल के तत्वाधान में भाषण प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी, विशिष्ट अतिथि प्रो. डॉ. बीआर पंत, विभाग अध्यक्षा डॉ. सोनी टम्टा ने की। इस मौके पर 21वीं सदी में डिजिटल साक्षरता, मिस इंफॉर्मेशन एज में साक्षरता, सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति में साक्षरता की भूमिका, साक्षरता दर पर कोविड का प्रभाव और साक्षरता और महिला सशक्तिकरण पर प्रतिभागियों ने विचार रखे गये। संचालन डॉ. नवल किशोर लोहनी ने किया। निर्णायक मंडल में डॉ. अनिता जोशी, डॉ. अंजू बिष्ट रहे।

### पेयजल संकट को लेकर ईई से मिले लोग

**हल्द्वानी :** नवाबी रोड क्षेत्र की अधिकांश कॉलोनियों के अंतिम छोर में पेयजल संकट बना हुआ है। सोमवार को स्थानीय लोगों ने अधिशासी अभियंता आरएस लोशाली को ज्ञापन सौंप कर शीघ्र समस्या का समाधान करने की मांग की। उन्होंने विभाग पर कई बार शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं करने का आरोप लगाया। शहर की पुरानी पेयजल लाइनें लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं। सोमवार को नवाबी रोड क्षेत्र की जय दुर्गा कॉलोनी के लोगों ने जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर ईई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में कृष्णानंद महतोलिया, पारस अधिकारी, खीमानंद, राजेंद्र सिंह संभल, टीकारा महतोलिया आदि रहे।


ऋचा सिंह ने महिला किसान के परिजनों को चेक सौंपा। ● अमृत विचार

### महिला किसान के परिजनों को दिया 50 हजार का चेक

**हल्द्वानी :** मंडी समिति की प्रशासक ऋचा सिंह ने कृषि कार्यों के दौरान घायल हुई महिला किसान के परिजनों को 50 हजार की मदद का आर्थिक चेक दिया। उन्होंने बताया कि कमला देवी गेहूं की मढ़ाई कर रही थीं। इस बीच उनका बायां हाथ मशीन की चपेट में आकर कट गया था। इस पर किसान कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के अंतर्गत उन्होंने 50 हजार रुपये का आर्थिक मदद दी है। बताया कि किसानों के कल्याण के लिए मंडी समिति समय-समय पर गोष्ठियां करती हैं। इस दौरान भुवन गोस्वामी, डीएन पंत आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में आयोजित धरना-प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार


लाल कपड़े पहनकर अपना आक्रोश जतातीं कांग्रेस कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

# धरने में निकाली भड़ास, मुख्यालय पर गरजे कांग्रेस नेता

## दो घंटे तक चली सभा, भीड़ देख गदगद हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, बोले-बन रही है अधिकारियों की सूची

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** प्रदेश की धामी सरकार की जनविरोधी नीतियों व महिला उत्पीड़न सहित सात सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेसियों का प्रस्तावित धरना प्रदर्शन सफल दिखा। कांग्रेस के कई बड़े नेता एक मंच पर दिखे और संगठित होकर भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्ष करने का ऐलान करते रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह धरना प्रदर्शन नहीं, बल्कि धामी सरकार के खिलाफ कार्यकर्ताओं की दहाड़ है और जो अधिकारी राजदूत बनकर कार्य कर रहे हैं। ऐसे अधिकारियों की सूची भी तैयार हो रही है। 2027 में सरकार बनते ही अधिकारियों से निपटा जाएगा।

सोमवार को धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि धामी सरकार हो या फिर देश की मोदी सरकार। डबल इंजन की सरकार में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। घर से निकलते ही एक पिता को अपनी बेटी, एक भाई को अपनी बहन की चिंता सताने लगती है। इसका कारण बेटियों के साथ गैंगरेप, बलात्कार व दुष्कर्म की वारदात हैं। इसमें भाजपा के नेता ही आरोपी हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार आती जाती रहती है, लेकिन ऊधमसिंह नगर और नैनीताल जनपद के अधिकारी भाजपा नेताओं को बचा रहे हैं और कांग्रेसियों का दमन कर रहे हैं। ऐसे नेताओं की अभी से ही सूची बन चुकी है और सूची में नाम भी जोड़े जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 में कांग्रेस की सरकार आते ही ऐसे अधिकारियों को दायित्वों का पाठ पढ़ाया जाएगा। अब देश और प्रदेश की जनता ने परिवर्तन का मन बना लिया है। संघर्ष शुरू हो चुका है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा तब तक दहाड़ होती रहेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक हरीश दुर्गापाल, पूर्व सांसद महेंद्र पाल, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, पूर्व विधायक संजीव आर्या, वरिष्ठ नेता प्रकाश जोशी, गोविंद सिंह कुंजवाल, हरीश दुर्गापाल, हरीश पनेरू, डीपी यादव, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, संदीप चीमा, हरेंद्र सिंह लाडी, गुरजीत सिंह गिते, नवतेज पाल, प्रेमानंद महाजन, रंजीत रावत आदि मौजूद रहे।


मंच पर हाथ पकड़कर एकजुटता का संदेश देते कांग्रेस के दिग्गज नेता। ● अमृत विचार

### मंच पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला दिखा

**रुद्रपुर:** धामी सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मंच पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला था। जब कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ तो मंच पर चढ़ने की होड़ मच गई। स्थिति इतनी बेकाबू हो गई कि कई बार माइक से आग्रह करने के बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। वहीं जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा भी मूकदर्शक बनकर बेकाबू होती स्थिति को देखते रहे। हालात यह हो गए कि महिलाओं ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। हर कोई नेता के साथ सेल्फी लेता रहा और मीडिया कर्मियों को भी बैठने की व्यवस्था भी ध्वस्त हो गई। जिसको लेकर कई पदाधिकारियों ने नाराजगी भी जताई।



"प्रदेश में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। अफसरशाही हावी हो चुकी है। आज भी बेटियों के हत्यारे खुलेआम घूम रहे हैं। कारण भाजपा के नेता ही दुष्कर्मी हैं। युवा बेरोजगार है। नर्स हत्याकांड का फर्जी खुलासा, अंकिता के हत्यारे वीआईपी को बचाने का काम धामी सरकार ने किया है। ऐसे कितनी घटनाएं हो चुकी है। जिसने देवभूमि को शर्मसार कर दिया है। जिसको लेकर अब धामी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रदेश की नारी शक्ति ने ऐलान कर दिया है। **-ज्योति रौतेला**, प्रदेश अध्यक्ष, महिला मोर्चा



"जिस प्रकार धामी सरकार के खिलाफ हजारों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दहाड़ लगाई है। यह धामी सरकार के लिए संकेत है कि अब प्रदेश मुक्त भाजपा का समय आ चुका है। सरकार के संरक्षण में दुष्कर्मी भाजपा नेताओं को पुलिस बचा रही है। कारण ज्यादातर दुष्कर्म के मामले में भाजपा नेता ही आरोपी हैं। भाजपा सरकार के दोहरे चेहरे को देश व प्रदेश की बेटियां समझ चुकी है। आज हर जाति-वर्ग का व्यक्ति परेशान हैं। परिवर्तन की लहर शुरू हो चुकी है। जिसका उदाहरण लोकसभा का चुनाव हो या फिर प्रदेश के उपचुनाव हो। आराध्य देवताओं ने भी भाजपा को नकार दिया है। बस आखिरी लड़ाई 2027 को फतेह करने के बाद जीती जाएगी। **-हरीश रावत**, पूर्व मुख्यमंत्री

### मंच से एक-दूसरे पर कटाक्ष करते रहे नेता

**रुद्रपुर:** कांग्रेस के धरना प्रदर्शन पर मंच पर जहां कई बड़े दिग्गज नेता तो एक साथ देखने को मिले, लेकिन अपने संबोधन में कहीं न कहीं नेताओं ने मन की भड़ास भी निकाली। बता दें कि मंच पर जहां यशपाल आर्य, हरीश रावत, रंजीत रावत, तिलकराज बेहड़ व प्रीतम सिंह जैसे नेता एक साथ देखे गए। लेकिन भाषण में अपनी मन की टीस को संबोधन में कह दिया और एक-दूसरे पर पर भी कटाक्ष करने में पीछे नहीं रहे। उन्होंने कहा कि गुटबाजी कर एक दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश जारी रहती है। चुनाव में भाजपा के साथ खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कांग्रेस संगठित नहीं, विघटन की ओर बढ़ेगी।

### लाल साड़ी पहनकर पहुंचीं कार्यकत्रियां

**रुद्रपुर:** धामी सरकार के खिलाफ गुस्से का इजहार कांग्रेस की महिला कार्यकत्रियों ने लाल साड़ी पहनकर दिया। महिला कांग्रेस की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार महिलाओं व प्रदेश की बेटियों के साथ भाजपा के नेता दरिंदगी दिखा रहे हैं। उसके खिलाफ रुद्रपुर महिला कांग्रेस की कार्यकत्रियों ने लाल साड़ी पहनाकर भी अपना विरोध जताया। कारण लाल साड़ी गुस्से के साथ साथ खतरे का भी प्रतीक है और धामी सरकार के खतरा प्रदेश की नारी शक्ति होगी।

### धरी रह गई पुलिस की सारी योजना

**रुद्रपुर:** कांग्रेसियों के ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन के ऐलान के बाद पुलिस की योजना थी कि कांग्रेसियों को सभा के बाद बाहर ही रोक दिया जाएगा। महज कुछ पदाधिकारी ही डीएम कार्यालय के मुख्य गेट के अंदर कूच करेंगे। इसके लिए पुलिस ने डीएम व विकास भवन के मध्य मुख्य मार्ग के चारों ओर बैरिकेडिंग कर यातायात व्यवस्था के अलावा सुरक्षा चक्रव्यूह बनाया हुआ था और भारी पुलिस बल तैनात था, लेकिन पुलिस की यह प्लानिंग उस समय फेल हो गई, जब बैरिकेडिंग कूदकर सभी नेता व कार्यकर्ता मुख्य गेट तक पहुंच गए।


प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

### झलकियां


बैरिकेडिंग पर चढ़ते कांग्रेस नेता प्रकाश जोशी। ● अमृत विचार


बैरिकेडिंग पार करने की कोशिश करते नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य। ● अमृत विचार


कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच होती धक्का मुक्की। ● अमृत विचार

### ये थीं सात सूत्री मांगें

- अंकिता, नर्स सहित जितने भी दुष्कर्म की घटना हुई है। उन सभी घटनाओं की सीबीआई जांच करने व महिला सुरक्षा के लिए कठोर कानून बनाया जाए।
- प्रदेश में चोरी, हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार जैसी घटनाओं का ग्राफ बढ़ा है। अफसरशाही हावी हो चुकी है। खाकी से बेखौफ अपराधी वारदात कर रहे हैं। ऐसे में प्रदेश में मजबूत कानून व्यवस्था लागू होनी चाहिए।
- प्रदेश में खनन माफिया सक्रिय हो चुके हैं। सरकार ने खनन की उगाही का धंधा बाहरी प्राइवेट कंपनी को सौंप दिया है। जिससे गुंडागर्दी का माहौल पैदा हो चुका है। ऐसे में सरकारी तंत्र से खनन की निगरानी होनी चाहिए।
- बाजपुर के किसानों की बीस गांव की जमीन का मुद्दा आज भी जस का तस है। तत्काल जमीन को किसानों को देने सहित किसानों का उत्पीड़न बंद होना चाहिए।
- सत्ताधारी दल के संवैधानिक पद पर बैठे नेता द्वारा बंगाली समुदाय के खिलाफ की गई टिप्पणी के आरोपी नेता के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।
- आपदा में दरक रहे पहाड़ के कारण स्थानीय लोग पलायन को विवश हैं। जलभराव की स्थिति, नदियों का कटान व बर्बाद होती कृषि भूमि को रोकने की ठोस पहल होनी चाहिए।
- सिडकुल में 70 फीसदी उत्तराखंड के युवा को स्थाई रोजगार देने का मुद्दा लगातार उठ रहा है। इस मुद्दे पर सरकार को तत्काल निर्णय लेना चाहिए।

# हादसों की मजिस्ट्रियल जांच होगी

संवाददाता, रुद्रपुर

- विगत दिनों रुद्रपुर में हुई थीं तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं
- उप जिला मजिस्ट्रेट जांच अधिकारी नामित

**अमृत विचार:** जिला मजिस्ट्रेट उदयराज सिंह ने रुद्रपुर में हुई तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रियल जांच करने के आदेश दिए हैं। इसके लिए उप जिला मजिस्ट्रेट मनीष बिष्ट को जांच अधिकारी नामित किया है। उन्होंने उप जिला मजिस्ट्रेट को सभी दुर्घटनाओं की संपूर्ण जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि पहली घटना 23 नवंबर 2023 को बिगवाड़ा मंडी कट के पास हुई। इसमें अभियुक्त कार चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर सुखविंदर सिंह की मोटर साइकिल संख्या यूके-06एवी-6967 में टक्कर मार दी। इसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गये थे। दूसरी घटना 23 नवंबर 2023 को रम्पुरा गेट कबीर द्वार कट रम्पुरा अभियुक्त कार चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से ऑटो संख्या यूके-06टीए-5212 में टक्कर मारी दी। इसमें तस्वीर उसकी पत्नी सबीना पुत्र आहद गंभीर रूप से घायल हो गये। तस्वीर की उपचार के दौरान मौत हो गयी थी।

तीसरी घटना 23 अक्टूबर 2023 मैट्रोपोलिस सिटी के पास सिडकुल पंतनगर की है। इसमें अभियुक्त ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर सड़क किनारे खड़े टेंपो संख्या यूके-04टीबी-3087 को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें टेंपो सवार रिहान व ताहिर गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्होंने बताया कि इन सभी घटनाओं की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। जांच अधिकारी व उप जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि सभी घटनाओं के संबंध में यदि कोई व्यक्ति जानकारी रखता हो या कथन करना चाहता है तो वह सात दिन के भीतर साक्ष्य सहित अपना कथन उप जिलाधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा ईमेल आईडी sdmrudrapur4@gmail.com पर भी उपलब्ध करा सकते

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी के घर हुई चोरी का खुलासा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जवाहर नगर में रिटायर्ड पुलिसकर्मी के घर हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने एक आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए चोरी के आभूषण भी बरामद कर लिए हैं।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 26 अगस्त को थाना पंतनगर के जवाहर नगर के रहने वाले रिटायर्ड पुलिसकर्मी रमेश सिंह बिष्ट और ललित मोहन साह के हरकराना स्थित घर पर चोरों ने धावा बोलकर करीब 5.20 लाख कीमत के आभूषण व नगदी चोरी कर लिए थे। सुरागरसी के आधार पर पुलिस ने नगला बाइपास स्थित एक वर्कशॉप के पास से मोहम्मद हुसैन निवासी होगपुर थाना गदरपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर मंगलसूत्र, कुंडल, लॉकेट, टॉप्स, चांदी की दस जोड़ी पायल, चांदी की मूर्तियां सहित नौ हजार की नगदी बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 27 अगस्त की रात्रि को उसने अपने साथी आबिद के साथ मिलकर दो घरों के ताले तोड़े थे, लेकिन कुछ ज्यादा सामान नहीं होने पर रिटायर्ड पुलिसकर्मी के घर चोरी की।

# वन टीम पर फायरिंग का आरोपी धरा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पीपल पड़ाव वन रेंज में वन विभाग की टीम पर हुई गोलीबारी प्रकरण में पुलिस ने एक सक्रिय तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से 12 बोर की बंदूक व कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सोमवार को गोलीकांड का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि छह सितंबर की शाम को पीपल पड़ाव वन रेंज के जंगलों में सागौन की लकड़ी काटे जाने की सूचना वन विभाग की टीम को मिली थी। जब मौके पर रेंज अधिकारी रूप नारायण गौतम, वन दरोगा हीरा सिंह और वन आरक्षी सुभाष शर्मा व कमल कुमार पहुंचे तो वन तस्करों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जिसमें चारों वन कर्मी घायल हो गए थे। प्रकरण में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लकड़ी तस्करों की तलाश शुरू कर दी थी। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी सहित पुलिस की चार टीमें लगातार दबिश दे रही थीं कि आठ सितंबर की रात्रि को सूचना मिली कि कलकती गांव के समीप अब्दुल्ला नगर में गोलीबारी का एक आरोपी देखा गया है। सूचना मिलते ही टीम ने घेराबंदी की ग्राम हरिपुरा हरसान थाना बाजपुर निवासी गुरजीत सिंह उर्फ गैजा को दबोच लिया और उसके कब्जे से 12 बोर की एक बंदूक व चार कारतूस भी बरामद किए।


गोलीकांड के आरोपी के साथ खुलासा करते एसएसपी। ● अमृत विचार

### संगी ही निकला गोलीकांड का मुख्य आरोपी

वन विभाग की टीम पर गोलीबारी करने वाला और कोई गैंग नहीं, बल्कि संगत सिंह उर्फ संगी ही निकला। जिसकी पुष्टि वन विभाग की टीम ने कर दी थी। गिरफ्तार गुरजीत सिंह ने पूछताछ में बताया कि थाना बाजपुर इलाके का रहने वाला संगत सिंह उर्फ संगी ही सागौन लकड़ी तस्करी गिरोह का सरगना है। जिसके साथ संदीप सिंह, सर्वजीत सिंह उर्फ छब्बी के साथ गोलीकांड में पांच से छह सदस्य शामिल थे। साथ ही संगी ही गिरोह का संचालन करता है।

### कुख्यात लकड़ी तस्कर संगी है गिरोह का सरगना

एसपी सिटी काशीपुर अभय प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले कई सालों से थाना बाजपुर इलाके का रहने वाला संगत सिंह उर्फ संगी ही तस्करी में सक्रिय है। जो कई बार वन विभाग की टीम पर गोलीबारी कर चुका है। संगी गिरोह कितना कुख्यात है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पकड़ा गया आरोपी गुरजीत सिंह उर्फ गैजा के खिलाफ बरहैनी रेंज में वन अधिनियम के तहत दो, पीपल पड़ाव वन रेंज में 28 मुकदमा पंजीकृत है। साथ ही गिरोह के सरगना के खिलाफ भी अनगिनत मामले दर्ज है। यदि कोई भी लकड़ी काटते वक्त रोकने की कोशिश करता है। तो संगी गिरोह गोलीबारी शुरू कर देता है।

# श्रद्धालु से 1.35 लाख ठगे

**बाजपुर:** धार्मिक स्थल की हवाई यात्रा के लिए करवाई गई ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर जालसाजों ने एक श्रद्धालु से 1.35 लाख रुपये की ठगी कर ली है। ग्राम चकरपुर निवासी जसपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उसने 16 जून 2024 को फ्लाइट/हवाई यात्रा केदारनाथ जाने के लिए ऑनलाइन बुकिंग करवाई थी जिसमें बुकिंग एजेंट का संपर्क नंबर गूगल पर सर्च करके निकाला गया था। एजेंट से बात हुई तो सीटें बुकिंग करने के लिए ऑनलाइन पेमेंट देहरादून स्थित एक हेली सर्विस प्रा.लि. की ब्रांच में करने को कहा गया। अपने गूगल-पे एप से 16 जून को ही छह बार में कुल 1,35,406 रुपये ट्रांसफर कर दिए।

# फंदे पर लटका मिला विवि कर्मी, मौत

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** विवि का एक नियमित कर्मी सोमवार सुबह अपने घर में फंदे से लटका मिला। परिजनों को जानकारी होने तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जिसकी शाम को पंतनगर शमशान घाट पर गमगीन माहौल में अंत्येष्टि कर दी गई।


जवाहर। (फाइल फोटो)

छत्तीसगढ़ का मूल निवासी जवाहर (52) पुत्र मनिराम जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में कृषि श्रमिक के पद पर कार्यरत था। वह परिसर के एन ब्लॉक में झोपड़ी बनाकर सपरिवार रहता था। रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे सभी लोग खाना खाकर सो गए। सोमवार सुबह लगभग छह बजे उनका पुत्र चाय देने उनके कमरे में गया, तो पिता को लुंगी के सहारे छप्पर की बल्ली से लटके पाया। जिससे घर में कोहराम मच गया। पुत्र ने घटना की सूचना सुरक्षा विभाग सहित पुलिस को दी। करीब आठ बजे पहुंचे पुलिस कर्मियों ने शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिवार में पत्नी, तीन पुत्र व एक पुत्री का भरा पूरा परिवार है। पड़ोसियों ने बताया कि मृतक शराब का आदी था और आए दिन पीकर हंगामा करता रहता था।

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा, शास्त्रं तस्य करोति किं।
लोचनाभ्याम विहीनस्य, दर्पण : किं करिष्यति॥

जिस व्यक्ति के पास स्वयं का विवेक नहीं है। शास्त्र उसका क्या करेगा? जैसे नेत्रहीन व्यक्ति के लिए दर्पण व्यर्थ है।

## संपादकीय

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

अर्थव्यवस्था जैसे-जैसे मजबूत हो रही है, सरकार देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहा है। इस पहल के तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने व निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। रक्षा खरीद प्रक्रिया को 2016 में संशोधित किया गया, जिसमें घरेलू रक्षा उद्योग के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए विशिष्ट प्रावधान पेश किए गए। रक्षा खरीद नीति ने आयात पर निर्भरता की चिंताओं को देखते हुए स्वदेशी विनिर्माण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। रक्षा क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्रालय ने 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सुखोई-30एमकेआई विमान के लिए 240 एएल-31 एफपी एयरो इंजन खरीदने हेतु हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ एक अनुबंध पर सोमवार को हस्ताक्षर किए। इंजनों का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन में किया जाएगा। एचएएल, बीईएल, बीडीएल, आईओएल, एमडीएल, जीएसएल, जीआरएसई और हिंदुस्तान एचएसएल रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम हैं।

सरकार ने देश में आर्थिक विकास और रक्षा औद्योगिक आधार के विकास के इंजन के रूप में काम करने के लिए दो रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने का निर्णय लिया है। ये गलियारे तमिलनाडु में चेन्नई, होसुर, कोयंबटूर, सलेम और तिरुचिरापल्ली तथा उत्तर प्रदेश में अलीगढ़, आगरा, झांसी, चित्रकूट, कानपुर और लखनऊ तक फैले हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' संकल्प के लिए विस्तृत पैमाने पर किए गए प्रयासों से रक्षा वस्तुओं के देश में ही निर्माण होने के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। देश में ही हथियार से लेकर लड़ाकू विमान तक बनाए जा रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि हम एक विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो हमें आधुनिक हथियारों और उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता होगी। बीते एक दशक में रक्षा क्षेत्र में भारत का निर्यात 25 गुना बढ़ चुका है। कहा जा सकता है भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की सीढ़ी पर लगातार आगे बढ़ रहा है। उम्मीद है भारत का रक्षा क्षेत्र में पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2025 तक 29 फीसदी और वित्त वर्ष 2030 तक 37 फीसदी बढ़ जाएगा। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए आधुनिक उपकरणों के साथ मजबूत सशस्त्र बलों की आवश्यकता है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के भरोसे 2047 तक ग्लोबल पावर बनेगा।

# लद्दाख की दिल्ली दस्तक को समझना जरूरी



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार




लद्दाख से भाजपा के पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल और थुपस्तान शेवांग भी साथ हैं। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, संविधान की छठी अनुसूची लागू करने, लेह और कारगिल को अलग-अलग लोकसभा सीट बनाने और पृथक लोकसेवा आयोग बनाकर सभी नौकरियां स्थानीय लोगों को देने की उनकी प्रमुख मांगें हैं। पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने पर विधानसभा खुद-ब-खुद मिल जाएगी, जो अपने नागरिकों के हित के कानून बनाने में सक्षम होगी। मांगें सियासी और चुनावी नहीं हैं। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना इससे जुड़ी है।

एनएन वोहरा को 2003 में जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को तो इसमें शामिल कर लिया, लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया। वोहरा 2008 में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल बनाए गए थे।

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के बीच दूसरे केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में सियासी और सामाजिक गतिविधियों पर ज्यादा लोगों का ध्यान नहीं है। जम्मू-कश्मीर की अवाम को अगर चुनाव के बाद राज्य का दर्जा वापस होने की उम्मीद है तो लद्दाख के लोगों में भी इसकी ललक है। पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद-370 हटाने के साथ ही लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश तो बना दिया गया, लेकिन विधानसभा खत्म कर दी। उनके चार सदस्य विधानसभा के लिए चुने जाते थे। यही नहीं, सरकार में एक मंत्री पद भी मिल ही जाता था।

सामरिक महत्व वाले लद्दाख के लोग चार साल से बीच-बीच में आंदोलन करते रहे हैं। अब उन्होंने 1 सितंबर से दिल्ली के लिए यात्रा शुरू कर दी है। यात्रा 2 अक्तूबर को दिल्ली पहुंचेगी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 अक्तूबर को आएंगे और इससे पता चल जाएगा कि अनुच्छेद-370 खत्म करने और पूर्ण राज्य के लिए केंद्र सरकार का आश्वासन जमीनी स्तर पर कितना कारगर रहा है। देश का मस्तक माने जाने वाले लद्दाख में फिलहाल लेह और कारगिल जिले हैं। लेह अपेक्स बॉडी (एलएबी) और कारगिल डेमोक्रेटिक एलायंस (केडीए) से जुड़े लोग नवंबर 2022 में अपनी मांगें मनवाने के लिए दिल्ली में धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। 2024 में लोकसभा चुनाव से पहले लद्दाख में 66 दिन धरना चला था। चुनाव परिणाम में इसका गुस्सा दिखा और निर्दलीय मोहम्मद हनीफा जीत गए। भाजपा प्रत्याशी तासी ग्यालसन तीसरे स्थान पर रहे। मैग्सेसे पुरस्कार विजेता शिक्षा-पर्यावरणविद सोनम वांगचुक आंदोलन के बड़े चेहरे हैं।

लद्दाख से भाजपा के पूर्व सांसद जामयांग त्सेरिंग नामग्याल और थुपस्तान शेवांग भी साथ हैं। लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा, संविधान की छठी अनुसूची लागू करने, लेह और कारगिल को अलग-अलग लोकसभा सीट बनाने और पृथक लोकसेवा आयोग बनाकर सभी नौकरियां स्थानीय लोगों को देने की उनकी प्रमुख मांगें हैं। पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने पर विधानसभा खुद-ब-खुद मिल जाएगी, जो अपने नागरिकों के हित के कानून बनाने में सक्षम होगी। मांगें सियासी और चुनावी नहीं हैं। संस्कृति की रक्षा के साथ जमीन और रोजगार का हक पूर्ववत (अनुच्छेद-370 समाप्त होने से पहले) रहने की भावना इससे जुड़ी है। याद रखना होगा। लेह के बौद्ध लद्दाख को जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा दिलाने के लिए 30 साल तक आंदोलन कर चुके हैं।

तिब्बत, चीन और पाकिस्तान से घिरे लद्दाख के हर वर्ग के लोग शिद्दत से चाहते हैं कि पूर्ण राज्य का दर्जा मिले। मांग है कि जब तक संभव न हो, संविधान की छठी अनुसूची के तहत उनके हित सुरक्षित किए जाएं। जम्मू-कश्मीर से अलग कर केंद्र शासित प्रदेश बनाने से लद्दाख के लोग खुश थे। कारण, कश्मीरी हुक्मरानों से आजादी की उनकी मांग पूरी हो गई थी। खुशी के आलम में नहीं समझ पाए कि दिल्ली ने उन्हें विधानसभा न देकर नौकरशाहों की नीतियों और नीयत पर छोड़ दिया है। लद्दाख में विधानसभा नहीं है, इसलिए राजनीतिक दृष्टि से उसकी चिंता नहीं की जाती है। दूसरी ओर आंदोलन शुरू होने के बीच केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के मनाली और लद्दाख के कारगिल को जोड़ने वाली शिंकूला सुरंग के निर्माण की मंजूरी दी। अभी तक हिमाचल प्रदेश से अटल टनल के जरिए ही लद्दाख पहुंचा जा सकता है। श्रीनगर-लेह के बीच जोजिला पर भी सुरंग बनाई जानी है। जम्मू-कश्मीर में चल रहे विधानसभा चुनाव के बीच केंद्र ने लद्दाख में जांस्कार, द्रास, शाम, नुबरा और चांगथांग को नया जिला बनाने की घोषणा की है। लेह और कारगिल के अलावा जांस्कार और नुबरा विधानसभा सीटें थीं। कारगिल के सांकू और शकर चिक्तन को भी जिला बनाने की मांग तेज हो गई है। अपराध मुक्त लद्दाख की अर्थव्यवस्था का बुनियादी आधार पर्यटन है। चीन से सटे अरुणाचल प्रदेश को 1987 में राज्य बनाया गया था। 1972 में यह केंद्र शासित प्रदेश और इससे पहले असम का हिस्सा था। छठी अनुसूची का विषय असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम के जनजातीय क्षेत्रों का प्रशासन है। इसके तहत भूमि, रोजगार और संस्कृति की रक्षा प्रमुख है। स्वायत्त जिले भी बनाए जा सकते हैं। लद्दाख में सिक्किम जैसी विधानसभा गठित करने की मांग की जा रही है। 5,40,493 आबादी वाले सिक्किम में 32 सीटें हैं। इस समय लद्दाख की अनुमानित जनसंख्या 3.02 लाख है। 2019 में लद्दाख में बौद्ध अनुयायी 45.87 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 47 फीसदी थी। बौद्धों की बहुतायत लेह में है, जबकि कारगिल में शिया मुस्लिम ज्यादा हैं। कश्मीर में आतंकवाद बढ़ने पर केंद्र सरकार ने जितने भी वार्ताकार नियुक्त किए, उनका कार्यक्षेत्र मुख्यतः कश्मीर ही रहा। एनएन वोहरा को 2003 में जब केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर 'मिशन कश्मीर' में लगाया गया तो उन्होंने जम्मू को तो इसमें शामिल कर लिया, लद्दाख को नजरअंदाज कर दिया। वोहरा 2008 में जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल बनाए गए थे।

लद्दाखवासी अपनी मांगें मनवाने के लिए जिस तरह से आंदोलित हैं, उससे लगता है कि भविष्य में कठोर फैसले ले सकते हैं। अनदेखी केंद्र की कठिनाई बढ़ा सकती है। लद्दाख के लोगों ने धर्मगुरुओं के मार्गदर्शन में कश्मीरी अलगाववादियों को ही दरकिनार नहीं किया, पाकिस्तान और चीन के मंसूबे नाकाम करने के लिए सुरक्षा बलों के कंधे से कंधे मिलाया। यही कारण है कि जम्मू-कश्मीर के लोगों को राज्य बहाली की जितनी बेचैनी है, लद्दाख के बाशिंदे उससे भी अधिक फिक्रमंद हैं। इस संदर्भ में पूर्व में सोनम वांगचुक ने एक उल्लेखनीय बयान दिया था। कहा था कि यहां (लद्दाख) क्या हो रहा है, क्या वही, जो चीन तिब्बत में कर रहा है। सवाल उठे कि यह अंतर्राष्ट्रीय साजिश है। कहा गया कि अलग राज्य बौद्धों के लिए गुलामी का सबब बनेगा। जम्मू विश्वविद्यालय के पूर्व डीन प्रो. हरिओम ने 'बुद्धिस्ट प्लेयिंग विद फायरः पॉलिटिकल हिस्ट्री ऑफ लद्दाख पोस्ट अगस्त 2019' में भी केंद्र शासित प्रदेश की आवश्यकता और अनिवार्यता बताई है। पूर्ण राज्य के विरोधी क्षेत्र की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान के लिए स्वायत्तशासी पर्वतीय परिषद के सशक्तीकरण पर जोर देते हैं। स्वायत्तशासी परिषदें लेह और कारगिल जिलों में अस्तित्व में ही नहीं, सक्रिय भी हैं।

## प्रसंगवश

# हिन्दी-उर्दू और अंग्रेजी



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

अंग्रेजी को अंग्रेज लेकर आए और पूरे देश (पढ़ने-लिखने वाले लोगों) में फैला दिया, लेकिन अंग्रेजी देश के किसी भी हिस्से में सामान्य जन तक नहीं पहुंच पाई। वह शासकों की और भद्रजन की ही भाषा बनी रही। हिंदी खड़ी बोली का परिष्कृत रूप है, जो मुसलमानों के आगमन के साथ, उन्हीं के कारण उत्तर-मध्य भारत और भौगोलिक रूप से इस भूभाग से विच्छिन्न हैदराबाद दकन के एक बड़े इलाके में फैल गई।

इसके पहले विद्वानों के लिए संस्कृत और सामान्य जन के लिए अपभ्रंश थी, जो प्राकृत की अंतिम और हिंदी की पहली अवस्था थी। अलग-अलग जगहों पर प्राकृत के अलग-अलग रूप थे। प्राकृत के एक क्षेत्र विशेष के रूप को पालि कहते थे। तब तक पालि-प्राकृत की तरह अपभ्रंश में भी साहित्य लिखा जाने लगा था, जिससे उसका एक मानक रूप बन रहा था। हिन्दी के विकास और विस्तार में मुसलमानों का योगदान उनके राज्य विस्तार के कारण हुआ। उन्होंने दिल्ली-मेरठ के आसपास एक छोटे से इलाके में बोली जाने वाली प्राकृत के अंतिम रूप (अक्खड़-सी खड़ी बोली) को उठाया, उसे मांजा और उसमें अरबी, फारसी, तुर्की की संज्ञाएं फेंट दीं। इस तरह उसका एक शहरी, मानक रूप बन गया। उसे उन्होंने अपने शासनकाल में न केवल आज की विशाल हिंदी पट्टी में, बल्कि इस पट्टी से दूर और इससे असंपृक्त हैदराबाद दकन के एक बड़े भूक्षेत्र में जन-जन तक फैला दिया।

मुसलमान शासक न होते तो खड़ी बोली के मानक रूप हिंदी का निर्माण और विस्तार न होता। स्वतंत्र भारत में एक वृहत् राजभाषा विभाग है और केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों तथा केंद्र के उपक्रमों में उसके कार्यालय और वेतनभोगी अधिकारियों की एक बड़ी फौज है। किंतु यह विभाग हिंदी को किसी ऐसे क्षेत्र के सामान्य-जन तक नहीं ले जा पाया, जहां वह मुस्लिम शासन काल में पहले से ही नहीं पहुंच गई थी। खुसरो के वक्त तक इस हिंदी का वह रूप स्थिर हो चुका था, जो आज तक कायम है। रहीम, रसखान वगैरह हिंदी के ही बड़े कद के रचनाकार थे। अवधी में लिखने वाले जायसी को फिलहाल छोड़ देते हैं। उर्दू का तब कहीं नामोनिशान नहीं था। यह तो 1780 के बाद फारसी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी में अरबी-फारसी की अतिरिक्त संज्ञाओं को कृत्रिम ढंग से घुसेड़कर एक नया नाम दे दिया गया-उर्दू। उर्दू वह बोली थी, जो मुसलमान सैनिक स्थानीय लोगों से काम चलाऊ संवाद के लिए इस्तेमाल करते थे। यानी खड़ी बोली। कालांतर में उसी का परिष्कृत रूप वह जबान बनी, जो दिल्ली किले की बेगमें बोलती थीं। तो उर्दू ए मुअल्ला का शाब्दिक अर्थ जो भी हो, व्यावहारिक अर्थ हुआ किले की बेगमों की जबान, जिसमें एक तहजीब थी, एक नफासत थी। 1780 के बाद मुअल्ला का पुछल्ला हटाकर किले की बेगमों की इसी जबान को उर्दू कहने लगे। इसी का प्रयोग मुस्लिम भद्रजन और उनके संपर्क में रहने वाले हिंदू भद्रजन आपसी बोलचाल में, साहित्य लेखन में और अपने अधीन बचे रह गए प्रशासन में भी करने लगे।

यह वह समय था जब अंग्रेजी राज्य के विस्तार के साथ मुस्लिम शासक वर्ग के भद्रजनों में ह्रासोन्मुख असुरक्षा का भाव और पहचान का संकट खड़ा हो गया था। सामान्य जन से पृथक, अपनी विशिष्ट पहचान बनाए रखने के लिए उन्होंने भाषा का एक भुरभुरा सहारा लिया और हिंदी का एक ऐसा रूप विकसित किया, जिसमें अरबी-फारसी की संज्ञाएं अधिक मात्रा में थीं और जिसे फारसी लिपि में लिखा जाता था।

कैसी विडंबना है कि कुछ ज्ञानी लोग आज मुसलमानों द्वारा संजोई और फैलाई गई हिंदी को हिंदुओं की और उसी की फारसी लिपि में लिखी जाने वाली एक शैली 'उर्दू' को मुसलमानों की भाषा मानते हैं। वह शैली क्या है? उसमें अरबी, फारसी की संज्ञाएं कुछ अधिक मात्रा में हैं। ये संज्ञाएं तो हिंदी में भी हैं और खूब हैं। इस कदर कि कोई आमफहम हिंदी बोलता है तो उर्दू वाले उसे उर्दू समझते हैं। जैसे कोई आमफहम उर्दू बोलता है तो हिंदी वाले उसे हिंदी समझते हैं। रहस्य यह है कि दोनों शैलियों में सारी की सारी क्रियाएं एक ही हैं। और बिना क्रिया भिन्न हुए कोई भी भाषा भिन्न नहीं हो सकती। आप कार्यालय जा सकते हैं, दफ्तर जा सकते हैं, ऑफिस भी जा सकते हैं, लेकिन कार्यालय और दफ्तर गो नहीं कर सकते। वह कोई भाषा नहीं होगी। 'आई गो टु माय दफ्तर/कार्यालय' अंग्रेजी हैं, इसलिए कि इसमें क्रियापद गो अंग्रेजी है। जैसे ही आप ऑफिस या दफ्तर या कार्यालय "जाएंगे" कहेंगे, वह भाषा हिंदी/उर्दू हो जाएगी।

# आपदाओं से लेना होगा सबक



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

आज प्रकृति जिस तरह से करवटें ले रही है उसे देखते हुए हमें एक समग्र एवं दूरगामी नीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि हम भविष्य में प्रकृति के प्रकोप से बच पाएं।

भारत के अनेक राज्य हाल ही में गंभीर प्राकृतिक आपदाओं की गिरफ्त में जकड़े रहे। आपदाओं का यह कहर अभी रुका नहीं है, बल्कि हर दूसरे या तीसरे दिन इन आपदाओं से होने वाली क्षतियों की खबरें मिलती रहती हैं। प्रमुख राज्यों पर यदि दृष्टिपात किया जाए तो केरल के वायनाड जिले में हुए जबरदस्त भूस्खलन से सैकड़ों लोग काल के गाल में समा गए। न जाने कितने पेड़ उखड़ गए, कितने मकान और वाहन बह गए और कितनी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं।

हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड में बादल फटने से जिस स्तर तक तबाही मची उसका अंदाजा लगा पाना भी नितांत मुश्किल है। खास बात यह है कि इन राज्यों में क्लाउडबर्स्ट की भयावह घटना एक बार ही नहीं, बल्कि अनेक बार घटित हुई, लिहाजा इससे होने वाला नुकसान भी एक बार में नहीं कई किस्तों में हुआ। बादल फटने की घटना जम्मू कश्मीर में भी घटित हुई। आपदाओं की इस श्रृंखला ने न जाने कितनी सड़कों, पुलों, पेड़-पौधों, इमारतों और कितनी जिंदगियों को लील लिया। प्रकृति का बढ़ता प्रकोप हमारे लिए गंभीर चिंता का विषय है, किंतु यह भी समझने की जरूरत है कि प्रकृति इतना भीषण कहर बेवजह नहीं बरपाती। प्रकृति हमें अपने अभिशाप के दायरे में तभी लेती है जब हम अहंकारवश अपनी सीमाएं लांघकर प्रकृति की शक्ति को चुनौती देने पर उतारू हो जाते हैं।

भारत के विभिन्न राज्यों में इन त्रासदियों का जिम्मेदार आखिरकार कौन है? कटुसत्य यही है कि इन सभी दुर्घटनाओं की नींव निर्मित करने में हमारा स्वार्थ, हमारी अतिमहत्वाकांक्षाएं एवं हमारी अंधी दौड़ शामिल है। प्रकृति ने ऐसी व्यवस्था कदापि नहीं बनाई थी कि किसी स्थान पर पलक झपकते ही सामान्य से पांच सौ प्रतिशत ज्यादा बारिश हो जाए। ये सभी असामान्य घटनाएं हमारे ही द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से तैयार की गई हैं। आज हम विकास पर केंद्रित हैं और विकास के पीछे पागलों की तरह दौड़े चले जा रहे हैं, लेकिन हम यह भूल रहे हैं कि जिन गतिविधियों को हम विकास की संज्ञा देते हैं, वे तो वस्तुतः विनाश की नींव पर आधारित हैं या कह सकते हैं कि विनाश का ही दूसरा रूप हैं। आज हमारे द्वारा विकास के जिस मॉडल को अपनाया जा रहा है, उसके अंतर्गत आने वाली गतिविधियों से पर्यावरण का संतुलन पूरी तरह बिगड़ता जा रहा है।

हमको समझना होगा कि कोई भी आपदा अचानक नहीं आती है। उसके उद्भव में एक लंबे समय तक सक्रिय रहे विभिन्न कारकों का योगदान होता है। ये कारक प्राकृतिक भी होते हैं एवं मानवजनित भी, किंतु बादल फटना एवं भूस्खलन जैसी आपदाओं के पीछे अप्रत्यक्ष रूप से मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं। विकास की दौड़ में मनुष्य ने उन सभी कृत्यों को अंजाम दिया, जिनकी वजह से वैश्विक तापमान में लगातार इजाफा होता गया और नतीजा यह है कि अतिशय वाष्पोत्सर्जन एवं उच्च तापमान की वजह से बादलों के लिए स्वयं को रोक पाना भी मुश्किल हो गया है। नतीजतन वे अनुकूल परिस्थितियां पाकर फट पड़ते हैं और भयंकर तबाही मचा देते हैं। पर्वतों पर विकास के नाम पर अनगिनत पेड़-पौधे एवं जंगल काट दिए गए, किंतु इस कटान से पहाड़ पर क्या असर पड़ेगा, शायद हमने इस पर विचार नहीं किया। पेड़ों के काटने से पहाड़ों की मिट्टी जिस शक्ति के साथ बंधी हुई थी, वह शिथिल पड़ चुकी है और नतीजा यह है कि पहाड़ों पर भूस्खलन की घटनाएं आरंभ हो चुकी हैं। पहाड़ों की मिट्टी को स्वयं प्रकृति ने ही वृक्षों का रूप लेकर बांधकर रखा है, लेकिन हम यह बात नहीं समझते और वृक्षों का अंधाधुंध कटान कर देते हैं। बदले में हमें प्रकृति के प्रकोप का भागी बनना पड़ता है।

हाल ही में ब्रिटिश कंपनी क्लाइमेट एक्स के शोधकर्ताओं के द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, आने वाले दो दशकों में दुनिया के 50 विरासत स्थल खो जाएंगे, जिनमें से पांच भारत के हैं। भारत के इन स्थलों में सिक्किम का कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान, उड़ीसा का कोणार्क सूर्य मंदिर, राजस्थान का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, पश्चिम बंगाल का सुंदर वन राष्ट्रीय उद्यान और गोवा का चर्च एवं कॉन्वेंट शामिल है। शोध के अनुसार इन धरोहरों के विलुप्त होने की वजह जलवायु परिवर्तन से जनित भूस्खलन, बाढ़, तूफान एवं भीषण गर्मी जैसी आपदाओं को बताया गया है।

आज प्रकृति जिस तरह से करवटें ले रही है उसे देखते हुए हम एक समग्र एवं दूरगामी नीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि हम भविष्य में प्रकृति के गंभीरतम प्रकोप से बच पाएं। यह प्रकृति का बदलता रुख ही है कि बारिश जैसी सामान्य एवं प्राकृतिक घटना आज हमारे लिए आफत का रूप बन चुकी है। यदि हमें अपने अस्तित्व को बचाना है तो हमें प्रकृति के अनुकूल रहना होगा।

## सोशल फोरम

# कैसे हुई काले धन की शुरुआत



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू मानव में देवत्व देखने के आदी थे। वह उनके साथ के नेतागण, अर्थशास्त्री, बुद्धिजीवी सभी यह मानते थे कि भारतीय मनुष्य देवता हैं और अपने स्वार्थ की परवाह किए बिना देश के लिए सब कुछ न्यौछावर कर देंगे। इस विश्वास का सबूत उन्होंने आयकर की दरों में दिया।

1960 तक शीर्ष धनियों और उद्योगपतियों की आमद पर आयकर की दर लगभग 88 प्रतिशत (प्रभावतः 97 प्रतिशत) थी यानी बहुत धनी लोग इतने देशभक्त माने गए थे कि अपने अर्जित 100 रुपये में 97 रुपये सरकार को देंगे और केवल 3 रुपये अपने पास रखेंगे। अहा, नेहरू जी से बड़ा समाजवादी और आदर्श नेता और कौन हो सकता है? यह देव-मानवतावादी सिलसिला 1973 तक चला। 1973-74 के बाद शिखर पर के धनियों की आय पर कर की दर प्रभावतः 77 प्रतिशत थी। मतलब कि शिखर के धनाढ्य लोग 100 में 23 रुपये अपने पास रखेंगे और 77 रुपये सरकार को दे देंगे। अहा, क्या गुलाबी दृष्टिकोण था। वर्ष 1985-87 में वीपी सिंह ने आयकर के चार स्लैब बनाए और शीर्ष स्लैब पर आयकर की दर को अधिकतम 50 प्रतिशत कर दिया। मानव को देवत्व से उतारकर मानव समझने की कोशिश शुरू हुई। सांस्कृतिक रूप से यह मानवीकरण मात्र पतन ही था।

यह माना गया कि आयकर की दर बहुत ज्यादा होने की वज़ह से टैक्स की चोरी होती है। यह दुखद है कि हमारे धनाढ्यों और उद्योगपतियों को देवदूत न समझकर 'कर-चोर' समझा गया, जो महामना पूंजीपति गांधीजी की बकरी तक को एयरकंडीशंड कमरे में रखने की उदारता दिखा सकते थे, उन्हें स्वार्थी, लोलुप, चरित्रहीन और दौलत का पुजारी कहा गया। यह भयंकर वैचारिक पतन था। धनाढ्यों के चरित्र पर शंका एक हृदयविदारक घटना थी। हाय, उन्हें स्वार्थी समझा गया। मनमोहन सिंह (1991-96) ने मानव को और नीचे गिराया और उन्हें स्वार्थी समझकर आयकर के मात्र तीन स्लैब बना दिए। आयकर की अधिकतम दर 40 प्रतिशत कर दी गई। पी. चिदंबरम और नीचे गिर गए। उन्होंने 1997-98 में आयकर की अधिकतम दर 30 प्रतिशत कर दी। अब तक हम और अधिक नीचे नहीं गए हैं।

-फेसबुक वॉल से

# क्या भारतेंदु हिंदू राष्ट्रवादी थे



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

भारतेंदु 19वीं सदी के भारत के सबसे बड़े साम्राज्यवाद-विरोधी थे। उन्होंने हंटर कमीशन की गवाही की शुरुआत अपनी इस पंक्ति से की थी, 'मैं हिंदी, संस्कृत और उर्दू कवि हूं'।

भारतेंदु हिंदू थे। वे वैष्णव थे, राधा-कृष्ण की युगल मूर्ति के उपासक थे, पर वे यह भी कहते थे, 'हिंदुओं का शास्त्र पंसारी की दुकान है'। उन्होंने धार्मिक पाखंड की आलोचना की, 'हिंदू चूरन इसका नाम, विलायत पूरन इसका काम।' वे ईश्वर चंद्र विद्यासागर के मित्र थे और विधवा पुनर्विवाह के समर्थक थे। वे जाति प्रथा के विरोधी थे, 'वैष्णव में हम जाति बुद्धि नहीं करेंगे।' वे विक्टोरिया की जय बोलने की रणनीति के साथ उसी कविता में यह भी कह सकते थे, 'ऐसो न चाहिए आपुके राज, प्रजा जन ज्यों मछरी बिनु पानी'।

वे 19 वीं सदी के भारत के सबसे बड़े साम्राज्यवाद-विरोधी थे। उन्होंने हंटर कमीशन की गवाही की शुरुआत अपनी इस पंक्ति से की थी, 'मैं हिंदी, संस्कृत और उर्दू कवि हूं'। वे बलिया वाले भाषण में हिंदू-मुस्लिम एकता की बात कहते हैं। 'इतिहास की बात' लेख में अकबर के राज्य की प्रशंसा करते हैं। भारतेंदु के साहित्य में ऐसे विचार ज्यादा हैं, जो 19 वीं सदी के नवजागरण, उदारवाद और समावेशी भारतीय राष्ट्रीयता को ध्वनित करते हैं, लेकिन पिछली सदी के 80 और 90 के दशक में अंग्रेजी परस्त एलीट समाजवैज्ञानिकों का एक ऐसा दल उभरा, जो भारतेंदु को हिंदू राष्ट्रवादी कहने लगा। उनमें पहला नाम सुधीर चंद्र है और दूसरा वसुधा डालमिया। हिंदी में भी कुछ लेखक इसी प्रभाव में भारतेंदु को खारिज करने पर तुले हुए थे। सुधीरचंद्र की भारतेंदु की अधपढ़ता पर आधारित अधकचरी स्थापना का जवाब देने के लिए ही मैंने 1986 में 'भारतेंदु और भारतीय नवजागरण' पर एक संपादित पुस्तक निकाली, जिसमें चंद्रबली सिंह से लेकर शिव कुमार मिश्र और कुंवरपाल सिंह के भिन्न कोण से लेख थे और मेरे भी विचार थे।

वसुधा डालमिया ने तो भारतेंदु को 'हिंदू परंपराओं के राष्ट्रीयकरण' के अभियान में संकुचित कर दिया। उन्होंने अपनी पुस्तक के कवर पर भारतेंदु का जो चित्र दिया, उसमें भारतेंदु अपनी प्रेमिका मल्लिका को गोद में लेकर बैठे हुए हैं। निश्चित रूप से पुस्तक के कवर पर ऐसा चित्र देने का उद्देश्य भारतेंदु को गौरव प्रदान करना नहीं था। इस तरह वे स्त्री को भी किस संकुचित नजरिए से देख रही थीं, कहना न होगा। भारतेंदु पर आक्रमण का यह सिलसिला प्रसाद और निराला तक जारी था, मानों वे सभी निरर्थक हैं और हिंदी के महान साहित्यकार अब जाकर इन आक्रमणकारियों के रूप में धरती पर अवतरित हुए हों।

मुख्य बात है, बीसवीं सदी के आखिरी दशक में भारत की समावेशी साहित्यिक परंपराओं का अंधकार अपने चरम पर था और देश की सांप्रदायिक शक्तियों को बढ़ाने में ऐसे अंधबुद्धिवादियों के लेखन का एक प्रमुख योगदान है। इन्होंने एक बड़े मानवीय और सेकुलर आंदोलन को एकदम कोने में कर दिया और खुद भी अकेले तथा विच्छिन हो गए।

आज पिछली गलतियों से सीखकर अंधबुद्धिवाद को त्यागने और समावेशी आलोचनात्मकता को अपनाने की जरूरत है। 19 वीं सदी ने हमें 'क्रिटिकल थिंकिंग' के लिए फिर से प्रेरित किया, हमें इतना तो उसका आभार मानना ही चाहिए।

# बैंक जमाराशियों में गिरावट चिंतनीय



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

देश के प्रमुख वित्तीय अखबारों ने सार्वजनिक बैंकों में जमा राशियों में वृद्धि की गिरावट की खबर को प्रमुखता से छापा है। फिक्की आईबीए बैंकिंग सम्मेलन में भारतीय बैंक संघ के के अध्यक्ष श्री एमवी राव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि म्युचल फंड उच्च रिटर्न प्रदान कर रहे हैं, क्योंकि वो बैंकों के समान विनियामक प्रतिबंधों के अधीन नहीं है। इससे निवेशकों की प्राथमिकताओं में बदलाव आया है, जिससे बैंकों के लिए जमा जुटाने में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखना मुश्किल हो गया है।

23 अगस्त की समाप्त समीक्षाधीन पखवाड़े में सभी अनुसूचित बैंकों की जमा वृद्धि में गिरावट देखी गई है। बैंकिंग एक विशेष व्यवसाय होने से स्थाई ग्राहक संबंध से पनपता है। खासकर उस मद में जहां ग्राहक अपने जीवनभर की कमाई किसी भरोसे पर छोड़ देता हो, जमाकर्ताओं के बीच आमने-सामने की बातचीत की आवश्यकता होती है, जो प्रौद्योगिकी के माध्यम से फेसलेस होकर नहीं हो सकती। आमतौर पर जमा डेस्क पर अधिकांशतः क्लर्क होते हैं, जो सीधे संवाद स्थापित करते हैं। इनकी संख्या कम होने से जमा संग्रहण में और संबद्ध सेवाओं में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

एक और प्रमुख कारण जो लो कास्ट जमाओं को लेकर बताया गया है कि 2011 से बचत खातों में विनियमन होने से अलग-अलगबैंकों की बचत खातों की ब्याज दरें अलग-अलग है। इस विनियमन को वापस लेने और भारतीय रिजर्व बैंक को दर तय करने की जरूरत है। बचत खातों पर जुर्माना, खासकर न्यूनतम शेष राशि के नियम का पालन न करने के कारण होता है। वो ग्राहक को अनुशासित करने की बजाय बैंकों में गैर ब्याज आय बढ़ाने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है, उसे भी कम करने की जरूरत है। इस गिरावट पर इंडियन बैंक एसोसिएशन और भारतीय रिजर्व बैंक को ध्यान देने और तुरंत ठोस उपाय करने की जरूरत है।

## सार-संक्षेप


नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सोनू गुप्ता का स्वागत करते पार्टी पदाधिकारी।

### युवा आप के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत

**किच्छा :** आम आदमी पार्टी के युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सोनू गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र गाबा, जिला उपाध्यक्ष राज खान का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सोनू गुप्ता ने पार्टी हाईकमान का आभार जताया। इस दौरान संगठन मंत्री कुलवंत सिंह, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष श्रीकांत खंडेलवाल, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शादाब आलम, जिला अध्यक्ष जनार्दन सिंह, बंगाली समाज प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुनीता बाजवा, आशीष वर्मा, दिनेश यादव आदि मौजूद रहे।

### सीसी मार्ग, नाली और स्ट्रीट लाइट की मांग उठाई

**खटीमा :** भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में शिव कॉलोनी वासियों ने उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर कहा कि वार्ड नंबर 17 शिव कॉलोनी में मेन रोड से संजय सीमेंट से होते हुए विनोद ओझा के घर तक सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे स्कूली बच्चों और वार्ड वासियों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं विद्युत पोलों पर स्ट्रीट लाइट न होने से अंधेरे में गिरने का खतरा बना रहता है। उन्होंने 180 मीटर सीसी रोड और नाली निर्माण के साथ ही विद्युत पालन पर स्ट्रीट लाइट लगवाने की मांग की है। एसडीएम बिष्ट ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। ज्ञापन देने वालों मे महेश सिंह बोहरा, राम कुंवर, श्याम तिवारी, महेश चंद्र जोशी, भुवन जोशी, बिशन सिंह बोहरा, बबलू सिंह बोहरा, राम सिंह आदि शामिल रहे।

### विद्या पुष्पक विद्यालय में किया कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन

**किच्छा :** ग्राम पंतपुरा स्थित विद्या पुष्पक एकेडमी विद्यालय में ग्रैंड पेरेंट्स दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय में विशाल कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विधिवत फीता काटकर किया। कार्यक्रम में श्री कृष्णा मर्चेंट एसोसिएशन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मुकेश अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं से उच्च शिक्षा हासिल कर अपना तथा देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। इस मौके पर सेंट मैरी जूनियर हाईस्कूल के प्रबंधक एम रहमान अंसारी, वीरेंद्र सिंह, आशा रानी आदि मौजूद रहे।

### सिरौली कला को पालिका से अलग करने का मुद्दा उठाया



**किच्छा :** नगर पालिका क्षेत्र से सिरौली कला को अलग कर नगर पंचायत बनाए जाने का विरोध करते हुए सिरौली कला के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मद आरिफ कुरैशी के नेतृत्व में तमाम क्षेत्र वासियों ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से मुलाकात की। इस दौरान उत्तराखंड मंडी परिषद के पूर्व डायरेक्टर एवं सिरौली कला के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मद आरिफ कुरैशी ने प्रदेश सरकार पर सिरौली कला के साथ सौतेला व्यवहार करने तथा क्षेत्रीय जनता से धोखा करने का आरोप लगाया है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने पूरे मामले को देहरादून में उठाने का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर साजिद खान, कुंदन लाल सक्सेना, सईदुल रहमान मलिक, एन यू खान, फिरदौस सलमानी, शरीफ सलमानी, ताहिर मलिक आदि मौजूद रहे।

# उपजातियों को एससी का दर्जा मिले

## बंगाली समुदाय की बैठक में 20 सितंबर को जिला मुख्यालय पहुंचने का लिया गया निर्णय

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में निवास कर रहे बंगाली समुदाय की उपजातियां नमः शूद्र, पौंड्र ,मांझी को अनुसुचित जाति का दर्जा देने की मांग को लेकर 20 सितंबर को जिलाधिकारी को सौंपने का निर्णय लिया गया। जिलेभर से बंगाली समुदाय के लोग रुद्रपुर में एकत्र होंगे।

सोमवार को रवींद्रनाथ टैगोर ऑडिटोरियम में बंगाली यूथ एंड स्टूडेंट के तत्वावधान में जनप्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के बंगाली समाज के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, ग्राम प्रधान, व्यापारी, किसान, मजदूर, युवा व स्टूडेंट्स आदि पहुंचे। वक्ताओं ने आगामी 20 सितम्बर को बंगाली समाज की उपजातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपने का निर्णय लिया। बैठक को दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, भाजपा नेता हिमांशु सरकार, कांग्रेस नेत्री ममता हालदार, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री विजय मंडल व शंकर चक्रवर्ती आदि ने संबोधित किया।


दिनेशपुर में बैठक को संबोधित करते जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा दशकों से बंगाली समाज की उपजातियों को अनुसूचित जाति का पूर्ण दर्जा देने की मांग करते आ रहे हैं। संचालन रवि सरकार ने किया। बैठक में नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, चंदननगर प्रधान विकास सरकार, तारक बाछाड़, आप बंगाली समाज मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, सुदर्शन विश्वास, मनोज राय उर्फ मुन्ना, अनादिरंजन मण्डल, प्रोजीत मंडल, सुकुमार सरकार, प्रसन्नजीत शाह, रोहित मण्डल, अमित वैद्य, मनोज विश्वास, आकाश मंडल, सुब्रत कुमार तरफदार, सुकोमल मंडल, आलोक डे, अनादिरंजन मंडल, गोविंद मंडल, सत्यजीत विश्वास, जीवन राय, वीरेंद्र नाथ हालदार, विजय ढ़ाली, राजू गाईन, सिमरन पांडे, सूरज राय आदि मौजूद रहे।

# सड़क चौड़ीकरण के मामले में मांगी आपत्ति

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** द्रोणा माइनर पर प्रस्तावित मिनी बाईपास के लिए सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण पर लाल निशान लगाने पहुंची सिंचाई विभाग की टीम क्षेत्रवासियों के विरोध के चलते बीते दिन बैरंग लौट गई थी। इस मामले में अब क्षेत्रवासियों से आपत्ति मांगी गई है। उसके निस्तारण के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

मिनी बाईपास के लिए द्रोण माइनर पर सड़क का चौड़ीकरण होना प्रस्तावित है। लगभग 3.02 किमी लंबी सड़क चौड़ीकरण के लिए शासन से 28 करोड़ रुपये भी स्वीकृत हो चुके हैं। बीते शनिवार को सिंचाई विभाग की टीम द्रोण माइनर के लिए कोर्ट रोड के पास अतिक्रमण पर लाल निशान लगाने पहुंची थी। टीम ने बताया कि रामनगर रोड स्थित विश्वकर्मा पेपर मिल से बाजपुर रोड सेठी पेट्रोल पंप तक की सड़क का चौड़ीकरण होना है। नक्शे में सड़क की चौड़ाई 65 फीट है। सड़क की चौड़ाई के लिए दोनों ओर की सड़क की नाप-जोख की जा रही है। इस जद में जो भी कच्चा-पक्का निर्माण होगा उसको ध्वस्त करने के लिए लाल निशान लगाए जाना है। जिसका क्षेत्रवासियों ने विरोध जताया था और टीम बैरंग लौट गई थी।

सोमवार को एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदौला व सिंचाई विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पर विरोध जता रहे क्षेत्रवासियों से वार्ता की। तब एसडीएम ने सुझाव दिया कि इसके लिए राजस्व व सिंचाई विभाग की एक संयुक्त टीम बनाई जाएगी, जो लोगों से आपत्ति लेगी और उसका निस्तारण करके आगे की कार्रवाई करेगी। यहां पर सिंचाई विभाग के एई केशव सिंह, जिलेदार कमल सक्सेना, अपर सहायक अभियंता राजू कुमार व अजय कुमार, आशुतोष वर्मा मौजूद रहे।


पंचायत भवन शांतिपुरी में किसानों को स्वदेशी खादों की जानकारी देते अधिकारी।

### कृषकों को दी स्वदेशी रासायनिक उर्वरकों की जानकारी

**शांतिपुरी :** शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन सभागार में सोमवार को इफको की ओर से किसानों को स्वदेशी कृषि रसायनिकों के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी। कंपनी के क्षितिज अधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि देश के किसानों को रासायनिक खादों के लिए विदेशी आयात पर निर्भर रहने के कारण खादों की अत्यधिक महंगाई तथा समय से इसकी उपलब्धता को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ता था। किसानों की इसी समस्या से निजात पाने तथा कृषि रसायनों के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इफको ने देश में निर्मित नैनो यूरिया, डीएवी, सागरिका आदि विभिन्न प्रकार के जैविक एवं रासायनिक उर्वरकों का निर्माण किया है। इस दौरान मनोज तिवारी, नारायण सिंह बिष्ट, हीरा सिंह कोरंगा, जगदीश तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, चंद्रमोहन जोशी, देवकी नंदन जोशी, गंगा सिंह कोरंगा, मोहन चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।



### भाई का कत्ल करने के लिए 500 रुपये में खरीदा था रामपुरी चाकू

**सितारगंज :** प्रॉपर्टी के विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई का कत्ल करने के लिए रामपुर से लगभग 500 रुपये में चाकू खरीदा था। इसके बाद उसने रविवार को दुकान में घुसकर छोटे भाई गुरिंदर पाल सिंह की गर्दन पर वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने कुछ ही देर में हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने हत्यारोपी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने मृतक गुरिंदर पाल सिंह की पत्नी कंवलजीत कौर की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित कुलदीप सिंह निवासी फरीदकोट पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। कस्बा इंचार्ज इंदर सिंह ढेला ने बताया कि आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# क्रिकेट में चैंपियन बनी डीपीएस

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ ऊधमसिंह नगर के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय अंडर 14 क्रिकेट लीग प्रतियोगिता के फाइनल मैच में डीपीएस क्रिकेट अकादमी की टीम ने जीत दर्ज कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया। अंडर 14 जिला क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला डीपीएस क्रिकेट अकादमी और रुद्रा लायंस क्रिकेट अकादमी के मध्य खेला गया। डीपीएस क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवरों में पांच विकेट खोकर 173 रन का लक्ष्य हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुद्रा लायंस क्रिकेट एकेडमी की टीम 40 ओवर में मात्र 134 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। फाइनल मैच डीपीएस क्रिकेट अकादमी ने रुद्रा लायंस क्रिकेट अकादमी को 39 रनों से हराकर जीत लिया। मैन ऑफ द मैच नीतीश पचौरी रहे। इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



विजयी टीम को ट्रॉफी सौंपते जिला अध्यक्ष अजय तिवारी व अन्य अतिथि।

## धर्म दर्शन

### ब्रज की अधीश्वरी राधा रानी

ब्रज की अधीश्वरी राधाजी के पृथ्वी पर अवतरण की अनेक कल्पना रम्य एक दूसरे की विरोधी कथाएं हमारे पौराणिक साहित्य में विद्यमान हैं। आदिपुराण के अनुसार श्रीहरि विष्णु ने पृथ्वी पर अवतार लेने से पहले अपने परिवार के अंतरंग सदस्यों एवं देवताओं को पृथ्वी पर अवतार लेने का निर्देश दिया था। इस आदेश के अनुपालन में राधा का धरावतरण हुआ। ब्रह्म वैवर्त पुराण (2/49/35/42 तथा नारद पुराण (2/81) के अनुसार गोकुल में दैत्य वृषभानु के अवतार गोप राज वृषभानु गोप की पत्नी कलावती के गर्भ से राधा ने पृथ्वी पर अवतार लिया था। इसके विपरीत पद्मपुराण (7) के अनुसार दक्ष के लिए धरती को स्वच्छ करते समय भूमि कन्या के रूप में मिली राधा का पालन पोषण अपनी पुत्री के समान ही मानकर किया था। ब्रह्मवैवर्त ही अन्यत्र इनका जन्म कृष्ण के वामअंक से अंकित करता है (2/12/16)।


डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

नारद पुराण के अनुसार कृष्ण की अनन्य सखी राधा ने उनको विरजा नामक गोपी के साथ घोर एकांत में एक साथ देख लिया था। क्रोधित राधा इसकी शिकायत करने विष्णु जी के पास गई, किंतु राधा को क्रोधित देख विष्णु जी लुप्त हो गए। इसके विरजा दुबारा कृष्ण के साथ एकांत में देख राधा अपना आपा खो बैठीं। कुपित हो वह बिना सोचे-विचारे श्री हरिविष्णुजी की निंदा करने लगीं। इस पर अत्यंत उग्र हो सुदामा ने राधा को शाप दे दिया- 'तुमको मानव योनि में जन्म लेकर कृष्ण से दीर्घावधि तक विरह दुःख भोगना होगा (नारद पुराण 2/81)। इसका समर्थन ब्रह्मवैवर्त पुराण,2/49) भी करता है। इस पर सुदामा से अत्यंत अप्रसन्न राधा ने सुदामा



को एक लंबी अवधि तक के लिए दानवयोनि में जन्म लेने का शाप दे दिया (देवी भागवत, 2/19)। राधा के शाप के कारण सुदामा को शंखचूड़ असुर के रूप में जन्म ले समुद्र तल में निवास करना पड़ा (ब्रह्मवैवर्त पु., 2/49/34)। सुदामा की प्रार्थना पर कृष्ण ने शाप की अवधि मात्र सौ वर्षों तक कर दी। स्मरणीय है कि सुदामा की मुक्ति के लिए स्वयं श्रीकृष्ण को अपने अनन्य भक्त को मारने के स्थान पर भगवान शिव के हाथों, शंखचूड़ का वध कराना पड़ा था।

आदिपुराण (अध्याय-11) के अनुसार श्री राधा का विवाह उनके अनन्य प्रेमी श्रीकृष्ण के साथ, वैशाख शुक्ल, तृतीया के दिन रोहिणी नक्षत्र में हुआ था, किंतु ब्रह्म वैवर्त (2/49/37) सहित अन्य पुराण राधा का विवाह रायण नामक गोप से बताते हैं। किन्हीं पुराणों में आयु में कृष्ण से 8 वर्षों अधिक बड़ी राधा के पति को नंद गोप की साली तथा कृष्ण की मामी बताते हैं तो कुछ उनकी अनन्य विरहिणी प्रेमिका। ब्रह्मवैवर्त ही कहीं दोनों को एक दूसरे की उपासक बता कहीं राधा को प्राथमिकता दें 'राधा-कृष्ण' का जयनाद करता हैं तो कहीं 'कृष्ण-राधा'। प्रथम पक्ष की संख्या अधिक है (ब्रह्मवैर्त,2/48/12-13;2/49-59)।

### वाचस्पति

अथर्ववेद के प्रथम मंत्र के ऋषि अथर्वा व देवता वाचस्पति हैं। वाक्‌वाणी से अभिव्यक्ति होती है। परब्रह्म में तो अव्यक्त रूप से सभी कुछ समाहित रहता है। जब वह ब्रह्म अव्यक्त को अभिव्यक्त करता है तो उस व्यक्त करने वाले ब्रह्म को ही वाचस्पति कहा जाता है, जिसने इस विश्व को प्रकट किया, उसी से किसी विशिष्ट उपलब्धि के लिए प्रार्थना किया जाना भी समीचीन है। त्रिसप्त की त्रिधा सृष्टि में तीन लोक, तीन गुण, तीन आयाम, त्रिदेव आदि सभी आते हैं। इसके साथ सप्त आवरण, सप्त धातु, सप्त व्याहृतियां, परमाणु के सात प्रकोष्ठ (आर्बिट) आदि भी आते हैं। इन सभी के योग-भेद (म्यूटेशन कांबिनेशन) अनंत बन जाते हैं। उन्हें केवल प्रकटकर्ता वाचस्पति ही भली प्रकार जानते हैं।


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

हमें इस संसार में रहते हुए इन सभी के साथ समुचित वर्ताव करना होगा। इसलिए अथर्ववेद के प्रथम मंत्र में इन्हीं वाचस्पति से प्रार्थना की गई है कि वे उन सब के व्यक्त स्थूल-सूक्ष्म सहयोगों के बल हमें भी प्रदान करें। ऋषि कहते हैं कि ये जो त्रिसप्त (तीन एवं सात के संयोग) विश्व के सभी रूपों को धारण करके सब ओर संव्याप्त और गतिशील हैं, हे वाचस्पते! आप उनके शरीरस्थ बल को आज हमें प्रदान करें। हे वाचस्पते! आप दिव्य ज्ञान से युक्त होकर बारंबार हमारे समक्ष आएं,आप हमें प्रफुल्लित करें। प्राप्त ज्ञान हम में स्थिर रहे। हे देव! धनुष की चढ़ी हुई प्रत्यंचा से खींचे हुए दोनों छोरों के समान दैवीय ज्ञान धारण करने में समर्थ मेधा-बुद्धि एवं वांछित साधन सामग्री आप हमें प्रदान करें। प्राप्त बुद्धि और वैभव हममें पूरी तरह स्थिर रहे। (ज्ञान की प्राप्ति और धारण करने की सामर्थ्य- यह दो क्षमताएं धनुष के दो सिरों की तरह हैं। एक साथ प्रयास पूर्वक बल लगाकर बाण की तरह ज्ञान का वांछित प्रयोग किया जा सकता है)। हे वाकपति! आप हमें अपने पास बुलाएं। इस निमित्त हम आपका आवाहन करते हैं। हमें सदैव आपका सान्निध्य प्राप्त हो। हम कभी भी ज्ञान से विमुख न हों।


## वर्ग पहेली-187

**बाएं से दाएं**

1. 1. कपड़े की गठरी 2. बंडल, गठरी, बुगचा।
5. 1. (पुराण) दुर्गा या चंडी का एक नाम 2. अनंत मूल, सारिवा।
7. 1. लगाना, पोतना 2. वह वस्तु जो लगाई जाए, लेप, उबटन 3. घमंड, अभिमान, अहंकार 4. संबंध, लगाव।
8. रोक, निषेध।
10. किसी वस्तु का भाव, दर, मूल्य।
11. 1. शैव संप्रदाय की एक शाखा 2. उक्त शाखा का अनुयायी 3. भैरव या शक्ति के उपासक, एक प्रकार के तांत्रिक जो अपने हाथ में कपाल या मनुष्य की खोपड़ी लिए रहते हैं 4. बंगाल में रहने वाली एक पुरानी वर्ण संकर जाति।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. बासी 2. खाने की वस्तु जो ख़राब हो चुकी हो 3. सूखी।
2. 1. स्त्री, औरत 2. स्त्री के लिए प्रयुक्त आदरसूचक शब्द।
3. एक पदवाला, एक चरण वाला (छंद या पद्य)।
4. 1. दमन करना 2. नष्ट करना, मिटाना 3. आग लगाना 4. प्रकाशमान करना, चमकाना।
6. जांघ, जंघा।
7. 1. पश्चिमी गोलार्ध का एकमात्र उपमहाद्वीप जो उत्तरी और दक्षिणी दो भागों में बंटा है 2. उत्तरी अमरीका का वह देश जो युनाइटेड स्टेट्स ऑव अमरीका के नाम से जाना जाता है।
9. 1 तोड़ने-फोड़ने



### वर्ग पहेली -186 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 घु | | | 2 ऐ | | |
| प | | 3 खं | ड | 4 ब | रा |
| | 5 सौ | | 6 व | टी | |
| | र | | टो | | 7 पु |
| 8 रा | ज | प | रि | वा | र |
| | ग | | य | | वा |
| 9 पा | त | | ल | | ई |

## सुडोकू -100

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 5 | | 4 | | | | 7 |
| | | 4 | 5 | | | | 3 | |
| 8 | | | 2 | 9 | | | | 1 |
| 4 | | | | | 3 | | 9 | |
| 1 | 8 | | | | | | 2 | 4 |
| | 6 | | 4 | | | | | 3 |
| 7 | | | | 2 | 5 | | | 9 |
| | 2 | | | | 1 | 6 | | |
| 3 | | | | 6 | | 8 | 7 | |

### सुडोकू -99 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 1 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 7 | 5 | 8 |
| 5 | 4 | 3 | 6 | 7 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 8 | 3 | 7 |
| 1 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 5 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 23 .11 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 20 .04 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष:** आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। बजट की कमी के कारण आपके काम कुछ अवरुद्ध हो सकते हैं। सिरदर्द और तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है। आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिए।

**वृष:** आज परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। नया व्यवसाय आप शुरू करने का विचार बना सकते हैं। घर में साज-सजावट की योजना बनाएंगे हैं। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन:** आज शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मित्रों की सलाह आपके काम आएगी।

**कर्क:** आज विवाहेतर संबंधों से बचे अन्यथा प्रतिष्ठा में आंच आ सकती है। मधुमेह के रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बॉस आपसे अचानक किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जानकारी ले सकते हैं।

**सिंह:** आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा। परिवार में सुख और शांति का वातावरण रहेगा।

**कन्या:** आज महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है। व्यापार में तरक्की होने से उत्साहित रहेंगे। दांपत्य जीवन में सामंजस्य बेहतरीन रहेगा।

**तुला:** आज आप वर्तमान स्थिति को लेकर कुछ असंतुष्ट हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परेशानी होने की आशंका है। पैतृक संपत्ति के मामले सुलझ सकते हैं। आपके काम की गति कुछ धीमी रहेगी। नौकरी सहकर्मी आपके प्रति सम्मान की भावना रखेंगे।

**वृश्चिक:** आज नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। ससुराल पक्ष में कोई आयोजन हो सकता है। आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा।

**धनु:** आज आपका किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। क्रोध के कारण दांपत्य संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती है। अच्छे लोगों और शांत चित्त के लोगों के साथ समय बिताएं।

**मकर:** आज कारोबार में वृद्धि हो सकती है। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा। शुभ कार्यों पर आप काफी धन खर्च करेंगे। आपकी मन :स्थिति मजबूत रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जाएंगे। ज्यादा सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें।

**कुंभ:** आज महत्वपूर्ण लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। जॉब में इच्छानुसार स्थानांतरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है। आप कुछ नया शुरू करने का प्रयास करेंगे। उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। घर के बुजुर्गों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- आखिरी गुलाम — सुबह : 09 .00
- राज तिलक — शाम : 06 .00

&pictures
- अंतिम — सुबह : 11.06
- ये साली आशिकी — रात : 08 .00

Sony Pix
- मैकेनिक — सुबह : 11 .12
- गॉडजिला — रात : 09 .00

Zee Cinema
- जय सिम्हा — सुबह : 10 .05
- वेधा — रात : 08 .00

Colors Cineplex
- पुलिस वाला गुंडा 2 — सुबह : 11 .34
- सत्यभामा — रात : 08 .02

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी पिक्स पर रात : 09 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू काफी देर से अपने मैरिज सर्टिफिकेट को देख रहा था।
उसकी पत्नी बोली- इतनी देर से इसे क्यों घूर रहे हो?
पप्पू - इसकी एक्सपायरी डेट ढूंढ रहा हूं।
उसके बाद पत्नी ने पप्पू की एक्सपायरी जैसी हालत कर दी।

मिंटू- भाई मुझे हाथ देखना आता है।
चिंटू- अच्छा मेरा देख जरा।
मिंटू- तुम्हारी हस्तरेखा बताती है कि तुम्हारे घर के नीचे बहुत धन है।
चिंटू- ठीक कहा आपने, मेरे घर के नीचे बैंक की ब्रांच है।

## सार-संक्षेप

### डेढ़ लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल दवा

**अल्मोड़ा :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है। इस बार जिले में करीब एक लाख 32 हजार बच्चों को एल्बेंडाजोल दवा खिलाने का लक्ष्य है। मुख्य चिकित्सका अधिकारी डॉ. आरसी पंत ने बताया कि बच्चों को दवा खिलाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि आज मंगलवार को एक से 19 वर्ष के किशोर और किशोरियों को यह दवा दी जाएगी। बताया कि स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, उच्च शिक्षण संस्थानों में यह दवा खिलाई जाएगी। वंचित बच्चों को 18 और 19 सितंबर को दवा खिलाई जाएगी। सीएमओ ने सभी कर्मियों से अभियान को गंभीरता से लेने को कहा है।



भैंसियाछाना में बंदरों के हमले में घायल महिला।

### खेत में घास काट रही महिला पर बंदरों का हमला, घायल

**अल्मोड़ा :** भैंसियाछाना ग्राम पंचायत में घर के पास खेतों में घास काट रही महिला पर बंदरों के झुंड ने हमला कर घायल कर दिया। अन्य महिलाओं ने हो हल्ला कर बमुश्किल बंदरों के झुंड के हमले से महिला को बचाया। जिसके बाद महिला को उपचार के लिए नजदीकि अस्पताल ले जाया गया। दरअसल, जिले के नगर समेत ग्रामीण इलाकों में इन दिनों कटखने बंदर का आंतक लगातार बढ़ते जा रहा है। बच्चों और बुजुर्ग लोगों का घर से अकेले बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं, सोमवार को भैंसियाछाना ग्राम पंचायत निवासी महिला सावत्री देवी घर के पास ही खेतों में घास काटने का काम रही थी। इस बीच उन पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया। बंदरों के हमले में महिला घायल हो गया। अन्य महिलाओं ने हल्ला कर बंदरों को वहां से भगाया। ग्राम प्रधान संतोष राम ने बताया कि बंदरों के हमले में महिला घायल हो गई। अस्पताल में उपचार कराया गया है।



टनकपुर स्टेडियम में भारत रत्न पंत के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते अतिथि।

### पंडित गोविन्द बल्लभ पंत की जयंती के उपलक्ष्य पर हुए खेल

**टनकपुर :** भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जयंती के उपलक्ष्य पर स्पोर्टस स्टेडियम टनकपुर में जिला स्तरीय खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला क्रीड़ी अधिकारी चंदन सिंह बिष्ट ने किया। अंडर 14 बालक में लॉग जंप में कृष्ण चौहान, बालिका वर्ग में गहना मेहर, 600 मी. इवेंट में बालक वर्ग में पंकज मेहरा, बालिका वर्ग में करीना, 1500 मी दौड़ बालक वर्ग में पंकज मेहरा, बालिका वर्ग में महक, 100 मीटर बालक वर्ग में कृष्णा, बालिका वर्ग में गहना ने बाजी मारी। शॉट पुट बालक वर्ग में हर्षित विश्वकर्मा और गुंजन ने जीते। अंडर 17 लॉग जंप में हेमंत राणा और सोनी जोशी, शॉट पुट में युवराज और नेहा तथा 1500 मी में मिथिलेश और अंजलि पुजारी ने जीत दर्ज की। 100 में आयुष तड़ागी और गहना, 400 मी. में तरुण कुमार और दीपिका विजेता रहे।

### अल्मोड़ा में नवनियुक्त डीएम पांडे ने संभाला कार्यभार

**अल्मोड़ा :** जिले के नव नियुक्त डीएम आलोक कुमार पांडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंच अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार ग्रहण करने से पहले डीएम को गार्ड ऑफ आर्नर दिया गया। 2016 बैच के आईएएस अधिकारी आलोक कुमार पांडे पद ग्रहण करने से पूर्व अपर सचिव सहकारिता, पंचायतीराज, निबंधक सहकारिता एवं निदेशक स्वजल के पद पर कार्यरत थे। डीएम पांडे ने शिकायत कक्ष, भूमि अध्यापित कक्ष, जिला विकास प्राधिकरण, आपदा कंट्रोल रूम, स्टाम्प कक्ष, जनाधार कक्ष, भूमि अभिलेख कक्ष, अभिलेखाकार राजस्व अभिलेख एवं निर्वाचन कार्यालय सहित अन्य पटलों का निरीक्षण किया। कहा कि जनता की छोटी सी छोटी समस्या का निस्तारण करने का प्रयास किया जाए। इस मौके पर एडीएम सीएस मर्तोलिया, एसडीएम सदर जयर्वधन शर्मा, मुख्य कोषाधिकारी पूजा नेगी रहे।



आलोक कुमार पांडे।

### ग्लोरियस एकेडमी में नेपाली व क्षेत्रीय कवियों का जमावड़ा

**बनबसा :** राज्य आंदोलनकारी, कवि, सामाजिक कार्यकर्ता सूबेदार मेजर (रिटायर्ड) स्व. टीकाराम पाण्डेय एकाकी की 11वीं पुण्यतिथि पर ग्लोरियस एकेडमी बनबसा में काव्य गोष्ठी तथा मुशायरे का आयोजन किया गया। इसमें नेपाल, टनकपुर, चकरपुर, बनबसा, खटीमा, पीलीभीत से दो दर्जन से अधिक कवि तथा शायरों ने भाग लिया। राम रतन यादव 'रतन' ने सरस्वती वंदना गुणों का उत्तम प्रसार दो मां, हमारे अवगुण निबार दो मां प्रस्तुत की। ग्लोरियस एकेडमी प्रबंधक एवं आयोजक रविन्द्र पांडेय 'पपीहा' ने अपने पिता की कुछ काव्य रचनाओं को प्रस्तुत किया। अध्यक्षता नेपाल से पधारे वीर बहादुर चंद 'विश्राम' ने की। संचालन सत्यपाल सिंह 'सजग' ने किया। इस मौके पर राम रतन यादव 'रतन', राम चंद्र प्रजापति 'दद्दा', त्रिलोचन जोशी, नीरज सिंह टनकपुर, डॉ. नीलम पाण्डेय खटीमा, शांति देवी 'शांति', हेमा जोशी 'परू', दीपक फुलेरा 'बेबाक' प्रकाश गोस्वामी 'आक्रोश', रविन्द्र पाण्डेय 'पपीहा', कविराज भट्ट, कंचनपुर, नेपाल ने अपनी रचनाओं से सामाजिक विसंगतियों पर प्रहार किया।

### पत्रकार कल्याण कोष सदस्य से की मुलाकात

**रानीखेत :** नेशनल यूनियन ऑफ़ ज़र्नलिस्ट्स इंडिया की अल्मोडा इकाई ने ज़िलाध्यक्ष सतीश जोशी ने यूनियन के पत्रकारों के साथ वन विश्राम गृह कालिका में पत्रकार कल्याण कोष एवं मुख्यमंत्री पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के सदस्य दिनेश जोशी से मुलाकात की। उन्होंने तहसील स्तर पर पत्रकारों की मान्यता प्रक्रिया को शिथिल बनाने, ग़ैर मान्यता प्राप्त पूर्णकालिक पत्रकारों के स्वास्थ्य बीमा एवं पत्रकारों की सुरक्षा के लिए अतिशीघ्र सरकार द्वारा कोई ठोस कदम उठाने के लिए अपने स्तर से प्रयास को लेकर मुख्यमंत्री पत्रकार कल्याण कोष के सदस्य से अपील की। इस दौरान पत्रकारों द्वारा दिनेश जोशी का स्वागत भी किया गया। दिनेश जोशी ने कहा कि प्रदेश में पत्रकारों के उत्थान एवं सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार भविष्य में कई योजनाएं लाने पर विचार कर रही है। उन्होंने पत्रकारों की सभी समस्याओं को अपने स्तर से सरकार तक पहुंचाने का आशवासन भी दिया।

### बाल मेले में बच्चों ने दिखाया कौशल का हुनर

**अल्मोड़ा :** अमन संस्था की ओर से गोविंदपुर में बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक, ड्रॉइंगव निबंध प्रतियोगिता के साथ ही रंगारंग कार्यक्रम हुए। वहीं, बाल अखबार का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। बाल मेले में आयोजित निंबध प्रतियोगिता में वडला निवासी वैष्णवी नेगी प्रथम, लक्षिता द्वितीय रही। नुक्कड़ नाटक में रिखे गावं के बच्चों का ग्रुप प्रथम, ओडला का द्वितीय रहा। ड्रॉइंग प्रतियोगिता में हसन प्रथम, मोक्ष द्वितीय रहे। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। यहां संस्था के प्रमुख रघु तिवारी, नीलिमा भट्ट, ममता बिष्ट, प्रमोद जोशी, शालिनी, तनुजा आगरी, रोशनी, नीमा देवी, हंसी देवी, तुलसी देवी, कविता देवी, पुष्पा देवी रहे।

### चित्रेश्वर में रामलीला की तालीम जारी

**बैरती (अल्मोड़ा) :** चित्रेश्वर शिवालय में दस साल बाद होने जा रही रामलीला को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। रामलीला कमेटी के सभी पदाधिकारी व सदस्य पूरे इस पुनीत यज्ञ की तैयारियों में जुटे हैं। कमेटी के अध्यक्ष खुशाल सिंह नेगी ने बताया कि क्षेत्र के अलावा प्रवासी बन्धुओं एवं माता- बहनों का भी आर्थिक सहयोग मिल रहा है। रामलीला मंचन 3 अक्टूबर से शुरू होगा। डायरेक्टर ललित त्रिपाठी के निर्देशन में कैलाश चंद्र पांडेय (दीप), संजय पांडेय, संतोष मेहरा और कमल सिंह पात्रों को तालीम दे रहे हैं। व्यवस्थापक विन्देश्वरी पांडेय के नेतृत्व में कमेटी के सभी सदस्य अन्य व्यवस्थाओं में जुटे हैं।

# अल्मोड़ा में जागर से किया मां नंदा-सुनंदा का आह्वान

## देर रात लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समा, इयोड़ीपोखर में भी नंदा जागर के साथ भगवान गणेश का आह्वान

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार :** ऐतिहासिक नंदा देवी मेले के तहत विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। देर रात तक लोक कलाकार विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से महोत्सव में रंग जमा रहे है। वहीं, बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम देखने पहुंच रहे। वहीं, विधि विधान से कदली वृक्ष को आमंत्रण दिया गया।

बीते रविवार देर शाम नंदादेवी मंदिर परिसर में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा ने दीप जलाकार कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। स्टार नाइट में कैलाश, ललित गित्यार और मेघना चंद्रा ने कुमाऊनी-गढ़वाली समेत मां नंदा के भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया। वहीं, सोमवार मेले के तहत विभिन्न महिला टीमों की शोत्रा समेत स्वांग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिसका लोगों ने जमकर लुप्त उठाया।

मंदिर कमेटी अध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव मनोज सनवाल, तारा चंद्र जोशी, परितोष जोशी, अर्जुन बिष्ट, अमरनाथ वर्मा, अनुप साह, मुन्ना वर्मा, जगत तिवारी, राजेंद्र सिंह बिष्ट, नवीन बिष्ट, रवि गोयल, नमन बिष्ट, कुलदीप मेर, हरीश कनवाल, अमरनाथ नेगी, मंटू भंडारी, मीना भैसोड़ा, गीता मेहरा, निर्मला जोशी, गोविंद मेहरा, तारा भंडारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



नंदादेवी मेले को लेकर केले की खाम को निमंत्रण देने जाते पुजारी और मंदिर समिति के सदस्य।



रानीखेत में नंदा देवी मेले का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

### इयोड़ीपोखर में नंदा जागर शुरू

**अल्मोड़ा :** नंदादेवी मेले को लेकर जागरिये भी पहुंच गए है। कार्यक्रम देखने लोगों का तांता लगा हुआ है। पांच सदस्यीय जागरियों की टीम ने शाम के समय इयोड़ीपोखर मंदिर में नंदा जागर लगाई। जागर के दौरान लोगों को आशीर्वाद दिया।

### मेले में आज के कार्यक्रम

- कुमाऊनी एवं हिन्दी गायन प्रतियोगिता
- सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन
- गजेंद्र राणा स्टार नाइट

### रानीखेत में मां नंदा-सुनंदा महोत्सव का शुभारंभ

**रानीखेत, अमृत विचार :** 134वें मां नंदा –सुनंदा महोत्सव मेले का शुभारंभ राजपुरा ग्रांउड में रानीखेत मिशन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुनील मसीह द्वारा किया गया। सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय बाल कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पर्यटन नगरी रानीखेत में 134वें मां नंदा– सुनंदा महोत्सव का आगाज़ हो चुका है। मेले का शुभारंभ रानीखेत मिशन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुनील मसीह ने फीता काटकर किया। उन्होंने आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं साथ ही कहा कि वृहद रूप में हो रहा आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने का अवसर देगा। सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय बाल कलाकारों द्वारा लोक संस्कृति आधारित गीत व नृत्य प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक संयोजक विमल सती ने बताया कि सोमवार की रात्रि सांस्कृतिक मंच पर संस्कृति विभाग उत्तराखंड के सौजन्य से नव हिमालय लोक कला समिति अल्मोड़ा के कलाकारों द्वारा गोकुल बिष्ट के निर्देशन में लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जाएंगी। वहीं मंगलवार को देवेन्द्र भट्ट के निर्देशन में विहान ग्रुप अल्मोड़ा के कलाकार अपने गीत एवं नृत्यों से सांस्कृतिक छटा बिखेरेंगे। सती ने बताया कि 11सितम्बर को पूर्वाह्न 11बजे से विभिन्न वर्गों की समूह लोक नृत्य प्रतियोगिता और शकुनाखर (मंगलगीत) प्रतियोगिता तथा पुरस्कार वितरण होगा। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष अंशुल साह, हरीश लाल साह, सोनू सिद्दीकी, गौरव भट्ट, मोहिल साह, अमित पांडेय, पंकज साह जयंत रौतेला, विनोद कांडपाल, विनीत चौरसिया, ललित नेगी, मौजूद रहे। संचालन दीपक पंत ने किया।

### कुमाऊं रेजिमेंट का फ्यूजन बैंड 13 को देगा प्रस्तुति

**रानीखेत :** कुमाऊं रेजिमेंट के फ्यूजन बैंड द्वारा 13 सितंबर को शाम 5 :30 से 6 :30 बजे तक दीवान सिंह हॉल में आम लोगों के लिए लोक संगीत व आधुनिक संगीत की धुनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आमजन इसका आनंद निशुल्क उठा पाएंगे। कुमाऊं रेजिमेंट द्वारा दी गई जानकारी में कहा कि इस अनोखे सांस्कृतिक कार्यक्रम में परंपरा और आधुनिकता का अद्वितीय संगम होगा। यह अवसर विशेष रूप से उन संगीत प्रेमियों के लिए खास है। जो पारंपरिक और समकालीन संगीत के तत्वों का सम्मिश्रण अनुभव करना चाहते हैं। यह कॉन्सर्ट आपको कुमाऊं रेजिमेंट की अद्वितीय संगीत यात्रा का अनुभव करने का अवसर देगा।

# फार्मेसिस्टों की कमी से मरीज हो रहे हैं परेशान

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार :** जिला चिकित्सालय में अन्य कई फार्मेसिस्टों के पद भी रिक्त हैं। यहां पर मात्र एक चीफ फार्मेसिस्ट व एक फार्मेसिस्ट तैनात है। एक फार्मेसिस्ट को अन्य चिकित्सालय से संबद्ध किया है।

जिसे पांच सौ से अधिक मरीजों को दवाइयां वितरित करनी पड़ती हैं। जबकि मानक के अनुसार एक फार्मेसिस्ट 120 मरीजों को दवाइयां बांट सकता है। जिला चिकित्सालय में तैनात एकमात्र चीफ फार्मेसिस्ट के पास स्टोर का भी दायित्व है। एक अन्य फार्मेसिस्ट प्रातः आठ से दो बजे तक इमरजेंसी में डयूटी करते हैं। इसके बाद इमरजेंसी में कोई फार्मेसिस्ट की तैनाती नहीं हो पाती है। एक फार्मेसिस्ट को रवाईखाल से संबद्ध किया गया है।

यहां पर एक फार्मेसिस्ट के पास तीन से पांच सौ मरीजों की जिम्मेदारी है। जिस कारण कई बार वह दवाई की डोज मरीजों को समझा नहीं पाती हैं।

### देवभूमि उद्यमिता योजना का शुभारंभ

**बनबसा :** राजकीय महाविद्यालय बनबसा में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए देवभूमि उद्यमिता योजना का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा ने बताया कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा उन्होंने बताया कि इसके लिए महाविद्यालय में दो दिवसीय बूट कैंप और 12 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने इच्छुक छात्रों से देवभूमि उद्यमिता योजना के पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करने को कहा है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 सितंबर है। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आयु प्रमाणपत्र, अंतिम शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, फोटो आदि दस्तावेज लाने की अपील की है।

# 19 पीड़ितों को वापस दिलाए 11.74 लाख

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार :** बीते अगस्त माह में चम्पावत जिले में साइबर ठगों ने 19 लोगों के खातों से 11,74,327 रुपये की ठगी की थी।

इन पीड़ित लोगों ने इसकी सूचना जनपद साइबर सेल को दी। सीओ शिवराज सिंह राणा ने बताया कि साइबर सेल सम्बन्धित यूपीआई तथा नोडल बैंक से सम्पर्क कर पीड़ितों के खाते से निकाली धनराशि 11,74,327 रुपये को विधिक कार्यवाही कर आवेदक के खातों में वापस कराया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति ठगी का शिकार होता है तो तत्काल नजदीकी थाना, साइबर सेल के टोल फ्री नम्बर-1930, साइबर सेल चम्पावत 8476055260 पर शिकायत दर्ज कराएं। पुलिस टीम में एसआई मीनाक्षी नौटियाल, एसआई केसी जोशी, हेड कांस्टेबल बिहारी लाल, सद्दाम हुसैन, महिला कांस्टेबल रेनू खत्री, आशा गोस्वामी, आशा शर्मा शामिल रहे।



अल्मोड़ा स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते अतिथि।

# अल्मोड़ा वॉरियर्स और शिव शक्ति ने मैच जीते

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

- अल्मोड़ा स्टेडियम में विक्टोरिया प्रीमियर लीग जारी
- सोमवार को प्रतियोगिता के तहत खेले गए दो मुकाबले

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा स्टेडियम में विक्टोरिया प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में सोमवार को दो मैच खेले गए। जिसमें शिव शक्ति व अल्मोड़ा वॉरियर्स ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि किशन लाल टम्टा और अनिल आर्या ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

पहला मैच गोल्डन बॉयज व शिव शक्ति के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शिव शक्ति ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 162 रन बनाये। जवाब में गोल्डन बॉयस 19.4 ओवरों में सभी विकेट खोकर 148 रन ही बना सकी। वहीं, दूसरे मुकाबले में अल्मोड़ा वॉरियर्स ने अल्मोड़ा क्रिकेटर्स को हराया। यहां आयोजक मंडल के मनोज सिंह पवार, रोहित भट्ट, सत्येंद्र कुमार थे।



आंगनबाड़ी केंद्र नयालखोला में सोमवार को बैठक में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

# आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की हेमा बनीं ब्लॉक अध्यक्ष

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

- संघ की बैठक में समस्याओं पर भी की गई चर्चा

**अमृत विचार :** उत्तरांचल आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक में संघ की तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। साथ ही हवालबाग ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

आंगनबाड़ी केंद्र नयालखोला में हुई बैठक में सर्वसम्मति से हेमा भंडारी को ब्लाक अध्यक्ष चुना गया। कमला तिवारी को ब्लाक मंत्री, गुड़िया विशु उपाध्यक्ष, हिमानी जोशी संगठन मंत्री, मीना साह कोषाध्यक्ष, मीना भंडारी प्रचार मंत्री और सीमा पांडे को संचालिका बनाया गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी ने संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। तय किया गया कि शीघ्र ही अन्य विकासखंडों में भी कार्यकारिणी का गठन होगा। यहां जिला अध्यक्ष भगवती बिष्ट, सावित्री बोरा, तारा आर्या, विनीता गुरुरानी, विमला मेर, प्रभा अधिकारी रहे।

## उत्तर प्रदेश

# कोर्ट में पैरवी पर नजर रखेगा न्याय विभाग

- प्रमुख सचिव न्याय विभाग ने सभी एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिवों को भेजा शासनादेश

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में चल रहे ऐसे सभी मुकदमों पर अब सीधे न्याय विभाग नजर रखेगा, जहां शासन से प्रभावी पैरवी की जरूरत होगी। न्याय विभाग के प्रमुख सचिव ने सभी एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिवों को शासनादेश जारी करते हुए कहा है कि शासन के सभी विभागों को अतिमहत्वपूर्ण संवेदनशील वादों की हर सप्ताह जानकारी देनी होगी।यह शासनादेश मुख्यमंत्री कार्यालय के सबसे बड़े अधिकारी एसीएस एसपी गोयल के 2 सितंबर के पत्र के बाद न्याय विभाग से सोमवार को जारी किया है।

न्याय विभाग के प्रमुख सचिव विनोद सिंह रावत ने संबंधित पत्र के पांच बिंदुओं पर अनुपालन सुनिश्चित का कहा है कि इसमें जनहित और राज्यहित में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट में राज्य की ओर से एवं राज्य के विरूद्ध हुई याचिकायों में ससमय पैरवी कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

राज्य के विभिन्न विभागों से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण वादों को चिन्हित कर उन सभी में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराई जाए। मुख्यमंत्री के एसीएस ने इसकी पूरी पत्रावली भी 15 दिन में तलब की है। निर्देश में कहा गया है कि शासन स्तर पर अतिमहत्वपूर्ण संवेदनशील वादों की पैरवी जिसमें शासन पर सीधे प्रभाव पड़ता हो, उसकी सूचना विभागों के नोडल अधिकारी के माध्यम से हर सप्ताह न्याय विभाग को उपलब्ध कराएं। यदि कोई मामला शासन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है तो उसकी सूचना तत्काल नोडल अधिकारी के माध्यम से न्याय विभाग देने में कोई विलंब बर्दाश्त नहीं होगा।

विभागों के नोडल अधिकारी हर सप्ताह लंबित मुकदमों की समीक्षा करके पूरा ब्योरा न्याय विभाग को देंगे। पैरवी करने वाले राज्य विधि अधिकारियों से नोडल अधिकारियों का सामजस्य बनाने से लेकर कोर्ट में तय तिथि से तीन दिन पहले संपर्क करके प्रतिशपथ पत्र दाखिल कराएंगे।

### एसीएस राजेश सिंह की किरकिरी के बाद सरकार सख्त

सुप्रीम कोर्ट में एसीएस कारागार राजेश कुमार सिंह के जवाब से हुई किरकिरी के बाद राज्य सरकार का नया शासनादेश शीर्ष अधिकारियों को सावधान करने वाला है। सुप्रीम कोर्ट के सख्त रूख के बाद शासन ने एसीएस राजेश से उनके सभी विभाग वापस लेकर प्रतीक्षारत कर रखा है। अब भविष्य में ऐसी गलतफहमी या दिक्कतें न हो, इसके लिए न्याय विभाग को मानीटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है।

### ट्रांसजेंडर नीति पर सरकार से मांगा जवाब

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किन्नर समाज की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर नीति तैयार करने के मामले में भारत सरकार, यूपी राज्य, विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से जवाब तलब करते हुए चार सप्ताह के अंदर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने किन्नर शक्ति फाउंडेशन के अध्यक्ष शुभम गौतम के माध्यम से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। याचिका में राज्य स्तर पर गरिमा ग्रह सुविधाओं की स्थापना, ट्रांसजेंडरों की स्वास्थ्य संबंधी जरूरत को पूरा करने के लिए नीतियां तैयार करने आदि मांगें की गई हैं।

### जज के पति का शव गंगा बैराज में मिला

**कानपुर, अमृत विचार:** 31 अगस्त को नानामऊ घाट पर डूबे वाराणसी स्थित निजी मेडिकल कॉलेज के डिप्टी डायरेक्टर आदित्यवर्धन सिंह उर्फ गौरव का शव रविवार रात गंगा बैराज में मिला। शव बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। परिजनों ने बरमूडा व हाथ में पहनी हुई मूंगा की अंगूठी से शिनाख्त की।

मूलरूप से उन्नाव, बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के कबीरपुर गांव निवास आदित्यवर्धन सिंह निजी मेडिकल कॉलेज में डिप्टी डायरेक्टर के पद पर वाराणसी में थे। वह लखनऊ के इंदिरा नगर में रहते थे। उनकी पत्नी श्रेया महाराष्ट्र के अकोला में जज हैं। बीते 31 अगस्त को आदित्यवर्धन दो साथियों योगेश्वर मिश्र व प्रदीप तिवारी के साथ कार से नानामऊ घाट पहुंचे थे और साथियों के साथ गंगा में नहाने लगे। सेल्फी लेने के दौरान वह गहरे पानी में डूब गए थे। रविवार रात करीब 9 बजे उनका शव घटनास्थल से करीब 40 किमी. दूर गंगा बैराज के चैनल नंबर एक के गेट में फंसा मिला।

# भाजपा व सपा चोर-चोर मौसेरे भाई: मायावती

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने सुल्तानपुर मुठभेड़ पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा व सपा चोर-चोर मौसेरे भाई हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स के जरिये कहा कि घटना के बाद से सपा व भाजपा के जरिये एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं।

अपराध, अपराधी व जाति के नाम पर जबरदस्ती की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तरह ही सपा सरकार के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था का बुरा हाल था। अनुसूचित वर्ग, अन्य पिछड़े वर्ग गरीबों, व्यापारियों आदि को सपा के गुंडे-माफिया दिन-दहाड़े लूटते व मारते-पीटते थे। यह सब लोग भूले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वास्तव में कानून का राज बसपा सरकार के कार्यकाल में था। जाति व धर्म के भेदभाव के बिना लोगों को न्याय दिया गया। कोई फर्जी मुठभेड़ आदि भी नहीं हुए। उन्होंने कहा कि भाजपा व सपा के कानूनी राज के नाटक से सभी सजग रहें। बसपा प्रमुख ने अन्य पोस्ट में लिखा कि कानपुर में रेलवे पटरी पर गैस सिलेंडर आदि रखकर रेल दुर्घटना कराने का षडयंत्र विफल होना संतोषजनक है। इसकी उच्च स्तरीय जांच-पड़ताल के बाद दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है, ताकि जन व रेल सुरक्षा बनी रहे।



### तंज

- बसपा प्रमुख ने सुल्तानपुर मुठभेड़ पर कसा तंज
- एक्स पर लिखा, एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं दोनों दल

### बच्ची से की अश्लील हरकत, आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

**भदोही, एजेंसी:** जिले के औराई थाना क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में 12 साल की बच्ची के साथ उसके शिक्षक ने कथित तौर पर अश्लील हरकत की। पुलिस ने सोमवार को आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार शिकायत मिली कि जिले के बेजवा स्थित सरकारी कम्पोज़िट विद्यालय में शनिवार को कक्षा पांच में पढ़ने वाली बच्ची के साथ विनय बाबू (35) ने अश्लील हरकत की है। औराई के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सच्चिदानंद पांडेय ने शिकायत के हवाले से बताया कि शनिवार को स्कूल में बच्ची को एकांत में ले जाकर उसको गोद में बैठाकर गलत हरकत करने लगा। किसी तरह उसके चंगुल से निकल कर बच्ची घर पहुंची और परिजनों को देर से आने का कारण बताया। एसएचओ ने बताया कि रविवार को बच्ची खुद परिजनों के साथ थाने आई और मुकदमा दर्ज कराया।

## एक नजर

### एसबीआई फाउंडेशन ने की आशा छात्रवृत्ति की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक की सीएसआर शाखा एसबीआई फाउंडेशन ने अपने प्रमुख आशा छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तीसरे संस्करण की घोषणा की है जो देश भर में वंचित पृष्ठभूमि के 10,000 मेधावी छात्रों को सहायता देगा। बैंक ने कहा कि कक्षा 6 से स्नातकोत्तर स्तर तक के छात्र अब एक वर्ष में 15,000 से लेकर 20,00,000 रुपये तक की छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकते हैं। यह कार्यक्रम स्कूली छात्रों, स्नातक, स्नातकोत्तर के साथ-साथ भारत में आईआईटी और आईआईएम में नामांकित छात्रों के लिए विशेष श्रेणियां प्रदान करता है।

### अडाणी ग्रीन ने 75 करोड़ डॉलर के बॉण्ड भुनाए

**नई दिल्ली।** अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बॉण्ड को भुनाने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। एजीईएल ने 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर के बॉण्ड को शीघ्र भुनाने की योजना की जनवरी में घोषणा की थी। ये इस सितंबर में परिपक्व हो रहे थे। एजीईएल उद्योगपति गौतम अडाणी के समूह की अक्षय ऊर्जा कंपनी है। कंपनी ने कहा कि उसने आठ सितंबर को देय सभी बकाया 75 करोड़ डॉलर 4.375% होल्डको नोट्स को भुना लिया।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5900 मसूरी- 5800 बासमती- 9800 परमल- 3950

दाल दलहन : काला चना- 9700 साबुत चना दाल- 9800 मूंग साबुत- 10700 राजमा- 13400-15600 दाल उड़द- 10600 साबुत मसूर दाल- 7850 मसूर दाल- 7800 उड़द साबुत- 11700 काबुली चना- 15500 अरहर दाल- 15600 लोबिया/करमानी- 9700 सोयाबीन- 4700 मूंगफली- 11700 मटर (सूखी)- 5800 मक्का- 2900

# सेबी से बचने को एफपीआई ने किया एसएटी का रुख

## बीओ का खुलासे के नियमों से बचने को निवेशकों ने चुना कानूनी विकल्प

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सेबी के समक्ष अंतिम लाभकारी स्वामित्व (बीओ) का खुलासा संबंधी नियमों का पालन करने से बचने के लिए कुछ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने (एफपीआई) कानूनी विकल्प चुना है। मानदंडों का पालन करने की समयसीमा सोमवार को समाप्त हो रही है।

मॉरीशस स्थित दो एफपीआई एलटीएस इन्वेस्टमेंट फंड और लोटस ग्लोबल इन्वेस्टमेंट ने विदेशी निवेशकों के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए मानदंडों का पालन करने से तत्काल राहत पाने के लिए कथित तौर पर प्रतिभूति अपीलीय अधिकरण (एसएटी) का रुख किया है। अमेरिकी निवेश एवं शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की अदाणी समूह पर जनवरी 2023 में जारी रिपोर्ट में इन दो एफपीआई का जिक्र था। इन दो एफपीआई ने एसएटी से अनुरोध किया है कि वह भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को इन नियमों का पालन करने के लिए और समय देने का निर्देश दे।


### आगामी तिमाहियों में एफडीआई प्रवाह में तेजी की उम्मीद



**नई दिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा नीतिगत दर में कटौती की संभावना, अमेरिकी में वृद्धि दर हल्की रहने तथा दूसरी तरफ भारत में अनुकूल आर्थिक परिदृश्य के साथ यहां प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में तेजी आने की उम्मीद है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश इस साल अप्रैल-जून के दौरान 47.8% बढ़कर 16.17 अरब डॉलर रहा है। पिछले एक दशक में निवेश स्रोत बदल गये हैं और इसमें विविधता आई है। पूंजी नए उभरते क्षेत्रों से आ रही है। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि आठ साल पहले की तुलना में, बिजली, निर्माण, स्वास्थ्य सेवा, रसायन और गैर-पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र अब आकर्षक निवेश स्थल बन गये हैं।

# पीई से समझें कंपनी के शेयर की स्थिति...

पीई रेशियो ( प्राइस-टू-अर्निंग रेशियो) एक वित्तीय अनुपात है जो कंपनी के शेयर की कीमत को प्रति शेयर की आमदनी (ईपीएस) से विभाजित करता है। यह निवेशकों को कंपनी के शेयर की मूल्यवत्ता को समझने में मदद करता है। यह रेशियो निवेशकों को यह संकेत देता है कि कंपनी के शेयर की कीमत उसकी आमदनी की तुलना में कितनी अधिक या कम है। सामान्यत: पीई रेशियो 15-20 के बीच होता है, लेकिन यह विभिन्न उद्योगों और बाजार स्थितियों के आधार पर भिन्न हो सकता है। पीई रेशियो के आधार पर निवेश करते समय, अन्य वित्तीय संकेतकों और कंपनी के भविष्य की संभावनाओं का भी मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है। आइये इसके बारे में जाने...




**इसे कैसे देखे**

**वित्तीय रिपोर्ट्स :** कंपनियों की वित्तीय रिपोर्ट्स और उनकी वेबसाइट्स पर पीई रेशियो की जानकारी अक्सर मिलती है।

**वित्तीय समाचार और वेबसाइट्स :** कई वित्तीय समाचार और डेटाबेस जैसे कि याहू फाइनेंस, गूगल फाइनेंस पर भी पीई रेशियो मिल सकता है।

**स्टॉक ब्रोकर्स और निवेश सलाहकार :** ये भी आपको कंपनी का पीई रेशियो और अन्य वित्तीय जानकारी उपलब्ध कराते हैं।

**लाभ :** पीई रेशियो निवेशकों को यह समझने में मदद करता है कि कंपनी के शेयर की कीमत उसकी आमदनी की तुलना में कितनी अधिक या कम है। उच्च पीई का मतलब है कि शेयर की कीमत अधिक है, जो वृद्धि का संकेत है। निम्न पीई का मतलब है कि शेयर की कीमत कम है, जो निवेश का अच्छा समय है यदि कंपनी की संभावनाएं अच्छी हैं।

**मानक:** पीई सामान्य या स्वस्थ सीमा विभिन्न उद्योगों के अनुसार बदलती है। तकनीकी और फिनटेक कंपनियों के लिए पीई उच्च हो सकता है जबकि परंपरागत औद्योगिक क्षेत्रों के लिए यह कम हो सकता है। सामान्यत: एक औसत पीई 15-20 के बीच होता है, लेकिन यह उद्योग और बाजार की स्थितियों पर निर्भर करता है।

**कितना हो की करें निवेश**

**तुलना :** निवेश से पहले, समान कंपनियों के पीई देखें। इससे पता चलेगा कि कंपनी का रेशियो बाजार के मुकाबले कैसा है।

**विकास की संभावनाएं :** उच्च पीई का मतलब होता है कि बाजार कंपनी की वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। आप कंपनी की वित्तीय स्थिति, प्रतिस्पर्धा और संभावनाओं का विश्लेषण करें।

**प्रत्याशित लाभ :** उचित निवेश निर्णय लेने को कंपनी की संभावनाओं, वित्तीय स्थिति और अन्य फैक्टरों पर विचार करें।

याद रखें कि पीई अकेला निर्णय लेने का सही आधार नहीं है। अन्य वित्तीय संकेतकों का भी विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है।

# मत्स्य पालन के 51 हजार से ज्यादा केसीसी लंबित

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



- 30 सितंबर तक पट्टाधारकों को बांटना है ऋण, समय कम
- खराब प्रगति पर शासन ने जताई नाराजगी, लाभार्थी वंचित

**अमृत विचार :** प्रदेश में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से मत्स्य पालन बढ़ाने की योजना पर बैंकों ने पानी फेर दिया है। जिलों पर ऋण लेकर मत्स्य पालन करने के लिए तालाब पट्टा धारकों द्वारा किए गए 51 हजार से ज्यादा आवेदन बैंक शाखाओं पर लंबित हैं। जो समय रहते स्वीकृति न होने से हजारों लाभार्थी मत्स्य पालन करने से वंचित हैं। जबकि मत्स्य पालकों को केसीसी के आच्छादित करने की यह केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। 30 सितंबर तक ऋण वितरण करके लक्ष्य की पूर्ति करना है। जो कम समय रहते सभी आवेदन स्वीकृत करना मुश्किल है। लापरवाही का कारण केसीसी पर ऋण फंसने के डर से वितरण न करना है। जबकि वितरण वितरण का लक्ष्य बैंकों द्वारा निर्धारित किया गया था। इससे खराब स्थिति केसीसी पर पशुपालन करने की है।

### मत्स्य विभाग ने सत्यापित किए थे आवेदन

केसीसी पर ऋण के लिए पट्टाधारकों द्वारा किए गए आवेदन मत्स्य विभाग द्वारा सत्यापित करके जमा कराए गए थे। इस वजह से किसी तरह की कमी की संभावना नहीं है। इसके बाद भी सत्यापित आवेदन स्वीकृत नहीं किए गए और समय निकल गया। इस पर शासन ने नाराजगी जताई है और निदेशालय से समीक्षा करके आवेदन स्वीकृत करने के लिए सभी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है। साथ ही स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी एवं महानिदेशक संस्थागत वित्त को प्रगति रिपोर्ट भेजी है।

### 1.30 लाख में 5185 आवेदन स्वीकृत

वित्तीय वर्ष में 30 सितंबर तक 1.30 लाख केसीसी पर ऋण वितरण करने का लक्ष्य है। 21 अगस्त तक 59,677 आवेदन किए गए। इसमें 2,884 आवेदन निरस्त किए गए और 5185 स्वीकृत हो पाए। जबकि 51,608 आवेदन लंबित रहे।

## इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम को बढ़ाया जाएगा: भारी उद्योग मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सोमवार को कहा कि इलेक्ट्रिक दोपहिया तथा तिपहिया वाहनों को प्रोत्साहन देने वाली इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन योजना 2024 को फेम-3 को अंतिम रूप दिए जाने तक बढ़ाया जाएगा। ऑटोमोटिव कम्पोनेंट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (एसीएमए) के वार्षिक सत्र में भारी उद्योग मंत्री कुमारस्वामी ने कहा कि (हाइब्रिड एवं) इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने व विनिर्माण (फेम) से जुड़ी योजना के तीसरे चरण को अंतिम रूप देने में कुछ और समय लगेगा।

## औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 2.15% हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू 1.3 अंक बढ़कर 142.7 अंक पर पहुंचा, जून में 141.4 अंक था

औद्योगिक श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति इस साल जुलाई में घटकर 2.15 प्रतिशत रह गई। श्रम मंत्रालय से जारी बयान में कहा गया कि जुलाई, 2024 के लिए अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू (औद्योगिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) 1.3 अंक बढ़कर 142.7 अंक पर पहुंच गया। यह जून, 2024 में 141.4 अंक था।

बयान में कहा गया कि मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.54 प्रतिशत की तुलना में जुलाई, 2024 में घटकर 2.15 प्रतिशत रह गई। इसी तरह जून, 2024 में मुद्रास्फीति 3.67 प्रतिशत रही, जो जून, 2023 में 5.57 प्रतिशत थी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत आने वाला श्रम ब्यूरो देश के 88 औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण केंद्रों के 317 बाजारों से जुटाई गई खुदरा कीमतों के आधार पर हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक तैयार करता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी में दो गिरफ्तार

**नोएडा।** एसटीएफ ने शेयर बाजार कारोबार में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी के आरोप में गिरोह के सगरना समेत दो लोगों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ (नोएडा इकाई) के एसपी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि गाजियाबाद के वसुंधरा के सेक्टर-पांच में मोहन मिकिन्स सोसाइटी के फ्लैट से दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान बागपत निवासी विनोद धामा और रविंद्र उर्फ नवाब के रूप में हुई है। दोनों ने उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और हैदराबाद के 500 से अधिक लोगों से 70 करोड़ से ज्यादा की ठगी की है।

### मध्यप्रदेश में चिकित्सक सहित आठ लोग डूबे

**विदिशा/खंडवा।** मध्यप्रदेश के विदिशा, सीहोर और खंडवा जिलों में अलग-अलग घटनाओं में विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के एक जवान और चिकित्सक सहित आठ लोग डूब गए। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि विदिशा जिले में बेतवा नदी के विभिन्न घाटपर पांच लोग डूब गए, सीहोर के दिगंबर झरने में एक चिकित्सक और खंडवा में अग्नि नदी में दो युवती डूब गईं।

### राहुल राज की फांसी की सजा बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बीटेक की छात्रा से दुष्कर्म और हत्या के जुर्म में राहुल राज को बेल देने से इनकार करते हुए फांसी की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने उसकी याचिका रद कर दी। राहुल को रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने फांसी की सजा दी थी, जिसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। न्यायाधीश आनंद सेन और गौतम चौधरी सुनवाई की।

# मणिपुर राजभवन पर छात्रों ने किया पथराव, 20 घायल

## ड्रोन, मिसाइल हमलों के खिलाफ मुख्यमंत्री को छह सूत्री मांगपत्र सौंपा, छात्रों की पुलिस से झड़प

- सुरक्षाबलों ने छात्रों को रोका, आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट दागे



राज्य में हिंसा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों को रोकते सुरक्षाकर्मी।

मणिपुर में हाल में हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर इंफाल में स्कूल-कॉलेज के हजारों छात्रों ने सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय और राजभवन के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। इस दौरान वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों में भगदड़ मच गई।

पुलिस और सुरक्षाबलों ने छात्रों को बैरिकेड लगाकर रोका और कई राउंड आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट दागे। इसमें 20 से ज्यादा छात्र घायल हो गए।

छात्र राज्य में बढ़ी हिंसक घटनाओं को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें स्थानीय लोग भी हैं। रविवार को किशमपट के टिडिम रोड पर 3 किलोमीटर तक मार्च निकालने के बाद प्रदर्शनकारी राजभवन और मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच गए। यह राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाहते थे। सोमवार को सुरक्षाबलों ने ज्ञापन की मांग पूरी कर दी, इसके बाद भी छात्र प्रदर्शन करते रहे। छात्रों का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक वे यहां से जाएंगे नहीं, जिस पर उनकी सुरक्षाबलों से झड़प शुरू हो गई।

मणिपुर में पिछले दिनों ड्रोन से विस्फोटक गिराने और मिसाइल दागने की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई थी और दस लोग घायल हो गए थे। छात्रों ने प्राधिकारियों के स्थिति से निपटने में कथित तौर पर नाकाम रहने को लेकर निराशा व्यक्त की। उन्होंने मणिपुर जिंदाबाद, सभी अक्षम विधायक इस्तीफा दें और राज्य सरकार को एकीकृत कमान सौंपें जैसे नारे लगाए। बाद में छात्रों ने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और राज्यपाल एल आचार्य से मुलाकात की। छात्रों ने बताया कि उन्होंने हिंसा पर काबू पाने में नाकाम पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और सुरक्षा सलाहकार को पद से हटाने समेत छह मांगें रखी हैं।

### मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त किया जाए: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। इंफाल वेस्ट जिले के कौत्रुक गांव में रिमोट नियंत्रित ड्रोन का इस्तेमाल करके गत एक सितंबर को हमला किया गया था जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी तथा नौ अन्य घायल हो गए थे। इससे अगले दिन तीन किलोमीटर दूर सेंजाम चिरांग में फिर से ड्रोन का इस्तेमाल किया गया और इस हमले में तीन लोग घायल हुए।

## मुस्लिम युवाओं को क्रिप्टो करेंसी से आईएस में भर्ती की हुई साजिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**रामेश्वरम कैफे विस्फोट**

- एनआईए ने चार लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

एनआईए ने बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे विस्फोट में चार आरोपियों के खिलाफ सोमवार को आरोपपत्र दाखिल किया। एनआईए ने कहा कि मुसाविर हुसैन शाजिब, अब्दुल मतीन अहमद ताहा, माज मुनीर अहमद और मुजम्मिल शरीफ न्यायिक हिरासत में हैं। ताहा और शाजिब को उनके आका ने क्रिप्टो करेंसी से धन दिया था, जिससे मुस्लिम युवाओ को आईएस में भर्ती करने और आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की योजना थी।

आरोपियों ने धन का इस्तेमाल बेंगलुरु में हिंसा की कई घटनाओं के लिए किया था। इनमें 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन, बेंगलुरु के मल्लेश्वरम स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय पर विफल आईईडी हमला भी है, जिसके बाद दो प्रमुख आरोपियों ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट की योजना बनाई थी। आरोपपत्र बेंगलुरु की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल किया गया। इस साल एक मार्च को बेंगलुरु के ब्रुकफील्ड स्थित रामेश्वरम कैफे में हुए आईईडी विस्फोट में नौ लोग घायल हो गए थे। एनआईए को जांच से पता चला कि शाजिब ने बम रखा था। शाजिब और ताहा अल-हिंद मॉड्यूल का भंडाफोड़ होने के बाद से फरार थे, जिनको पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया गया था।

# कांग्रेस करे फैसला, नहीं तो सभी 90 उम्मीदवारों की कर देंगे घोषणा : आप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आप की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस पांच अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उसके साथ गठबंधन को अंतिम रूप देने में विफल रहती है तो पार्टी आज शाम तक सभी 90 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी।

गुप्ता ने कहा कि आप सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है। गठबंधन के संबंध पर उन्होंने कहा कि हम शाम तक 90 सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी करेंगे। आप जितनी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है उनकी संख्या को लेकर दोनों पार्टियों में बातचीत अटकी हुई है। पार्टी 10 सीटों की मांग कर रही है, जबकि कांग्रेस पांच सीटों की पेशकश कर रही है।

### आप ने हरियाणा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** आप ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की, जिससे कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए वार्ता में बाधा पैदा होने का संकेत मिलता है। आप नेता अनुराग ढांडा को कलायत से और इंदु शर्मा को भिवानी से मैदान में उतारा है। विकास नेहरा को महम से और बिजेंद्र हुड्डा को रोहतक से मैदान में उतारा गया है। आप कितनी सीट पर चुनाव पर लड़ेगी, इसको लेकर बातचीत अटक गई है।

# कोर्ट ने जरूरी दस्तावेज नहीं होने पर जताई चिंता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**चिकित्सक से दरिंदगी**

- सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को जांच पर 17 तक नई रिपोर्ट जमा करने का दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना के मामले में पोस्टमार्टम के लिए जरूरी दस्तावेज नहीं होने पर सोमवार को चिंता जताई। साथ ही पीठ ने सीबीआई से इसकी जांच करने को कहा।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि चालान के इस्तेमाल का कोई उल्लेख नहीं है। उन्होंने सीबीआई और पश्चिम बंगाल सरकार से जवाब मांगा। पीठ ने कहा कि जब शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सौंपा गया था तो इसका चालान कहां है? पीठ में न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी हैं। सीबीआई की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को सूचित किया कि चालान उनके रिकॉर्ड का हिस्सा नहीं है। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पीठ से कहा कि उन्हें तत्काल दस्तावेज नहीं मिल पाया है और वह इस बारे में बाद में अदालत को बताएंगे। न्यायालय ने प्राथमिकी दर्ज होने में कोलकाता पुलिस की ओर से की गई कम से कम 14 घंटे की देरी पर भी सवाल उठाया। न्यायालय ने सीबीआई को जांच पर 17 सितंबर तक नई रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### केंद्र की साजिश में वामपंथी दल शामिल हैं : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि कोलकाता में चिकित्सक से हुई घटना जन आक्रोश को लेकर केंद्र साजिश रच रहा है। उन्होंने दावा किया कि इसमें कुछ वामपंथी दल भी हैं। राज्य सचिवालय नबान्न में प्रशासनिक समीक्षा बैठक में ममता ने यह भी दावा किया कि उन्होंने मृतक चिकित्सक के माता-पिता को कभी पैसों की पेशकश नहीं की। उन्होंने लोगों से दुर्गा पूजा नजदीक होने पर उत्सवों की ओर लौटने का अनुरोध किया।

## दर्शन व आरोपियों की न्यायिक हिरासत 12 तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने रेणुकास्वामी हत्या मामले में आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा के साथ उनकी महिला मित्र पवित्रा गौड़ा और अन्य की न्यायिक हिरासत की अवधि 12 सितंबर तक बढ़ा दी है। दर्शन और पवित्रा समेत सभी 17 आरोपियों को सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने पर राज्य की विभिन्न जेलों से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए 24वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया।

## आईआईटी गुवाहाटी के छात्रावास में मृत मिला उत्तर प्रदेश का छात्र

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के छात्रावास के कमरे में सोमवार को कंप्यूटर विज्ञान का छात्र मृत मिला। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी छात्र का शव ब्रह्मपुत्र छात्रावास के उसके कमरे में मिला। वह कंप्यूटर विज्ञान में तीसरे वर्ष का छात्र था।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस साल गुवाहाटी आईआईटी में किसी छात्र की मौत की यह चौथी घटना है। नौ अगस्त को एक छात्रा का शव कमरे में फंदे से लटका मिला था। प्रवक्ता ने कहा कि गुवाहाटी आईआईटी को बेहद दुख के साथ सूचना देनी पड़ रही है कि हमारे समुदाय के एक छात्र की मौत हो गई है। हम इस कठिन समय में छात्र के परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं।

## 23 अक्टूबर को केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा हाईकोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को 23 अक्टूबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले की जांच में ईडी से जारी समन को चुनौती दी है। सुनवाई टालते हुए न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने कहा कि ईडी के जवाब पर केजरीवाल का प्रत्युत्तर रिकॉर्ड पर नहीं है। केजरीवाल के वकील ने कहा कि प्रत्युत्तर दायर हुआ है, हो सकता है कि कोर्ट के रिकॉर्ड में न हो।

**आबकारी घोटाला मामला**

### अमानतुल्लाह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने आप विधायक अमानतुल्लाह खान को धन शोधन के मामले में सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने मामले की सुनवाई की।

## मोदी ने पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया है। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर है और प्रधानमंत्री ने उससे पहले लोगों से यह आग्रह किया है। मोदी ने समाज में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले जमीनी स्तर के नायकों को पहचानने के महत्व पर जोर दिया। नामांकन प्रक्रिया के पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने प्राप्त नामांकन की संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त की है और अधिक लोगों से आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों के लिए योग्य उम्मीदवारों को नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स कहा कि पिछले दशक में, हमने अनगिनत जमीनी स्तर के नायकों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया है।

# जेल में बंद आरोपी दूसरे आपराधिक मामले में अग्रिम जमानत का हकदार है : न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- तीन न्यायधीशों की पीठ ने की सुनवाई, बोले- गिरफ्तारी के बाद जमानत का आवेदन एकमात्र उपाय

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि किसी मामले में हिरासत में बंद आरोपी दूसरे मामले में यदि गिरफ्तार नहीं हुआ है तो वह अग्रिम जमानत पाने का हकदार है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ उस कानूनी प्रश्न पर सुनवाई कर रही थी कि क्या जेल में बंद आरोपी को किसी अन्य आपराधिक मामले में गिरफ्तारी पूर्व जमानत के लिए अर्जी देने का अधिकार है?

न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि एक आरोपी तब तक अग्रिम जमानत पाने का हकदार है जब तक उसे उस अपराध के संबंध में गिरफ्तार नहीं किया गया है और यदि उसे उस मामले में भी गिरफ्तार किया गया है तो नियमित जमानत के लिए आवेदन करना एकमात्र उपाय है। यह फैसला 2023 में दाखिल धनराज अश्वनी की याचिका पर आया है जिसमें यह सवाल उठाया गया था। पीठ ने कहा कि ऐसा कोई स्पष्ट प्रतिबंध नहीं है जो किसी आरोपी को किसी अन्य अपराध के संबंध में हिरासत में होने पर अग्रिम जमानत देने के लिए सत्र या उच्च न्यायालय को रोकता है। किसी मामले में हिरासत में होने का प्रभाव किसी दूसरे मामले में गिरफ्तारी की आशंका को दूर करने पर नहीं पड़ता है।

# गिलेस्पी ने दी पीसीबी को सलाह, बोले- कप्तानों को जल्दबाजी में बर्खास्त न करें

**कराची, एजेंसी**

पाकिस्तान के सीमित ओवरों और टेस्ट टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी ने देश के क्रिकेट बोर्ड को सभी प्रारूपों में हालिया खराब प्रदर्शन के बाद जल्दबाजी में कप्तान नहीं बदलने की सलाह दी है।

भारत में 2023 में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के राउंड रॉबिन दौर से बाहर होने के बाद बाबर आजम को सीमित ओवरों की कप्तानी से बर्खास्त कर दिया गया था। उनकी जगह लेने वाले शाहीन शाह अफरीदी को एक खराब श्रृंखला के बाद हटा दिया गया था। इसी तरह टेस्ट में बाबर के इस्तीफा देने के बाद, शान मसूद को कप्तान बनाया था।



● गैरी कर्स्टन और जेसन ने बोर्ड से कहा- टीम की बेहतरी के लिए कप्तानी में चाहते हैं निरंतरता

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि मसूद और बाबर की बर्खास्तगी के बारे में हालिया मीडिया अटकलें कयास से ज्यादा कुछ नहीं हैं। कप्तानों को बदलने पर कोई चर्चा नहीं हुई है क्योंकि पीसीबी अध्यक्ष नकवी ने यह फैसला दोनों कोच और चयनकर्ताओं पर छोड़ा है। कर्स्टन और गिलेस्पी बहुत स्पष्ट है कि शान और बाबर दोनों को उनकी नेतृत्व क्षमता का आकलन करने से पहले उचित समय दिए जाने की जरूरत है। दोनों कोच कप्तानी में निरंतरता चाहते हैं और उन्होंने यह बात बता दी है।

# पंत टेस्ट के महान खिलाड़ी बनने की राह पर : गांगुली



**कोलकाता, एजेंसी**

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सर्वकालिक महान खिलाड़ी बनने की राह पर हैं, लेकिन साथ ही उन्हें छोटे प्रारूपों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में चोटिल होने के बाद पंत को रविवार को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और पूरी उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा। पंत ने इस साल के शुरू में सीमित ओवरों के प्रारूप में वापसी की थी और इनमें अच्छा प्रदर्शन किया था।



● भारत के पूर्व कप्तान सौरव बोले- भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का इंतजार कर रहा हूं, वहां होगी भारतीय टीम की असली परीक्षा

गांगुली ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा मैं ऋषभ पंत को भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक मानता हूं। उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी से मैं हैरान नहीं हूं। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में खेलते रहेंगे। अगर वह इसी तरह प्रदर्शन करता रहा तो टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल हो जाएगा। मेरा मानना है कि उसे छोटे प्रारूपों में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। वह प्रतिभाशाली है और मुझे यकीन है कि वह जल्द ही ऐसा करने में सफल रहेगा। मोहम्मद शमी को टखने के ऑपरेशन के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया लेकिन गांगुली को विश्वास है कि यह तेज गेंदबाज इस साल के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियाई दौरे से पहले पूरी तरह फिट हो जाएगा। मैं जानता हूं कि मोहम्मद शमी चोटिल होने के कारण टीम में शामिल नहीं है लेकिन वह जल्द ही वापसी करेगा क्योंकि भारत को ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे का इंतजार कर रहा हूं। टीम की वहां असली परीक्षा होगी।

## खेल डायरी

### गीली आउटफील्ड के कारण पहले दिन का खेल रद्द

न्यूजीलैंड-अफगानिस्तान टेस्ट



**ग्रेटर नोएडा।** न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट के शुरुआती दिन सोमवार को यहां गीली आउटफील्ड के कारण खेल संभव नहीं हो सका। मैच अधिकारियों ने दिन भर कई बार निरीक्षण किया लेकिन परिस्थितियां खिलाड़ियों के मैदान में उतरने के लिए उपयुक्त नहीं थीं। सोमवार को बारिश नहीं हुई लेकिन आधुनिक ड्रेनेज (जल निकासी) व्यवस्था के अभाव के कारण पिछले सप्ताह भारी बारिश से मैदान प्रभावित हुआ। पूरे सप्ताह बारिश और तूफान के पूर्वानुमान के कारण यह देखना होगा कि टेस्ट मैच खराब मौसम से कितना प्रभावित होता है। अफगानिस्तान को 2017 में टेस्ट दर्जा मिला है और न्यूजीलैंड के खिलाफ यह उनका पहला टेस्ट मैच है। अफगानिस्तान ने अब तक 10 टेस्ट मैच खेले हैं। उसे बांग्लादेश, श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ अपनी पिछली तीन टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। न्यूजीलैंड के लिए यह इस साल मार्च के बाद पहला टेस्ट मैच है।

### वैशाली के लिए ग्लोबल शतरंज आनंद से सीखने का मौका

**लंदन।** भारतीय ग्रैंड मास्टर आर वैशाली तीन से 12 अक्टूबर तक यहां होने वाले ग्लोबल शतरंज लीग में पहली बार भाग लेने को लेकर काफी उत्साहित हैं क्योंकि इसमें उन्हें अपनी टीम के साथी और दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद से कुछ नया सीखने को मिलेगा। वैशाली को इस प्रतियोगिता में पांच बार के विश्व चैंपियन आनंद के साथ गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स की टीम में रखा गया है जबकि उनके भाई आर प्रज्ञानंदा नार्वे के मैगनस कार्लसन के साथ अल्पाइन एसजी पाइपर्स की टीम में शामिल हैं। वैशाली ने कहा मैं उस टीम में हूं जिसमें विशी (आनंद) सर हैं। उनके साथ खेलना मेरे लिए विशेष होगा। इस तरह के टूर्नामेंट से निश्चित तौर पर खिलाड़ियों को अपने खेल में सुधार करने में मदद मिलेगी। यह मेरे लिए कुछ नया सीखने का शानदार मौका होगा।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों को मिला वीजा

**लाहौर।** भारतीय उच्चायोग से वीजा मिलने के बाद पाकिस्तान का 12 सदस्यीय दल दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ (सैफ) जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए सोमवार को चेन्नई के लिए रवाना हो गए। एक अधिकारी ने पुष्टि की कि शनिवार को वीजा मिलने के बाद एथलीट और अधिकारी चेन्नई के लिए रवाना हो गए हैं। अधिकारी ने कहा पाकिस्तान का दल वाघा सीमा के रास्ते रवाना हो गया है, जहां से वे अमृतसर जाएंगे और वहां से विमान से चेन्नई पहुंचेंगे जहां दक्षिण एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। बाद में इस प्रतियोगिता के आयोजक भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा कि पाकिस्तानी दल वाघा सीमा पर पहुंच गया है। एएफआई ने टीम की तस्वीर के साथ ट्वीट किया पाकिस्तान की जूनियर एथलेटिक्स टीम और अधिकारी आज अमृतसर में वाघा सीमा पर पहुंच गए हैं। सैफ जूनियर चैंपियनशिप 11 से 13 तक चेन्नई में आयोजित की जाएगी।

### दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखलाओं के लिए घोषित की टीम

**केपटाउन।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की मेजबानी में दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान और आयरलैंड के साथ होने वाली एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिए टीम की घोषणा की है। दक्षिण अफ्रीका के सफेद गेंद के प्रमुख कोच रॉब वाल्टर ने टीम की घोषणा करते हुए कहा कि ऑलराउंडर एंडिले सिमेलेने को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। टी-20 खेल चुके ऑलराउंडर जेसन स्मिथ और स्पिनर नकबा पीटर एकदिवसीय टीम में पर्दापण करेंगे। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार तेम्बा बावुमा अफगानिस्तान और आयरलैंड दोनों सीरीज के लिए एकदिवसीय टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि एडेन मारक्रम टी-20 टीम की अगुआई करेंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय टीम में तेम्बा बावुमा (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, नंद्रे बर्गर, डी जोर्जी, फोर्टुइन, हेंड्रिक्स, एडेन मारक्रम, मुल्डर, लुंगी एन्गिडी, फेहलुकवेओ, नकाबा पीटर, एंडिले, स्मिथ, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन और लिजाद विलियम्स शामिल हैं।

# भारत ने ध्वस्त किया जापान का डिफेंस

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम ने जापान को 5-1 से हराकर हासिल की लगातार दूसरी जीत

● पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से कल भिड़ेगी भारतीय टीम 17 सितंबर को खेला जाएगा फाइनल

**हुलुनबुइर (चीन), एजेंसी**

सुखजीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। सुखजीत ने दूसरे और 60वें मिनट में गोल किए जबकि अभिषेक (तीसरे), संजय (17वें) और उत्तम सिंह (54वें) अन्य गोल करने वाले भारतीय खिलाड़ी रहे।

मात्सुमोतो काजुमासा ने 41वें मिनट में जापान के लिए एक गोल किया। रविवार को अपने शुरुआती राउंड-रॉबिन लीग मैच में चीन को 3-0 से हराने वाली चार बार की चैंपियन भारतीय टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले जबकि जापान की टीम ने पांच पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। भारत ने मैच के दूसरे मिनट में ही सुखजीत के शानदार मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। सर्कल के दाईं ओर खड़े संजय ने क्रॉस किया जिसे सुखजीत ने तेजी से डिफ्लेक्ट कर दिया। भारत ने अगले मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी जब अभिषेक ने कई जापानी डिफेंडरों को चकमा देते हुए गोलकीपर को हैरान करके गोल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी यही आक्रामक सिलसिला जारी रहा जब संजय ने 17वें मिनट में शानदार पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। हाफ टाइम तक 3-0 की बढ़त के साथ भारत अच्छी स्थिति में था।



एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के लीग मैच में जापान के खिलाफ गोल दागने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

टूर्नामेंट के पिछले चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली जापानी टीम ने 21वें मिनट में पेनलटी कॉर्नर हासिल करने के लिए हमले तेज किए, लेकिन जापान के ड्रैग फ्लिकर भारतीयों के सामने नाकाम रहे। भारतीय टीम ने तेजी से जवाबी हमला किया और इस दौरान जुगराज सिंह ने फ्री हिट हासिल की, पर इसका कोई फायदा नहीं मिला। दूसरे क्वार्टर में एक गोल से भारत ने दबदबा बनाये रखा। इस दौरान उन्होंने 11 बार सर्कल में प्रवेश किया और गोल पर तीन शॉट लगाए। हाफ-टाइम ब्रेक के बाद भारत ने फुर्ती बनाए रखने की कोशिश की। फिर जापान के लिए 41वें मिनट में काजुमासा ने मैदानी गोल कर दिया। भारत के लिए चौथे गोल का श्रेय जर्मनप्रीत सिंह के अच्छे स्टिक वर्क को जाता है जिन्होंने बेहतरीन मैदानी गोल करने में उत्तम सिंह की मदद की। फिर अभिषेक की सहायता से सुखजीत ने 60वें मिनट में अपने नाम एक और गोल किया।

मैच के नायक अभिषेक ने कहा आज पूरी टीम ने प्रयास किया और हमने बेसिक्स पर ध्यान दिया। हमने अच्छा आक्रमण किया और सुनिश्चित किया कि हम गोल पर ध्यान लगाए रहें। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम बुधवार को पिछले चरण की उपविजेता टीम मलेशिया से भिड़ेगी। मंगलवार को आराम का दिन है। छह टीमों के बीच राउंड-रॉबिन लीग के बाद शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। फाइनल 17 सितंबर को होगा।

# रोनाल्डो के रिकॉर्ड 132वें गोल से जीती पुर्तगाल टीम

**लंदन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फिर से साबित किया कि वह 39 वर्ष के होने के बावजूद पुर्तगाल के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा और 88वें मिनट में निर्णायक गोल किया।

इससे पुर्तगाल ने नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। पांच बार वर्ष के विश्व में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 132वां गोल था जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो यूरोपीय चैंपियनशिप के पांच मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन पुर्तगाल के कोच रॉबर्ट मार्टिनेज ने इस दिग्गज खिलाड़ी पर भरोसा बनाए रखा और उनका यह फैसला सही साबित हो रहा है। गुरुवार को क्रोएशिया पर 2-1 की जीत में भी रोनाल्डो ने अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में उन्होंने क्लब और देश की तरफ से कुल मिलाकर अपने करियर का 900वां गोल किया था।

### 100वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने पर होगा हैरी केन का सम्मान

**लंदन।** इंग्लैंड के फुटबॉल टीम कप्तान हैरी केन को मंगलवार को वेम्बली में फिनलैंड के खिलाफ नेशंस लीग मैच से पहले अपने देश के लिए 100वां मैच खेलने के अवसर पर सोने की टोपी प्रदान की जाएगी। इंग्लैंड की टीम मंगलवार को फिनलैंड के खिलाफ खेलेगी। बायर्न म्यूनिख का यह दिग्गज स्ट्राइकर इस मुकाबले में 100 मैच खेलने वाला इंग्लैंड का 10वां खिलाड़ी बनेगा। वह 2014 में वेन रूनी के बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले देश के पहले खिलाड़ी होंगे। केन के नाम इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 66 अंतर्राष्ट्रीय गोल करने का रिकॉर्ड है।

# भारतीय टीम ने जीते सात स्वर्ण सहित 21 पदक : एनआरएआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ (एनआरएआई) ने सोमवार को बताया कि भारत ने जर्मनी के हनोवर में दूसरी विश्व बधिर निशानेबाजी चैंपियनशिप में सात स्वर्ण सहित 21 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। रविवार को समाप्त हुए टूर्नामेंट में भारत ने सात रजत और इतने ही कांस्य पदक भी जीते।

एनआरएआई की एक विज्ञप्ति के अनुसार, यूक्रेन सात स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर और मेजबान जर्मनी दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

बधिर निशानेबाजी विश्व कप



स्पर्धा के आखिरी दिन माहित संधू ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में स्वर्ण पदक जीता। अभिनव देशवाल ने पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि चेतन हनमंत सपकाल ने इसी स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम में 13 निशानेबाज शामिल थे जिन्होंने चैंपियनशिप की 16 में से 15 स्पर्धाओं में भाग लिया।

# सिनर के सिर सजा अमेरिकी ओपन का ताज

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

पिछले दिनों डोपिंग मामले में दोष मुक्त होने वाले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता। सिनर ने आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 12वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज के खिलाफ अपने बेसलाइन के खेल का शानदार नमूना पेश किया और 6-3, 6-4, 7-5 से जीत दर्ज करके अमेरिका का वर्ष के इस अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीतने का पिछले 21 वर्षों से चला आ रहा इंतजार बढ़ा दिया।



अमेरिकी ओपन जीतने बाद ट्रॉफी को चुमते यानिक सिनर। ● एजेंसी

इटली के 23 वर्षीय सिनर ने कहा मेरे लिए यह ट्रॉफी काफी मायने रखती है क्योंकि मेरे करियर का पिछला कुछ समय काफी मुश्किल भरा था। सिनर के करियर का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है। उन्होंने इस साल के शुरू में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भी पुरुष एकल की ट्रॉफी जीती थी। फ्रिट्ज के पास अमेरिका का इंतजार खत्म करने का मौका था

● सिनर ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराया, लंबा हुआ अमेरिका का इंतजार

लेकिन फाइनल में उनकी सिनर के सामने एक नहीं चली जिससे दर्शक काफी मायूस हुए। एंडी रोडिक अमेरिका के आखिरी खिलाड़ी थे जिन्होंने अमेरिकी ओपन में पुरुष एकल का खिताब जीता था। उन्होंने 2003 में यहां ट्रॉफी जीती थी। फ्रिट्ज पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रहे थे। वह 2009 के बाद किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के पहले पुरुष खिलाड़ी थे। उनसे पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पहुंचने वाले आखिरी खिलाड़ी भी रोडिक थे जो 2009 में विंबलडन में रोजर फेडरर से हार गए थे।

## बॉलीवुड हलचल

# दक्षिण भारतीय फिल्मों में दिखाई जाती हैं जड़ों से जुड़ी कहानियां : तमन्ना



**मुंबई।** जानीमानी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया का कहना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं, इसलिये उन्हें वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल हो रही है। तमन्नया भाटिया दक्षिण भारतीय फिल्मों के साथ ही बॉलीवुड फिल्मों में भी सक्रिय हैं। तमन्ना भाटिया ने दक्षिण भारतीय फिल्म और बॉलीवुड की फिल्मों के बीच अंतर बताया है। तमन्ना भाटिया का मानना है कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में जड़ों से जुड़ी कहानियां दिखाई जाती हैं और यही वजह है कि उन्हें वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता हासिल हो रही है और फिल्में डबिंग वगैरह के जरिए लोगों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारतीय फिल्मों में केवल वही बात कहने की कोशिश की जा रही है, जिसे वे अच्छे से जानते हैं। दक्षिण की फिल्मों में वहां की भौगोलिक स्थिति के बारे में खूब बात होती हैं।


# स्त्री-2 ने तोड़ा गदर-2 का रिकार्ड



**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने फिल्म गदर 2 का रिकार्ड तोड़ते दिया है और यह फिल्म हिंदी में सबसे अधिक कमाई करने वाली चौथी फिल्म बन गई है। फिल्म स्त्री 2 वर्ष 2018 में रिलीज सुपरहिट फिल्म स्त्री का सीक्वल है। फिल्म स्त्री 2 में श्रद्धा कपूर, राज कुमार राव, पंकज त्रिपाठी, अपारशक्ति खुराना, तमन्ना भाटिया, अभिषेक बनर्जी जैसे कलाकार हैं। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी फिल्म स्त्री 2, हर दिन बॉक्स ऑफिस पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर चौथे वीकेंड में एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाया। इस फिल्म ने गदर 2 के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ते हुए भारत में अब तक की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई। सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने 525 .7 करोड़ रुपये की कमाई की थी। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, स्त्री 2 ने अपने 25वें दिन इस आंकड़े को पार करते हुए कुल 527 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। भारतीय बाजार में नेट कमाई के मामले में शाहरूख खान की फिल्म जवान 640 करोड़ रूपये की कमाई के साथ पहले नंबर पर रहे। दूसरे नंबर पर रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल है जिसने 553 करोड़ की कमाई की। तीसरे नंबर पर शाहरूख की हीं फिल्म पठान है, जिसने नेट 543 करोड़ की कमाई की है। फिल्म स्त्री 2 का निर्माण दिनेश विजान ने मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज की ज्योति देशपांडे के साथ मिलकर किया है।

# फिल्म कन्नप्पा की टीम ने जारी किया पोस्टर

**मुंबई।** बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार के 57वें जन्मदिन के मौके पर कन्नप्पा की टीम ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके किरदार का एक मनमोहक पोस्टर भी साझा किया। अक्षय जल्द ही तेलुगु फिल्म कन्नप्पा में भगवान शिव की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में हैं। कन्नप्पा फिल्म के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर पोस्ट में लिखा गया @अक्षय कुमार को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! इस फिल्म में भगवान शिव का आपका चित्रण आपके अटूट समर्पण का प्रमाण है। टीम #कन्नप्पा आपको आज और हमेशा खुश रहने की कामना करती है। पोस्टर में अक्षय का चेहरा सामने नहीं आया है, लेकिन पवित्र रुद्राक्ष माला से सजी उनकी भुजाओं ने प्रशंसकों का उत्साह दोगुना कर दिया। कन्नप्पा का निर्देशन मुकेश कुमार सिंह द्वारा किया गया है और फिल्म मांचू के बैनर एवीए एंटरटेनमेंट और 24 फ्रेम्स फैक्ट्री द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में प्रीति मुकुंदन, मोहनलाल, मोहन बाबू, आर सरथकुमार, ब्रह्मानंदम, मधु और मुकेश ऋषि भी हैं। इसे तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, सहित हिंदी और अंग्रेजी भाषा में रिलीज किया जाएगा। कन्नप्पा एक पौराणिक कल्पना है। रिलीज डेट का अभी खुलासा नहीं किया गया है।




## नेगेटिव बातों से खुद को दूर बनाए रखती हैं अनन्या पांडे

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे का कहना है कि वह नेगेटिव बातों से खुद को दूर रखती है। बॉलीवुड अभिनेता चंकी पांडे की बेटी की इन दिनों अपनी वेबसीरीज कॉल मी बे को लेकर चर्चा में है। अनन्या ने बताया कि वह नेगेटिव बातों से खुद को दूर रखती हैं। अनन्या पांडे ने कहा, मैं अच्छे काम पर फोकस कर रही हूं, लोगों को जो कहना है कहते रहें, मुझपर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। हर किसी का एक नजरिया होता है, जजमेंट होता है। लोग हर तरह की बातें करते हैं। मैंने भी समय के साथ कई चीजें सीखी हैं। मैं फालतू के जजमेंट्स पर ध्यान नहीं देती। आप कितना भी कुछ कर लो, लोग कुछ न कुछ नेगेटिव ढूंढ़ ही लेंगे इसलिए बेहतर है कि आप अपने काम पर फोकस करो।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### कुवैत के तेल मंत्री इमाद अतीकी बर्खास्त

**दोहा।** कुवैत के अमीर (बादशाह) मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह ने उप प्रधानमंत्री एवं तेल मंत्री इमाद अतीकी को बर्खास्त कर दिया है। सरकारी समाचार एजेंसी (केयूएनए) ने रविवार को अमीर के आदेश का हवाला देते हुए यह रिपोर्ट दी। एक अन्य आदेश के माध्यम से अमीर ने वित्त मंत्री एवं आर्थिक मामलों की मंत्री नूरा फासम को उनके मौजूदा कर्तव्यों के अलावा कार्यवाहक तेल मंत्री के रूप में नियुक्त किया।

### विज्ञापन को लेकर गूगल पर एक और मुकदमा

**एलेक्जेंड्रिया।** गूगल के सर्च इंजन को एक न्यायाधीश द्वारा अवैध एकाधिकार वाला बताए जाने के करीब एक महीने बाद प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी को उसकी विज्ञापन तकनीक को लेकर एक और मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। न्याय विभाग और राज्यों का तर्क है कि गूगल ने ऑनलाइन प्रकाशकों को विज्ञापनदाताओं से मिलाने वाली तकनीक पर एकाधिकार बनाया है और उसे कायम रखा है।

### वियतनाम में तूफान से मरने वालों की संख्या 59 हुई

**हनोई।** उत्तरी वियतनाम में तूफान के कारण हुई अधिक बारिश के चलते सोमवार को बाढ़ आ गई, जिसमें एक पुल टूट गया और एक बस बह गई। सरकारी मीडिया के अनुसार दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में इस प्राकृतिक आपदा में 59 लोगों की जान जा चुकी है। वियतनाम में शनिवार को आये तूफान में नौ लोगों की मौत हो गई और इसके परिणामस्वरूप आई बाढ़ और भूस्खलन के दौरान 50 अन्य लोगों की जान जा चुकी है। उत्तरी वियतनाम में कई नदियों का जल स्तर ख़तरनाक स्तर पर है।

### जयपुर साहित्य उत्सव का ह्यूस्टन में समापन

**ह्यूस्टन।** जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएफ) के सातवें संस्करण का ह्यूस्टन में भव्य आयोजन किया गया जिसमें तीन दिन तक प्रभावी बातचीत, दमदार प्रस्तुतियों और विचारों का उत्सव मनाया गया। विश्व स्तर पर प्रसिद्ध इस साहित्योत्सव में अनेक अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लेखकों, विचारकों और स्थानीय रचनाकारों ने भाग लिया। साहित्यकारों ने नारीवाद, जलवायु परिवर्तन, साहित्य की सर्जनात्मक शक्ति और व्यक्तिगत और वैश्विक विमर्श के बीच के अंतरसंबंध जैसे सामयिक मुद्दों पर नए दृष्टिकोण प्रस्तुत किए।

### फंड जारी करने में देरी पर आईएमएफ की आलोचना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) पर देश में पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट के सत्ता में आने के बाद जानबूझकर फंड जारी करने में देरी करने का आरोप लगाते हुए संगठन की आलोचना की तथा उसकी मंशा पर सवाल उठाए। डार ने पाकिस्तानी ओवरसीज फाउंडेशन की ओर से लंदन में आयोजित एक रक्षा कार्यक्रम में कहा कि आईएमएफ ने सभी समीक्षाएं पूरी होने के बावजूद जानबूझकर फंड का वितरण नहीं किया है।

# इजराइल की सीरिया में भीषण गोलीबारी, 14 लोगों की मौत

- 40 से अधिक घायल, वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र को भी बनाया निशाना

दमिश्क, एजेंसी

इजराइल ने रविवार देर रात सीरिया के कई इलाकों में हमले किए जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई जबकि 40 से अधिक लोग घायल हो गए। सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने बताया कि रविवार देर रात मध्य सीरिया के कई इलाकों में इजराइली हमले हुए, जिसके बाद हमास प्रांत में एक राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गया और आग लग गई, जिसके बाद सोमवार सुबह दमकलकर्मी आग पर काबू करने के लिए जूझते दिखे।

पश्चिमी हमास प्रांत के मस्याफ नेशनल हॉस्पिटल द्वारा दी गई शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार मरने वालों की संख्या चार थी। अस्पताल प्रमुख फैसल हैदर के हवाले से 'सना' ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मरने वालों की संख्या 14 हो गई है जबकि 40 अन्य घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ब्रिटेन से संचालित युद्ध निगरानी संस्था 'सीरियन ऑब्सर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स' की रिपोर्ट के अनुसार एक हमले में मस्याफ में एक वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र और उन अन्य स्थलों को निशाना बनाया गया जहां ईरानी मिलीशिया और विशेषज्ञ सीरिया में हथियार विकसित करने के लिए ठहरे थे।

स्थानीय मीडिया ने तटीय शहर टार्टस के आसपास भी हमले की सूचना दी। इजराइल की सेना की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इजराइल ने हाल के वर्षों में युद्धग्रस्त सीरिया के सरकारी नियंत्रण वाले हिस्सों में सैकड़ों हमले किए हैं, लेकिन उसने कभी इन हमलों को स्वीकार नहीं किया है।

# अवसाद, चिंता, अकेलापन खत्म कर रहे जीने की चाहत

दस सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आत्महत्या के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसके प्रति लोगों को संवेदनशील बनाना है। आत्महत्या एक गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या है, जो विश्वभर में एक बड़ी चुनौती बन गई है। हर साल लाखों लोग इसके शिकार होते हैं, जिसमें युवा पीढ़ी अधिक प्रभावित होती है। आत्महत्या के पीछे कई कारण हो सकते हैं, जिनमें अवसाद, चिंता, अकेलापन और सामाजिक दबाव शामिल हैं। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम आत्महत्या के बारे में खुलकर बात करें और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाएं। हमें उन लोगों की मदद करनी चाहिए जो आत्महत्या के विचारों से जूझ रहे हैं और उन्हें मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान करनी चाहिए। आत्महत्या रोकथाम दिवस पर हमें आत्महत्या के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का संकल्प लेना चाहिए। हमें मिलकर आत्महत्या को रोकने के लिए काम करना चाहिए और एक सुरक्षित और संवेदनशील समाज बनाना चाहिए।

### विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस



### किशोरों में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति

किशोर आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, और इसके पीछे मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं कुछ प्रमुख कारण हैं। स्कूल-कॉलेज की पढ़ाई का तनाव, एग्जाम का प्रेशर, जॉब की टेंशन, शर्मिंदगी और तरह-तरह की नकारात्मक भावनाओं से टीन एजर्स काफी घिरे रहते हैं। जब उनके मन में नकारात्मकता बहुत अधिक बढ़ जाती है और वे स्थिति से लड़ नहीं पाते हैं तो वे आत्महत्या जैसी कदम उठाते हैं। आत्महत्या को रोकने के लिए समय पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करना और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज करना आवश्यक है। लोगों के बीच समय बिताना, गेम्स खेलना, म्यूजिक सुनना, खानपान अच्छा रखना और एक्सरसाइज, योग और मेडिटेशन करना कुछ उपाय हैं जो मदद कर सकते हैं।

### मोबाइल और टीवी संस्कृति का भी प्रभाव

मोबाइल और टीवी पर दिखाए जाने वाले कार्यक्रमों में अक्सर नकारात्मक संदेश और हिंसा दिखाई जाती है, जो युवाओं को नकारात्मक विचारों की ओर धकेल सकती है। मोबाइल और टीवी के अधिक उपयोग से युवा अकेलापन महसूस कर सकते हैं, जो उन्हें आत्महत्या की ओर धकेल सकता है।

### कई कारक हैं जिम्मेदार

- मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं : अवसाद, चिंता, और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं आत्महत्या के प्रमुख कारक हो सकती हैं।
- जीवन की परिस्थितियां : जीवन की कठिन परिस्थितियां, जैसे कि आर्थिक समस्याएं, रिश्तों में समस्याएं और सामाजिक अलगाव आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- दुर्व्यवहार और हिंसा : शारीरिक, मानसिक या यौन दुर्व्यवहार भी आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- नशीली दवाओं का सेवन : नशीली दवाओं का सेवन आत्महत्या के जोखिम को बढ़ा सकता है।
- पारिवारिक इतिहास : अगर परिवार में पहले आत्महत्या की घटनाएं हुई हैं तो इसका जोखिम बढ़ सकता है।
- अकेलापन और सामाजिक अलगाव : अकेलापन और सामाजिक अलगाव आत्महत्या के कारक हो सकते हैं।
- चिकित्सा समस्याएं : कुछ चिकित्सा समस्याएं, जैसे कि गंभीर दर्द या असाध्य बीमारी, आत्महत्या की कारक हो सकती हैं।


# भारत-यूएई में चार समझौते

## रणनीतिक संबंधों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और शेख खालिद के बीच हुई वार्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबू धाबी के वली अहद (युवराज) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ व्यापक वार्ता की तथा दोनों देशों ने समग्र रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऊर्जा सहयोग बढ़ाने के लिए सोमवार को चार समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (एडीएनओसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच दीर्घकालिक एलएनजी आपूर्ति के लिए एक समझौता और एडीएनओसी और इंडिया स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के बीच समझौता चार समझौतों में शामिल हैं। अमीरात परमाणु ऊर्जा कंपनी (ईएनईसी) और न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) ने भी बाराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के संचालन और रखरखाव के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। चौथा समझौता अबू धाबी तटवर्ती ब्लॉक-वन के लिए ऊर्जा भारत और एडीएनओसी के बीच उत्पादन रियायत समझौता है। भारत में फूड पार्क स्थापित करने के लिए गुजरात सरकार और अबू धाबी डेवलपमेंट होल्डिंग कंपनी पीजेएससी के बीच एक अलग समझौता किया गया।



अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद के साथ नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में एक बैठक के दौरान बातचीत करते प्रधानमंत्री मोदी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने कहा कि मोदी और युवराज अल नाहयान ने रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के उद्देश्य से भारत और यूएई के बीच बहुआयामी संबंधों पर चर्चा की। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि भारत-यूएई संबंधों में शानदार प्रगति हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अबू धाबी के युवराज शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। जायसवाल ने कहा कि दोनों नेताओं ने बहुआयामी भारत-यूएई संबंधों और नए एवं उभरते क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने के अवसरों पर चर्चा की। नाहयान अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा के तहत रविवार को नई दिल्ली पहुंचे। मोदी से बातचीत के बाद शाह ने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। जायसवाल ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि उनकी शिक्षाएं हमें प्रेरित करती रहती हैं। हम यूएई के साथ अपनी दोस्ती को मजबूत कर रहे हैं। समझा जाता है कि अपनी बातचीत के दौरान मोदी और अल नाहयान ने गाजा में स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर भी विचार-विमर्श किया।

### भारत-यूएई के संबंधों में कुछ वर्षों में आई प्रगाढ़ता

भारत-यूएई संबंधों में पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगाढ़ता आई है। अगस्त 2015 में मोदी की यूएई की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए भारतीय रुपये और दिरहम (संयुक्त अरब अमीरात की मुद्रा) के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) और जुलाई 2023 में एक स्थानीय मुद्रा निपटान (एलसीएस) प्रणाली पर हस्ताक्षर किए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में लगभग 85 अरब अमेरिकी अमरीकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ दोनों देश एक-दूसरे के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से हैं। 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भी यूएई, भारत में शीर्ष चार निवेशकों में शामिल है।

# पाकिस्तानी बलों से संघर्ष में आठ तालिबान मारे गए

**इस्लामाबाद।** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पास सीमावर्ती क्षेत्र में पाकिस्तान के सुरक्षा बलों के साथ भीषण झड़प में आठ अफगान तालिबान मारे गए हैं जिनमें दो प्रमुख कमांडर शामिल हैं।

प्रांत के खुर्रम सीमावर्ती जिले में सप्ताहांत में सामने आई घटना में अफगान तालिबान के 16 जवान घायल भी हो गए हैं। अफगान पक्ष ने शनिवार सुबह पाक-अफगान सीमा पर पलोसिन इलाके में भारी हथियारों से पाकिस्तानी चौकी पर हमला किया था।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुआ विस्फोट, छह घायल

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम से जुड़े कार्यकर्ताओं को ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए बम विस्फोट में तीन पुलिसकर्मियों सहित छह लोग घायल हो गए।

घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत स्थिर बताई गई है। पुलिस की टुकड़ियां विस्फोट स्थल पर पहुंचीं।

# सेना-नौसेना के अभियानों के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने समुद्र और जमीन पर सेना और नौसेना के संयुक्त अभियानों के संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इसके लिए संयुक्त सिद्धांत यानी 'एम्फीबियस डोक्टराइन' जारी कर दिया। जनरल चौहान ने सोमवार को यहां चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीओएससी) की बैठक के दौरान इस तरह के अभियानों के संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया।

यह एक प्रमुख प्रकाशन है जो मौजूदा जटिल सैन्य माहौल में संचालन के लिए कमांडरों को मार्गदर्शन प्रदान करेगा। यह क्षमता सशस्त्र बलों को युद्ध और शांतिकाल दोनों में हिंद महासागर क्षेत्र में विभिन्न अभियान चलाने का अधिकार देती है। ये अभियान मल्टी-डोमेन ऑपरेशन का एक महत्वपूर्ण घटक हैं और सशस्त्र बलों के बीच सामंजस्य तथा एकीकरण का सबसे अच्छा उदाहरण हैं। साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत के बाद जमीन और समुद्र दोनों में कार्रवाई के लिए जारी किया जाने वाला यह दूसरा संयुक्त सिद्धांत है।

### सुखोई-30 के इंजन के लिए 26,000 करोड़ का अनुबंध

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की एयरोस्पेस कंपनी 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (एचएएल) के साथ सुखोई-30एमकेआई विमान के लिए 240 एयरो-इंजन की खरीद के वास्ते 26,000 करोड़ रुपये का समझौता सोमवार को किया। एयरो-इंजन का निर्माण एचएएल के कोरापुट डिवीजन द्वारा किया जाएगा। उम्मीद है कि यह सुखोई-30 बेड़े की परिचालन क्षमता को बनाए रखने के लिए भारतीय वायु सेना की जरूरत को पूरा करेगा। रक्षा मंत्रालय ने सुखोई-30 एमकेआई विमान के लिए 240 एल-31एफपी एयरो इंजन के वास्ते एचएएल के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। उसमें कहा गया है कि यह अनुबंध 26 हजार करोड़ रुपये का है। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी की उपस्थिति में मंत्रालय और एचएएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

# भारत-जापान वित्तीय सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और जापान ने वित्तीय सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमति जताई है। वित्त मंत्रालय की ओर से सोमवार जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, टोक्यो में आयोजित 'दूसरे भारत-जापान वित्त संवाद' में दोनों देशों ने वित्तीय संबंधों की मजबूती पर चर्चा की। इस दौरान दोनों देशों ने एक-दूसरे की वृहद-आर्थिक स्थिति पर अपनी राय से भी अवगत कराया। इस बैठक में भारत और जापान ने अन्य देशों में सहयोग, द्विपक्षीय सहयोग और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिभागियों ने विनियमन एवं निगरानी, वित्तीय डिजिटलीकरण और दोनों देशों में अन्य नीतिगत पहल सहित वित्तीय क्षेत्र के मुद्दों पर विचार साझा किए।

# यूट्यूब पर वीडियो देख की सर्जरी, किशोर की मौत

- आरोपी झोलाछाप को पुलिस ने किया गिरफ्तार

छपरा, एजेंसी

बिहार के सारण जिले में एक 'झोलाछाप' द्वारा यूट्यूब वीडियो देखकर पित्ताशय से पथरी निकालने की सर्जरी किए जाने के बाद एक किशोर की मौत हो गई। सारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार आशीष ने सोमवार को बताया कि आरोपी चिकित्सक अजीत कुमार पुरी को रविवार रात गोपालगंज जिले से गिरफ्तार कर लिया गया।

मृतक किशोर की पहचान सारण जिले के भुआलपुर गांव के निवासी गोलू उर्फ कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार, गोलू को कुछ समय से पेट दर्द की शिकायत थी, जिसके बाद शुक्रवार को उसे सारण के धर्मबागी बाजार स्थित एक निजी क्लीनिक में ले गए। जिला पुलिस ने कहा कि गोलू को भर्ती करने के बाद झोलाछाप ने पित्ताशय की सर्जरी करने का फैसला किया... और उसकी टीम के सदस्यों ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर सर्जरी की। सर्जरी के बाद गोलू की हालत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि झोलाछाप ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर सर्जरी की। गोलू के दादा प्रह्लाद प्रसाद ने कहा कि चिकित्सक ने मुझे डीजल लाने के लिए भेजा था, जब मैं वापस आया, तो देखा कि पुरी यूट्यूब पर एक वीडियो देखकर मेरे पोते का ऑपरेशन कर रहा था।

# मस्क 2027 तक बन सकते हैं विश्व के पहले ट्रिलियनेयर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन (10 खरब) से अधिक की संपत्ति अर्जित कर विश्व के पहले ट्रिलियनेयर बन सकते हैं। ब्रिटेन के अखबार द गार्डियन ने इंफॉर्मा कनेक्ट एकेडमी के एक पेपर का हवाले से यह जानकारी दी है। मस्क की संपत्ति सालाना औसतन 110 प्रतिशत बढ़ रही है, जिसके आधार पर यह पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 'फोर्ब्स' के अनुसार 81.2 अरब डॉलर की संपत्ति वाले भारतीय अरबपति गौतम अडाणी 2028 में दूसरे ट्रिलियनेयर बन सकते हैं।



# सब मेड इन चाइना, इसलिए बेरोजगारी

वाशिंगटन, एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारत में उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा है कि वैश्विक उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है इसलिए वह बेरोजगारी का सामना नहीं कर रहा है जबकि भारत और अमेरिका समेत पश्चिमी देश बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे हैं। रविवार को डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, गांधी ने कहा कि भारत में कौशल की कोई कमी नहीं है और अगर देश उत्पादन के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर दे तो वह चीन से प्रतिस्पर्धा कर सकता है। उन्होंने शिक्षा प्रणाली पर वैचारिक कब्जे का जिक्र करते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षण को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### राहुल गांधी कोई पप्पू नहीं हैं : सैम पित्रोदा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा ने कहा है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी कोई पप्पू नहीं हैं और भारतीय जनता पार्टी जो प्रचार करती है उसके विपरीत वह उच्च शिक्षित, पढ़े-गुने और रणनीतिकार हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा ने रविवार को डलास में टेक्सास विवि में छात्रों को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष का परिचय देते हुए यह टिप्पणी की।



### संघ के विपरीत, विचारों की बहुलता को मानती है कांग्रेस

राहुल ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर निशाना साधा और कहा कि जहां उनका मानना है कि भारत एक विचार है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस का मानना है कि भारत विचारों की बहुलता वाला देश है। डलास में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा, कि हमारा मानना है कि हर किसी को सपने देखने की अनुमति दी जानी चाहिए।

### राहुल भारतीय लोकतंत्र के लिए काला धब्बा : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने राहुल गांधी पर अमेरिका में उनकी ताजा टिप्पणी को लेकर तीखा हमला बोला और उन्हें भारतीय लोकतंत्र के लिए 'काला धब्बा' करार दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने राहुल गांधी पर विदेश में भारतीय लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया।

# खाड़ी देशों से मजबूत होंगे भारत के रिश्ते

- विदेश मंत्री जयशंकर ने छह देशों के विदेश मंत्रियों से की द्विपक्षीय चर्चा

रियाद, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को खाड़ी देशों के अपने समकक्षों के साथ बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति की समीक्षा की तथा उन्हें और अधिक गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में शामिल होने के लिए तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को सऊदी अरब की राजधानी पहुंचे।

जयशंकर ने सोमवार को कतर के प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से मुलाकात की जो विदेश मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे हैं। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल रहमान बिन जासिम अल सानी से भारत-कतर के द्विपक्षीय रिश्तों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय बैठक की और द्विपक्षीय रिश्तों में प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से वैश्विक एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। जयशंकर ने रियाद में ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसईदी से द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर बात की। उन्होंने बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल लतीफ बिन राशिल अल जयानी से भी मुलाकात की। विदेश मंत्री ने कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याहया और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से भी मुलाकात की।



कतर के विदेश मंत्री मुहम्मद बिन अब्दुल रहमान से मुलाकात करते जयशंकर।

# बांग्लादेश को 1 लाख अमेरिकी डॉलर देगा सिंगापुर

**सिंगापुर।** सिंगापुर ने रविवार को पूर्वी बांग्लादेश में भीषण बाढ़ के बाद सिंगापुर रेड क्रॉस (एसआरसी) के सार्वजनिक धन जुटाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह योगदान मानवीय राहत प्रयासों और प्रभावित समुदायों की तत्काल जरूरतों को समर्थन प्रदान करेगा।

पांच सितंबर को एसआरसी ने बांग्लादेश में आपातकालीन कार्यों के लिए 50,000 अमेरिकी डॉलर देने का वादा किया था, जिससे बांग्लादेश रेड क्रिसेंट सोसाइटी के माध्यम से प्रभावित समुदायों को राहत प्रदान की जा सके। एसआरसी ने कहा कि वह स्थिति पर नजर रखने के लिए रेड क्रॉस और रेड क्रिसेंट सोसाइटीज के संपर्क में है।

खगोल विज्ञान | पृथ्वी से 124 प्रकाश वर्ष दूर है यह ग्रह, जीवन की भी संभावना

# बाहरी ग्रह में छिपा हुआ है एक गहरा महासागर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पानी वाले ग्रह की तलाश में एक गहरे महासागर वाले बाहरी ग्रह का पता चला है। यह ग्रह हमसे 124 प्रकाश वर्ष दूर है। संभव है कि इसमें जीवन भी मौजूद हो। इसे के2-18 बी मिनी-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट नाम दिया गया है।

नासा के वेब स्पेस टेलीस्कोप से इसका पता चला है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इसका वायुमंडल हाइड्रोजन का है, जिसके नीचे गहरा वैश्विक महासागर हो सकता है। इस एक्सोप्लैनेट में अणु डाइमिथाइल सल्फाइड जीवन के संभावित बायोसिग्नेचर की मौजूदगी की संभावना भी जताई है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हुई है। नए अध्ययन के अनुसार अधिक पानी के कारण इसे सूपर अर्थ कहा जा सकता है।



बाहरी ग्रह की प्रतीकात्मक तस्वीर।

वैज्ञानिकों का कहना है कि तरल पानी हमारे सौर मंडल समेत अन्य ग्रह प्रणालियों में प्रचुर मात्रा में है और अधिकांश पानी ग्रहों की सतह के बजाय उनके अंदर हो सकता है। नवीन तकनीक से किसी भी ग्रह पर जल की मात्रा का पता लगाने में सक्षम हो चुके हैं। स्विट्जरलैंड के ईटीएच ज्यूरिख, कैरोलिन डोर्न व न्यू जर्सी के प्रिंसटन विश्वविद्यालय के हैयांग लुओ व जी डेंग ने यह शोध किया है। शोध नेचर एस्ट्रोनॉमी में प्रकाशित हुआ है।

के2-18 बी मिनी-नेप्च्यून एक्सोप्लैनेट पृथ्वी की तरह चट्टानी हैं, लेकिन पृथ्वी से बड़ा ग्रह है। गौरतलब है हाल के वर्षों में हुई ग्रहों की खोज एहसास दिलाती है कि ग्रह जितना हमने सोचते थे उससे कहीं अधिक जटिल हैं। कई ग्रह अपने तारों के बेहद करीब हैं। दूर स्थित ग्रहों की तुलना में निकट स्थित ग्रहों का पता लगाना आसान होता है। उनमें से कई ग्रह इतने गर्म हैं कि उनकी सतहें पिघली हुई हैं।

### दूसरे ग्रहों तक जल्द पहुंचने का तरीका ढूंढना होगा

इसमें दो राय नहीं कि दूसरे ग्रहों की खोज खबर आसान होने लगी है और उनकी विस्तृत जानकारी भी हमें मिलने लगी है। मगर सबसे बड़ी चुनौती तक उन तक पहुचना है। अरबो खरबो किमी से भी अधिक दूरी पर ग्रहों का भरा पूरा संसार है। संभव है कि दूर के उन ग्रहों में जीवन मौजूद हो। मगर वहां तक जल्द कैसे पहुचा जाय।